रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹75,300 10 ग्राम
₹1,07,000 01 किलो
सेंसेक्स 79,402.29 −662.87
डॉलर 84.095 +0.026

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

कार्तिक कृष्ण पक्ष 11, संवत 2081 | रांची, सोमवार, 28 अक्टूबर 2024, वर्ष-25, अंक- 264, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 शुरूआती असफलता से गंभीर जल्द...



73,750 से 75,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है सोना

## धनतेरस के पहले सर्राफा बाजार में तेजी, सोना फिर 80 हजारी

एजेंसी

नई दिल्ली)। घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन तेजी नजर आ रही है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी मामूली तेजी का रुख बना हुआ है। सोने की कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज एक बार फिर 80 हजार का स्तर पार करके 80,440 रुपये से लेकर 80,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 73,750 से लेकर 75,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में मामूली तेजी आने के कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में इस चमकीली धातु की कीमत आज 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 80,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,750 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 80,290 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 80,340 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 73,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 80,290 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 73,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 80,290 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।



### कई राज्यों में सोने में दिख रहा उछाल

लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 80,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 73,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 80,340 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 73,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 80,440 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी आज सोने की कीमत में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 80,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सरार्फा बाजारों में 22 कैरेट सोना 73,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# मेरे पति जिंदा होते तो किसी की ऐसी हिम्मत नहीं होती



सीता ने रोते हुए कहा...

**मंत्री इरफान अंसारी को आदिवासी गांवों की महिलाएं गांव में घुसने भी नहीं देंगी**

**मैं ओडिशा से आई हूं तो इरफान अंसारी बताएं सोनिया गांधी जी कहां से आई हैं**

नवीन मेल डेस्क

**जामताड़ा।** जामताड़ा में बीजेपी प्रत्याशी सीता सोरेन ने रविवार को कहा कि हेमंत सरकार के मंत्री इरफान अंसारी मेरे बारे में लगातार अनाप-शनाप टिप्पणी कर रहे हैं। प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि नॉमिनेशन के ठीक बाद इरफान ने मुझपर अभद्र टिप्पणी की सारी हदें पार कर दी। उनकी भाषा से हमारी भावनाएं आहत हुई हैं। मैं रोष में हूं, इससे सभी आदिवासी महिलाओं में रोष है। मैं उन्हें माफ नहीं करूंगी। रोते हुए उन्होंने कहा कि आज मेरे पति जिंदा होते तो किसी की ऐसी हिम्मत नहीं होती। इरफान अंसारी कभी कह रहे हैं कि हम ओडिशा से आए हैं और झारखंड में क्या कर रहे हैं।

उनको यह भी बताना चाहिए कि केंद्र में उनकी पार्टी का नेतृत्व करने वालीं सोनिया गांधी कहां से आई हैं। क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुझे जानकारी मिली है कि महिलाओं को अपमानित करना इरफान का शगल है। उनको नहीं पता कि मैं किसी घर से ताल्लुक रखती हूं, मैं किनकी पत्नी हूं, मैं किनकी पुत्रवधू हूं। हमारे ससुर शिबू सोरेन ने जामताड़ा की धरती से ही आंदोलन की शुरूआत की थी। हमारे पति ने भी यहीं से आंदोलन शुरू किया था। उसके बाद बिहार से अलग होकर झारखंड राज्य बना। हमारे समुदाय की महिलाएं इन्हें माफ नहीं करेंगी और उनको आदिवासी गांवों की महिलाएं गांव में घुसने नहीं देंगी। पूरे क्षेत्र में इरफान अंसारी का विरोध शुरू हो चुका है। और उनके ऊपर मुकदमा भी दायर हो चुका है। जिससे डरकर अब वो सफाई दे रहे हैं कि मेरा वीडियो काट-छांटकर चलाया जा रहा है। डरकर इरफान अंसारी ने भी मेरे ऊपर झूठा मुकदमा दायर कर दिया है।

शेष पेज 11 पर

### वोट बैंक के आगे लाचार सीएम मां-बहन की रक्षा नहीं कर सकता : मरांडी



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को कहा कि यह तो बिल्कुल स्पष्ट हो चुका है कि हेमंत सोरेन लाचार और विवश हैं। वोट बैंक की खातिर वे किसी भी हद तक गिर सकते हैं। पार्टी भले अलग हो लेकिन सीता सोरेन उनकी भाभी हैं। उनके आंदोलनकारी भाई दुर्गा सोरेन की पत्नी हैं। झारखंड की एक महिला भी हैं। सीता सोरेन के बारे में जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी जिस घटिया शब्द का उपयोग करते हैं उसे हम प्रयोग नहीं कर सकते। यदि हेमंत सोरेन के दिल में थोड़ा सा भी स्वाभिमान है, तो इरफान अंसारी को मंत्रिमंडल से हटा देना चाहिए, जो एक महिला के बारे में, आंदोलनकारी की पत्नी और शिबू सोरेन की बहू और उनकी भाभी के बारे में इतने घटिया शब्द का प्रयोग करते हैं। इसके बाद भी हेमंत सोरेन चुप हैं और उनको मंत्रिमंडल से भी नहीं हटा रहे तो सोच सकते हैं कि उनसे झारखंड की मां बहनों की रक्षा कैसे हो सकती है। यहीं कारण है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध में झारखंड का ग्राफ देश में काफी ऊंचा है।

### यह भाजपा का नहीं झारखंड की हर मां-बहन का मुद्दा है : रवींद्र राय



भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र राय ने कहा हेमंत सरकार के मंत्री इरफान अंसारी नारी शक्ति का सम्मान नहीं कर सकते हैं। उन्होंने जिस प्रकार के शब्द का प्रयोग दो-तीन बार की विधायक रही सीता सोरेन के बारे में किया है, वह घोर निंदनीय है। सीता सोरेन स्व. दुर्गा सोरेन की पत्नी है। शिबू सोरेन की बहू हैं और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी हैं। राजनीति में अलग हो गईं तो इतनी घृणित बातें मुख्यमंत्री के सहयोगी करें। ऐसे गलत शब्द का प्रयोग करें और कहें कि यह तो बात-बात में हो गई। द्रौपदी ने एक शब्द का प्रयोग किया था कि अंधे का बेटा अंधा तो महाभारत हो गया था। उतनी बड़ी लड़ाई हिंदुस्तान में कभी नहीं हुई। आज उससे भी गंदे शब्दों का प्रयोग डॉ. इरफान अंसारी ने किया है। डॉक्टर इरफान अंसारी महाभारत को निमंत्रण नहीं दें। नारी का अपमान इस देश ने कभी स्वीकार नहीं किया। कभी बर्दाश्त नहीं किया। सीता के अपमान पर सोने की लंका जल गई। झारखंड की तो छोटी सी सत्ता है। यह बीजेपी का सिर्फ मुद्दा नहीं है। यह झारखंड की हर मां बहन का मुद्दा है।



*इस मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की ओर से झारखंड के मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, पुलिस महानिदेशक, उपायुक्त जामताड़ा व पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी कर तीन दिनों के अंदर जांच रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट मिलने के बाद आयोग की ओर से आगे की कार्रवाई की जाएगी।*

**- डॉ. आशा लकड़ा,** सदस्य, एनसीएसटी

# लड़ने से नहीं मिला झारखंड, भाजपा ने सहमति से इस राज्य को बनाया : रवींद्र

नवीन मेल डेस्क



▸ सच्चाई यह है कि जब तक लड़ते रहे, तब तक झारखंड नहीं बना

**रांची।** प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रवींद्र राय ने पदभार ग्रहण के बाद अपने रविवार को अपनी पहली प्रेसवार्ता में झामुमो और कांग्रेस पर करारा हमला बोला। कहा, झारखंड को भाजपा ने बनाया है और झारखंड को भाजपा ही बचाएगी, इसका नवनिर्माण भाजपा ही करेगी। भाजपा की राजनीतिक कोख से ही झारखंड का जन्म हुआ है। कुछ लोग आज भी भ्रम फैलाने के लिए कहते घुम रहे हैं कि लड़कर लिया है झारखंड। जबकि सच्चाई यह है कि जब तक झारखंड के लिए लड़ते रहे, तब तक झारखंड नहीं बना। झारखंड बनाने की जब सहमति हुई, तब झारखंड में लड़ाई समाप्त हो चुकी थी। उस वक्त झारखंड में आदिवासी, गैर आदिवासी अगड़ा, पिछड़ा, दलित की सीमा बनाकर झामुमो और कांग्रेस ने भेदभाव पैदा किया था। भाजपा ने उस भेदभाव को मिटाकर राज्य में आम सहमति बनाई। उसके बाद झारखंड का निर्माण हुआ। झारखंड में बेमनुष्यता की भावना 2000 के पहले भी जेएमएम-कांग्रेस करता था। इसलिए मैं आज बहुत जिम्मेदारी के साथ वैसे लोगों के उन दावों को खंडन करता हूं जो कहते हैं लड़के लिया झारखंड। उनके ऐसे कहने पर आज भी बिखराव और सामाजिक विभाजन की दुर्गंध निकलती है। ये लोग लाल खंड तक की बात करते थे। खेत खलियान तक लूटते थे। उससे मुक्त करके भाजपा ने अटल जी के शासन में झारखंड का निर्माण कराया था। उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास और न्याय भाजपा ही देगी।

शेष पेज 11 पर

## महंगाई पर अंकुश लगाने पर पूरी तरह विफल रही है केंद्र सरकार: हेमंत सोरेन

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि केंद्र सरकार लगातार बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। आवश्यक वस्तुओं, दवाइयों से लेकर रोजमर्रा की चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं। इस स्थिति में आम नागरिक की स्थिति दिन-प्रतिदिन मुश्किल होती जा रही है।सोरेन ने कहा कि झारखंड सरकार ने जब मंईयां सम्मान योजना के माध्यम से आम परिवारों को राहत देने का प्रयास किया, तो केंद्र सरकार तुरंत इसे रोकने के लिए न्यायालय पहुंच गई। यही सरकार उद्योगपतियों को अरबों-खरबों रुपये की सब्सिडी देते समय मौन साध लेती है लेकिन जनकल्याण की बात आते ही विरोध में खड़ी हो जाती है। झारखंड में ये जन-विरोधी नीतियों का क्रियान्वयन करना चाहते हैं। हेमंत सोरेन ने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम सामाजिक

शेष पेज 11 पर

## ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी ने पुतिन को भेंट की सोहराई पेंटिंग

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कजान में संपन्न 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2024 के दौरान रूस के राष्ट्रपति पुतिन को झारखंड की बेहद खास 'सोहराई पेंटिंग' भेंट की थी। झारखंड के हजारीबाग जिले की 'सोहराई पेंटिंग', इस क्षेत्र की स्वदेशी कलात्मक परंपराओं का एक सुंदर प्रतिनिधित्व है। सोहराई पेंटिंग को ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट) आइटम के रूप में मान्यता प्राप्त है। सोहराई पेंटिंग को प्राकृतिक रंगों और सरल औजारों के इस्तेमाल के लिए जाना जाता है। कलाकार अक्सर जटिल डिजाइन बनाने के लिए टहनियों, चावल के भूसे या उंगलियों से बने ब्रश का इस्तेमाल करते हैं। वे कला के जरिए, सरल लेकिन दिलचस्प, कहानी कहते हैं। सोहराई पेंटिंग पारंपरिक रूप से महिलाओं द्वारा बनाई जाती हैं, खासकर त्योहारों और फसल के मौसम के दौरान। यह कला फसल के लिए आभार का एक रूप है और माना जाता है कि

शेष पेज 11 पर

# बिरसा व पटेल की 150वीं जयंती देशभर में मनेगी

▸ डिजिटल अरेस्ट कानून में नहीं है, ये फ्रॉड है, फरेब है, झूठ है

▸ लोगों ने अपनी मेहनत के कमाए हुए लाखों रुपये गंवाए

ब्यूरो



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 115 वें एपिसोड में सरदार पटेल की दिवाली से और बिरसा मुंडा की 15 नवंबर से देशस्तर पर 150वीं जयंती मनाने की बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर आप मुझसे पूछें कि मेरे जीवन के सबसे यादगार पल क्या रहे, तो कितने ही वाकये याद आते हैं। लेकिन इसमें भी एक पल खास है। वो पल था जब पिछले साल मैं 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उनकी जन्मस्थली झारखंड के उलीहातू गांव गया। इस यात्रा का मुझपर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा। मैं देश का पहला प्रधानमंत्री हूं, जिसे इस पवित्र भूमि की मिट्टी को अपने मस्तक से लगाने का सौभाग्य मिला।

शेष पेज 11 पर

### डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था कानून में नहीं

इसके अलावा उन्होंने डिजिटल अरेस्ट जैसे फ्रॉड से बचने के बारे में बात की। लगातार बढ़ रहे डिजिटल अरेस्ट पर कहा, डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था कानून में नहीं है, ये सिर्फ फ्रॉड है, फरेब है, झूठ है, बदमाशों का गिरोह है और जो लोग ऐसा कर रहे हैं, वो समाज के दुश्मन हैं। डिजिटल अरेस्ट के नाम पर जो फरेब चल रहा है, उससे निपटने के लिए तमाम जांच एजेंसियां, राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। इन एजेंसियों में तालमेल बनाने के लिए नेशनल साइबर कोआर्डिनेशन की स्थापना की गई है। पीएम मोदी ने कहा, डिजिटल अरेस्ट के शिकार होने वालों में हर वर्ग, हर उम्र के लोग हैं। लोगों ने डर की वजह से अपनी मेहनत से कमाए हुए लाखों रुपए गवां दिए हैं। कभी भी आपको इस तरह का कोई कॉल आए तो आपको डरना नहीं है।

**डिजिटल अरेस्ट से बचने के तीन स्टेप :** प्रधानमंत्री ने कहा, मैं आपको डिजिटल सुरक्षा के तीन चरण बताता हूं। ये तीन चरण हैं- रुको सोचो-एक्शन लो।

शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

# पटाखों की होड से नहीं शुभकामनाओं से सजते हैं त्योहार



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

दीपावली उत्साह और खुशियों का पर्व है जिसका सभी लोगों को पूरे साल इंतजार रहता है। लोगों से मिलना, मिठाइयां और पटाखे इस त्योहार को काफी खास बनाते हैं। दीपावली मनाने के पीछे वैज्ञानिक कारण यह था कि बरसात के समय प्राचीन भारत के घरों में कीड़े मकोड़े और जीव जंतु घरों में जाले बना देते थे जिससे बीमार पड़ने की संभावना ज्यादा रहती थी जिस कारण यह घरों की सफाई का त्योहार बना जिसके बाद मिट्टी के दीयों में करंज के तेल से वातावरण को शुद्ध करने का प्रयास सामूहिक रूप से होता था जिससे घर ही नहीं आसपास का माहौल भी करंज के तेल के औषधीय गुणों से स्वच्छ हो जाता था और बरसात में घरों में घुस आए कीड़े मकौड़े दूर भाग जाते थे । आज भी गांवों की पारंपरिक दिवाली ऐसे ही मनाई जाती है । अनेक किसान अन्य दिनों में भी खेतों में भी थाली में जल रखकर दीप जलाते हैं ताकि हानिकारक कीड़े नष्ट हो जाएं। कहा जाता है कि भारत में पटाखे जलाने की शुरुआत इस्लामी साम्राज्यों के उदय के साथ-साथ हुई थी। अग्नि जलाने के क्रम में बारूद की उत्पत्ति 9वीं शताब्दी में चीन में हुई थी। पटाखे बनाने में इसका उपयोग बाद में शुरू हुआ लेकिन मंगोल चीन पर अपने हमलों के दौरान बारूद के उपयोग से परिचित हो गएथे इस तकनीक को मध्य एशिया, पश्चिम एशिया में वर्धमान भूमि और सुदूर पूर्व में कोरिया और जापान तक ले गए। जब मंगोलों ने भारत में प्रवेश करना शुरू किया था तो वह इस ज्वलंत तकनीक को अपने साथ लाए थे। फिर 13वीं शताब्दी के मध्य में उन्होंने इसे दिल्ली सल्तनत में पेश किया था। दिल्ली में लोगों ने पहली बार पटाखे जलाते हुए कब देखे इस बारे में मध्ययुगीन इतिहासकार फरिश्ता ने अपनी पुस्तक तारिख-ए-फरिश्ता (जिसे गुलशन-ए-इब्राहिमी भी कहा जाता है) उसमें मार्च 1258 में घटी एक घटना का जिक्र करते हुए लिखा है कि पहली बार पटाखों का इस्तेमाल मंगोल शासक हुलगु खान के दूत के स्वागत के लिए किया गया था। यह दिल्ली में सुल्तान नसीरुद्दीन महमूद के दरबार में हुआ था और इस अवसर के लिए 3,000 कार्ट लोड पटाखे (जिसे तब फारसी में सेह हजार अररादा-ए-आतिशबाजी भी कहा जाता था) लाए गए थे। ईस्ट इंडिया कंपनी के लेफ्टिनेंट कर्नल जो बाद में जाकर जनरल भी बने जॉन ब्रिग्स, जिन्होंने इस पुस्तक का अंग्रेजी में अनुवाद किया था, यह समझाने में असमर्थ थे कि फरिश्ता का आतिशबाजी से क्या मतलब है और उन्होंने फिर यह अनुमान लगाया कि यह मुहम्मद बिन कासिम और महमूद गजनी द्वारा इस्तेमाल की गई ग्रीक आग होगी। लेकिन प्रोफेसर इक्तिदार आलम खान




ने भारत में बारूद के उपयोग पर अपने ऐतिहासिक काम में तर्क दिया है कि इस आतिशबाजी लिखने से फरिश्ता का मतलब असली पटाखे जलाने वाला बारूद था। भारतीय मान्यताओं की बात करें तो पहले शादी व्याह में पटाखे इसलिए छोड़े जाते थे ताकि सभी को पता चल जाए कि शादी हो रही है जबकि कुछ शादियां चोरी छिपे होतीं थीं जिसकी अलग कहानियां हैं । पर आज दीपावली का मतलब पटाखों का वर्चस्व हो गया है जिस के जलाने से होने वाला प्रदूषण भी सेहत के लिए भी कई प्रकार की चुनौतियां खड़ी करता है। जिस कारण कई राज्यों में पटाखों को प्रतिबंधित किया गया है। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम पटाखों की अनुमति नहीं दे सकते, भले ही वे ग्रीन पटाखे हों, इससे प्रदूषण बढ़ने का खतरा रहता है।झारखंड में भी रात्रि 8 से दस के बीच ही पटाखे छोड़ने की अनुमति है ताकि बीमार,वृद्ध या बच्चों को कष्ट न हो । स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पटाखों को जलाने से होने वाला प्रदूषण कई प्रकार से हमारी सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। इससे सिर्फ फेफड़े ही नहीं हृदय, आंखों और कई अन्य अंगों की समस्याओं के बढ़ने का भी खतरा हो सकता है। जिन लोगों को पहले से ही सांस की समस्या है, उनके लिए मुश्किलें और भी बढ़ सकती हैं।पटाखों को जलाने से निकलने वाले धुएं में कई प्रकार के हानिकारक रसायन होते हैं जो पर्यावरण को प्रदूषित करके कई प्रकार की दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकते हैं। वायु प्रदूषण के कारण साल-दर-साल पृथ्वी का तापमान बढ़ता जा रहा है जिसके भी कई गंभीर दुष्प्रभाव हो सकते हैं।इसके अलावा प्रदूषित हवा के संपर्क में लंबे समय तक रहने वाले लोगों को अस्थमा, फेफड़ों और हृदय के रोग हो सकते हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए इस प्रकार के वातावरण को काफी नुकसानदायक माना जाता है।पटाखों को जलाने के कारण बढ़ने वाले प्रदूषण का असर हफ्तों तक बना रहता है। राजधानी दिल्ली में हर साल इसका असर देखने को मिलता रहा है। बच्चों को भी अपनी निगरानी में ही पटाखे छोड़ने की अनुमति देनी चाहिए । दीपावली उत्साह और खुशियों का पर्व है लोगों से मिलना, मिठाइयां और शुभकामनाएं देना इस त्योहार को यादगार बनाते हैं।

## तिरुपति के मंदिर व होटलों को बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी

**तिरुपति।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति में रविवार को दो होटलों और एक मंदिर को बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं। ये धमकियां आतंकवादी समूहों के नाम पर दी गई थीं। हालांकि, पुलिस ने बताया कि ये सभी धमकियां झूठी निकली हैं। यह लगातार तीसरा दिन था जब होटलों को धमकी भरे ईमेल मिले हैं। शहर के दो होटलों और वरदराज मंदिर को ईमेल के जरिए सूचना मिली कि उनके परिसर में बम हैं। होटलों और मंदिर के प्रबंधन ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने स्निफर डॉग्स और बम निरोधक दस्तों की मदद से परिसर की तलाशी ली, लेकिन कोई विस्फोटक नहीं मिला। धमकी भरे ये ईमेल डीएमके के पूर्व नेता जाफर सादिक और पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के नाम से मिले थे। इससे पहले शनिवार को दो होटलों के प्रबंधन को एक ईमेल मिला था, जिसमें कहा गया था कि होटलों में बम रखे गए हैं। पहली बार शहर के एक मंदिर को भी बम की धमकी मिली। सभी ईमेल में कहा गया था कि डीएमके के जाफर सादिक की हाल ही में गिरफ्तारी के कारण 'अंतर्राष्ट्रीय दबाव' बढ़ गया है।

**बेंगलुरु से अयोध्या आ रही फ्लाइट में बम की अफवाह**

**अयोध्या।** बेंगलुरु से अयोध्या आ रही अकाशा एयरलाइंस के फ्लाइट नंबर 1821 में बम की सूचना मिलने पर हड़कंप मच गया। महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर फ्लाइट के उतरने के पहले ही इमरजेंसी मीटिंग हुई। उसके बाद दोपहर 1:50 बजे फ्लाइट जैसे ही एयरपोर्ट पर उतरी, सुरक्षा कर्मियों ने तुरंत यात्रियों को निकाला और उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले गए।



## पिछले दो विस चुनावों में आमने-सामने थे, इस बार पार्टी बदलकर भी एक-दूसरे के खिलाफ मैदान में

# चंपाई सोरेन और गणेश महली : हम प्रतिद्वंद्वी हैं, प्रतिद्वंद्वी ही रहेंगे

**सरायकेला विस क्षेत्र**

- **मतदान की तिथि** : 13 नवंबर 2024
- **चुनाव परिणाम :** 23 नवंबर 2024

**त्रिभुवन कुमार सिन्हा**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में सरायकेला विधानसभा सीट सबके लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। पिछले दो विधानसभा चुनावों से सरायकेला विधानसभा सीट पर चंपाई सोरेन और गणेश महली आमने-सामने हैं। वर्ष 2014 और वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में चंपाई सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के टिकट पर चुनाव लड़े थे और गणेश महली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टिकट पर चुनावी मैदान में थे। दोनों चुनावों में चंपाई सोरेन विजयी हुए थे।

वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में ठीक उलटा हो गया है। चंपाई सोरेन भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं, तो गणेश महली झामुमो के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। यानी, चंपाई सोरेन और गणेश महली फिर आमने-सामने हैं, केवल पार्टी बदल गई है। गणेश महली टिकट नहीं मिलने पर भाजपा छोड़कर झामुमो में शामिल हो गए। उन्हें सरायकेला विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए झामुमो का टिकट भी मिल गया। इसे क्या कहा जा सकता है? शायद कविता की निम्न दो पंक्तियां इसे सही ढंग से बयां कर रही हैं -

**हम प्रतिद्वंद्वी हैं, हमेशा प्रतिद्वंद्वी ही रहेंगे,**
**इधर रहें या उधर रहें, प्रतिद्वंद्वी ही रहेंगे।**

सरायकेला विधानसभा क्षेत्र से चुनावी दंगल में भाजपा के चंपाई सोरेन और झामुमो के गणेश महली में कौन बाजी मारेगा, यह तो 23 नवंबर के चुनाव परिणाम से पता चलेगा। लेकिन, इस विधानसभा चुनाव में दोनों नेताओं की स्थिति कैसी रहेगी, इसे हम आंकड़ों से समझने की कोशिश करते हैं। वहीं, एक बात तो स्पष्ट है कि सरायकेला विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2005 से 2019 तक के चुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा और झामुमो के बीच ही हुआ है। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में चंपाई सोरेन ने 15,667 मतों से जीत हासिल की थी। चंपाई सोरेन को 1,11,554 वोट मिले थे, जबकि गणेश महली को 95,887 मत प्राप्त हुए थे। चंपाई सोरेन को कुल वोटिंग का 48.58 प्रतिशत प्राप्त हुआ था। गणेश महली को कुल वोटिंग का 41.76 प्रतिशत मत मिला था। चंपाई सोरेन के वोट में 03.18 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। वहीं, गणेश महली के वोट में 03.11 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

वर्ष 2014 के विधानसभा चुनाव में चंपाई सोरेन को 94,746 मत मिले थे, जबकि गणेश महली को 93,631 वोट प्राप्त हुए थे। इस तरह, चंपाई सोरेन ने 1,115 वोट से जीत हासिल की थी। चंपाई सोरेन को 45.40 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे। वहीं, गणेश महली को 44.86 प्रतिशत वोट मिले। चंपाई सोरेन के वोट में 07.06 प्रतिशत की वद्धि हुई, जबकि गणेश महली के वोट में 08.70 की बढ़ोतरी हुई थी।

इस तरह देखा जाए तो चंपाई सोरेन को वर्ष 2014 के मुकाबले वर्ष 2019 में 16,808 वोट ज्यादा मिले। वहीं, गणेश महली को वर्ष 2014 के मुकाबले वर्ष 2019 में 2,256 वोट अधिक प्राप्त हुए। यानी, पांच वर्षों में चंपाई सोरेन की लोकप्रियता गणेश महली के मुकाबले काफी ज्यादा बढ़ी। लेकिन, इसे वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में 100 प्रतिशत लागू करना उचित नहीं है, क्योंकि दोनों उम्मीदवारों ने पार्टी बदल ली है। जो भी हो, यह चुनावी मुकाबला दिलचस्प होने वाला है। अब झारखंड की जनता और राजनीति के पंडितों दोनों की नजरें 23 नवंबर 2024 को आने वाले चुनाव परिणाम पर टिकी हैं।


चंपाई सोरेन


गणेश महली

**बात सरायकेला की**

सरायकेला विधानसभा क्षेत्र सरायकेला-खरसावां जिले में आता है। वर्ष 2000 में यह झारखंड का 24वां जिला बना। पहले यह पश्चिमी सिंहभूम का हिस्सा था। सरायकेला-खरसावां जिले का मुख्यालय सरायकेला है। जिले में दो अनुमंडल और नौ प्रखंड हैं। इसका क्षेत्रफल करीब 2724.55 वर्ग किलोमीटर है। सरायकेला-खरसावां जिला पहाड़ो से घिरा और वनों से आच्छादित है। सरायकेला खरकई नदी के तट पर बसा है। जिले में कई महत्वपूर्ण खनिज मिलते हैं। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, सरायकेला-खरसावां जिले की आबादी 10,65,056 है। पुरुषों की संख्या 5,44,411 है। महिलाओं की संख्या 5,20,645 है। जिले की साक्षरता दर 68.85 है।

**निर्वाचन क्षेत्र संख्या : 51**

**विस क्षेत्र : सरायकेला (एसटी) कब कौन जीते-हारे**

| वर्ष | विजेता | दूसरे स्थान पर |
|---|---|---|
| 2019 | चंपाई सोरेन (झामुमो) | गणेश महली (भाजपा) |
| 2014 | चंपाई सोरेन (झामुमो) | गणेश महली (भाजपा) |
| 2009 | चंपाई सोरेन (झामुमो) | लक्ष्मण टुडू (भाजपा) |
| 2005 | चंपाई सोरेन (झामुमो) | लक्ष्मण टुडू (भाजपा) |

## हेमंत सरकार ने राज्य की जनता को धोखा दिया : संजय सेठ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में एनडीए गठबंधन की बैठक हुई। इसमें केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ एवं आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो, एनडीए प्रत्याशी हरे लाल महतो, सरायकेला खरसावां के जिला अध्यक्ष उदय सिंहदेव विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि ईचागढ़ विधानसभा से इस बार एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है। वर्तमान झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य की जनता के साथ धोखा दिया। यहां के लोगों को छलने का काम किया है। हेमंत सोरेन की सरकार ने यहां के युवाओं व किसानों को धोखा दिया है। यहां की महिलाओं के सम्मान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इस चुनाव में जनता झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं कांग्रेस की सरकार को सबक सिखाएगी।

## राज्यपाल से मिला भाजपा महिला मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल



**इरफान अंसारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की**

**रांची।** मंत्री इरफान अंसारी द्वारा सीता सोरेन के प्रति किए गए अभद्र टिप्पणी पर भाजपा महिला मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने जामताड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी इरफान अंसारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग किया। प्रतिनिधिमंडल में महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह, भाजपा प्रदेश मंत्री अनामिका जूही, सीमा शर्मा, डॉ राजश्री जयंती, रेणु तिर्की, नीलम चौधरी और अशोक बड़ाइक शामिल थे।

## भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने दिया पांच साल का हिसाब



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पंडरा स्थित फ्रेंड्स कॉलोनी में रविवार को समाज सेवी कृष्णा सिंह ने अन्य महिलाओं सहित विधायक प्रत्याशी नवीन जायसवाल का अभिनन्दन किया और उनके कार्यकाल में कॉलोनी में हुए उत्कृष्ट सड़क निर्माण जैसे विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया । महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, महामन्त्री जितेन्द्र वर्मा, मंडल अध्यक्ष सुबेश पांडे, विनय सिंह, महामंत्री सचिन साहू, लाल संजय नाथ शाहदेव, अभिषेक यादव बिद्धु, उमेश, नरेश, मंटू केसरी ,सुधीर सिंह, दीपक कुमार, आलोक ठाकुर, प्रणय गुप्ता, आशीष तिवारी और विनय ने विधायक द्वारा प्रस्तुत अपने पांच साल के कार्यों के लेखा जोखा का जोरदार तालियों से समर्थन किया। पंडरा मंडल के पूर्वी फ्रेंड्स कॉलोनी में आयोजित चुनावी बैठक में शामिल सभी ने एक स्वर से आगामी 13 नवंबर को मतदान करने का आश्वासन दिया।

### सीता सोरेन के अपमान व झारखंड सरकार की चुप्पी पर भाजपा ने उठाए सवाल

# अगर हेमंत सोरेन को शर्म है, तो मंत्री इरफान अंसारी को हटाएं : शिवराज

- **झारखंड में 7,400 दुष्कर्म के मामले, बहन-बेटियों की सुरक्षा पर शिवराज ने उठाए सवाल**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांग्रेस नेता और मंत्री इरफान अंसारी के सीता सोरेन पर विवादित बयान को लेकर भाजपा आक्रामक है। रविवार को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि झारखंड में बहन सीता सोरेन का अपमान हुआ है। उन्होंने झारखंड सरकार और मंत्री इरफान अंसारी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह बयान सरकार की महिला-विरोधी मानसिकता को दिखाता है। उन्होंने आगे कहा कि सीता सोरेन भाजपा की सम्मानित नेता हैं, और उनका अपमान झामुमो सरकार के महिला-विरोधी रवैये को उजागर करता है। गठबंधन सरकार पर निशाना साधते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सीता सोरेन स्व. दुर्गा सोरेन की पत्नी, शिबू सोरेन की बहू और हेमंत सोरेन की भाभी हैं। लेकिन हैरानी की बात यह है कि जिस सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन हैं, उसी सरकार का एक मंत्री उनकी भाभी का अपमान कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में भाभी को मां का दर्जा दिया गया है। श्री चौहान ने आगे कहा कि झारखंड की जनता जानती है कि रावण कौन है और यहां की कानून-व्यवस्था कैसी है। उन्होंने कहा कि राज्य में मां, बहनों और बेटियों का हर दिन अपमान हो रहा है। रुबिका और अंकिता जैसी लड़कियों के साथ हुई घटनाओं समेत राज्य में अब तक 7,400 दुष्कर्म के मामले सामने आ चुके हैं।

उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि हेमंत सरकार के मंत्री इरफान अंसारी ने सीता सोरेन के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर उनका अपमान किया है, अगर हेमंत सोरेन में जरा भी शर्म है, तो उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। लेकिन हेमंत सोरेन चुप बैठे हैं। अगर वह अपनी भाभी मां के सम्मान की रक्षा नहीं कर सकते, तो झारखंड की मां, बहन और बेटियों की रक्षा कैसे करेंगे? ऐसे व्यक्ति को पद पर बने रहने का कोई हक नहीं है।

शिवराज सिंह चौहान ने मन की बात कार्यक्रम को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सायबर क्राइम के खिलाफ तथ्य रखा, ताकि जनता साइबर क्राइम से बच सके। कई बार भोले-भाले लोग ठगे जाते हैं। प्रधानमंत्री के दिल की चिंता देखिए कि, वो स्वयं मन की बात के माध्यम से इसकी जानकारी दे रहे हैं। रूको सोचो और फिर एक्शन लो।




## इरफान अंसारी को तत्काल मंत्रिमंडल से हटाएं हेमंत सोरेन : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रविवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि अपने 'मन की बात' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई बातें बताई है। इस क्रम में दो महापुरुषों का जिक्र किया है। दोनों महापुरुषों की 150वीं जयंती शुरू हो रही है। इसमें एक सरदार वल्लभभाई पटेल और दूसरे भगवान बिरसा मुंडा हैं। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। उस दिन दिवाली भी है। इस बार सरदार पटेल की जयंती को और धूमधाम से मानना है। श्री मरांडी ने कहा कि 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती है। उनकी भी 150वीं जयंती प्रारंभ हो रही है। उसको भी पूरा देश में धूमधाम से मानना है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड में आज की जरूरत भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में सरकार बनाने की है, ताकि झारखंड को हम सब बचा सकें। आज झारखंड जिन लोगों के हाथों में है, दलाल और बिचौलियों के हाथ में झारखंड फंस चुका है। ये लोग सब कुछ लूटने में लगे हुए हैं। झारखंड को लुटेरों से, दलालों से, बिचौलियों से बचने के लिए यह चुनाव है।

## 72 वर्षों में एक बार ही मांडर में बीजेपी जीत पाई है विस चुनाव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

देश आजाद होने के बाद मांडर विधानसभा क्षेत्र अस्तित्व में आया। 1952 में मांडर में विधानसभा का चुनाव हुआ। इस सीट में पहली बार कांग्रेस पार्टी के टिकट पर सोमा भगत ने जीत हासिल किया था। वहीं भाजपा के अब तक केवल एक ही विधायक बने है। 2014 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर गंगोत्री कुजूर ने चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। यह पहली बार था कि मांडर विधानसभा में कोई भाजपा का विधायक बना हो। सबसे ज्यादा इस सीट से कांग्रेस का विधायक रहा है। 1952 से 2022 के हुए चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने आठ पूर्ण और एक उपचुनाव जीती है। इस बार भाजापा ने सनी टोप्पो को मैदान में उतारा है। मांडर की जनता का कहना है कि हर बार लोग यहां आते है चुनाव जीत के जाते है। इस बीच कई वादा भी करते है, लेकिन आज तक यहां की मूलभूत समस्याओं का कुछ भी नहीं हो पाया। 1952 में कांग्रेस के टिकट पर सोमा भगत, 1957 में झारखंड पार्टी से इग्निस कुजूर, 1962 में कांग्रेस से जहूर अली, 1967 में कांग्रेस से एस भगत, 1972 में कांग्रेस से कृष्ण भगत, 1977 में कांग्रेस से करमचंद भगत, 1980 में कांग्रेस से करमचंद भगत, 1985 में कांग्रेस से गंगा टाना भगत, 1990 में राष्ट्रीय जनता दल से करमचंद भगत, 1995 में झारखंड मुक्ति मोर्चा से विश्वनाथ भगत, 2000 में कांग्रेस से देव कुमार धान , 2005 में यूजीडीपी से बंधु तिर्की, 2009 में झाजमं से बंधु तिर्की, 2014 में भारतीय जनता पार्टी से गंगोत्री कुजूर, 2019 में झारखंड विकास मोर्चा से बंधु तिर्की और 2022 के उपचुनाव में कांग्रेस से शिल्पी ने तिर्की विधायक रहीं है।

### झामुमो नेता रामानंद बेदिया ने थामा आजसू का दामन

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले नेताओं को रूठने-मनाने और पाला बदलने का दौर चल रहा है। इस लिस्ट में अब खटट नेता रामानंद बेदिया का नाम भी शामिल हो गया है। रविवार 27 अक्टूबर को खटट नेता रामानंद बेदिया ने अपने समर्थकों के साथ आजसू पार्टी का दामन थाम लिया है। इस दौरान पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने माला पहनाकर रामानंद बेदिया का स्वागत किया। बता दें, रामानंद बेदिया खटट के जिला उपाध्यक्ष सह सिल्ली विधानसभा प्रभारी के रूप में कार्यरत थे। लेकिन विधानसभा चुनाव से ठीक पहले उन्होंने पाला बदलकर आजसू का हाथ थाम लिया है।

## हार देखकर अधिकारियों पर बेबुनियाद आरोप लगा रहा झामुमो : प्रतुल शाहदेव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि अपनी निश्चित हार को देखकर झामुमो इतनी बदहवास हो गई कि वह अब बहानों की श्रृंखला बना रही है। प्रतुल ने कहा कि आदतन हर बात के लिए जांच एजेंसियों को विपक्ष आरोप लगाता है लेकिन वो यह भूल जाती हैं कि ईडी ने एनडीए के शासनकाल में अब तक 1,30,000 करोड़ से ज्यादा की अवैध संपत्ति और राशि को जब्त किया है ।प्रतुल ने कहा कि राज्य के मुख्य निवार्ची पदाधिकारी पर आरोप लगाना घटिया राजनीतिक मानसिकता का परिचायक है। अभी चुनाव प्रचार पूरे तरीके से प्रारंभ भी नहीं हुआ और झामुमो के आरोपों की झड़ी शुरू हो गई। झारखंड मुक्ति मोर्चा यह सब दबाव के राजनीति के तहत कर रही है लेकिन चुनाव आयोग निष्पक्ष तरीके से काम करने के लिए जाना जाता है। प्रतुल ने कहा कि विडंबना देखिए कि इन्हीं की सरकार में ऊंचे पदों पर बैठे ईमानदार पदाधिकारी पर आरोप लगाकर अपनी विकृत सोच को दिखा रहे हैं। पांच वर्षों तक इन्हीं अधिकारियों ने इसी सरकार में काम किया। तब तक सब ठीक था लेकिन हार के बहाने भी तो खोजना है तो इन्हीं अधिकारियों पर बेबुनियाद आरोप लगाकर ध्यान भटकाने की कोशिश हो रही है।

प्रतुल ने कहा कि अब जासूसी उपन्यास की तर्ज पर झामुमो हेमंत सोरेन के प्रस्तावक की किडनैपिंग की कहानी बता रही है। उसमें भी आकरण झूठ बोलकर मुख्य निवार्ची पदाधिकारी का नाम घसीट रहे हैं।



**न्यूज | बॉक्स**

## विस चुनाव को लेकर वरीय पुलिस अधिकारियों ने की बैठक



**रांची।** झारखंड विधानसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा एवं पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) सुमित अग्रवाल ने अर्धसैनिक बल के पदाधिकारियों के साथ परिचयात्मक एवं समीक्षा बैठक की। इसमे विधानसभा चुनाव के शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित समापन पर परिचर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि सीएपीएफ के रहने की सुविधाओं का भी जायजा लिया जा रहा। साथ ही चुनाव मतदान के दौरान किसी तरह की परेशानी मतदाताओं की ना हो। कोई आपराधिक घटना या नक्सल घटना ना हो इस पर भी विशेष नजर रखी जाएगी।

## रांची में मतदाता जागरूकता को लेकर निकाली गई साइकिल रैली




**रांची।** आगामी विधानसभा को लेकर रांची जिला में स्वीप के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में स्वीप के तहत मोरहाबादी मैदान से मतदाता जागरूकता के लिए रांची शहर में साइकिल रैली निकाली गई। साईकिल रैली में कई बड़े अफसर शामिल हुए। इसमें मुख्य रूप से पुलिस उप महानिरीक्षक द.छो. क्षेत्र, रांची, अनूप बिरथरे, वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, चन्दन कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव एवं जिला स्तरीय तमाम पदाधिकारियों ने बढ़- चढ़ कर हिस्सा लिया। विदित हो कि मतदाताओं को जागरूक करने हेतु स्वीप के तहत कई कार्यक्रम करके मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा हैं।

## बाबूलाल मरांडी सहित कई प्रत्याशी आज करेंगे नामांकन

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी धनवार विधानसभा सीट से सोमवार को नामांकन करेंगे। इस अवसर पर भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी मौजूद रहेंगी। देवघर से नारायण दास और गिरिडीह से निर्भय कुमार शाहाबादी नामांकन करेंगे। इसमें भाजपा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान मौजूद रहेंगे। नाला से माधव चंद्र महतो और जामताड़ा से सीता सोरेन नामांकन करेंगे। मनोहरपुर से नवनीत हेंब्रम, शिकारीपाड़ा से परितोष सोरेन, दुमका से सुनील सोरेन, जामा से सुरेश मुर्मू, जरमुंडी से देवेंद्र कुंवर नामांकन करेंगे। इस अवसर पर चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा मौजूद रहेंगे। मधुपुर से गंगा नारायण सिंह और सारठ से रणधीर कुमार सिंह नामांकन करेंगे। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और सांसद निशिकांत दुबे मौजूद रहेंगे। पोड़ैयाहाट से देवेंद्र नाथ सिंह और महागामा से अशोक कुमार भगत नामांकन करेंगे।

**आज | कल**

**तीसरी आंख**




## हेमंत सोरेन के प्रस्तावक मंडल मुर्मू को अगवा करने का प्रयास : सुप्रियो भट्टाचार्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने चुनाव में लगे अधिकारियों पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के बरहेट से प्रस्तावक मंडल मुर्मू को अगवा करने की कोशिश की गयी। सुप्रियो ने झारखंड राज्य में पदस्थापित भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के उच्च पदस्थ अधिकारियों द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। भट्टाचार्य हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इन अफसरों ने चुनावी प्रक्रिया मे हस्तक्षेप करते हुए एक विशेष राजनीतिक दल (भाजपा) के पक्ष में आचांर संहिता का उल्लंघन का काम किया है। उन्होंने तीनों पदाधिकारियों को चुनाव कार्य से अलग करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में भारतीय निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखकर जानकारी दी गयी है।

साथ ही झारखंड मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, आईपीएस एवी होमकर और आईपीएस संजय आनंद लाटकर के खिलाफ आरोप लगाते हुए पत्र लिखा है। पत्र में पदाधिकारियों के जरिये पद का दुरुपयोग करते हुए चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करते हुए एक विशेष राजनीतिक दल (भाजपा) के पक्ष में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की बात कही गई है। साथ ही संपूर्ण तथ्यों की निष्पक्ष एवं गहनता से जांच कर उक्त पदाधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की जाये और तत्काल प्रभाव से उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया से विमुक्त करने की बात भी कही गई है। पत्र ने लिखा है कि वर्तमान में हेमंत सोरेन राज्य के मुख्यमंत्री भी हैं और झामुमो के स्टार प्रचारक भी हैं। हेमंत सोरेन के नामांकन को प्रभावित करने के लिए उनके प्रस्तावक जिस प्रकार प्रभावित किया गया, यह एक आपराधिक साजिश के साथ साथ आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है।



**क्या लिखा है पत्र में**

27 अक्टूबर को अपराह्न लगभग 1 बजे गिरिडीह पुलिस के जरिये वाहन जांच के क्रम में एक वाहन को रोका गया। इसमें कई व्यक्तियों के साथ मंडल मुर्मू जो हमारे साहेबगंज जिले के 03 बरहेट (अ.ज.जा) के अधिकृत प्रत्याशी हेमंत सोरेन के प्रस्तावक भी हैं, को रोका गया और उनसे उनके गंतव्य के बारे में पूछा गया। वाहन में सवार यात्रियों के जरिये कोई उत्तर ना दिए जाने के कारण वाहन को गिरिडीह पुलिस ने रोक लिया। इसके पश्चात राज्य मुख्य चुनाव अधिकारी रवि कुमार (आईएएस), संजय आनंद लाटकर (आईपीएस) और अमोल वेनुकांत होमकर के जरिये अपने पद और प्रतिष्ठा का दुरुपयोग कर गिरिडीह जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पर अनावश्यक दबाव बनाकर गिरिडीह पुलिस के संरक्षण में रहे वाहन को सभी यात्रियों के साथ आनन-फानन में मुक्त कर दिया गया।

### विस चुनाव में ड्यूटी कर रहे कर्मी करेंगे डाकपत्र से मतदान

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में आवश्यक ड्यूटी में रहने वालों अधिकारी और कर्मियों को पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा मिलेगी। इस संबंध में चुनाव आयोग ने अधिसूचना भी जारी कर दी है। साथ ही सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मियों को डाकपत्र के माध्यम से मतदान कराए। डाकपत्र के माध्यम से रेलवे परिवहन में लगे कर्मियी, मीडियाकर्मी, बिजली विभाग, बीएसएनएल,पोस्ट एंड टेलीग्राम, दूरदर्शन, स्वास्थ्य विभाग, एविएशन, अगिनशमन सेवा, ट्रैफिक पुलिस, एम्बुलेंस, जेल, एयरपोर्ट प्राधिकरण, पीआईबी से जुड़े अधिकारी व कर्मी मतदान कर सकेंगे।

# प्रदूषण व बाहरी खानों से बचें और खुशी के साथ मनाएं त्योहार : डॉ मृणालिनी

**रांची। इन दिनों झारखंड के मौसम से लोग काफी परेशान हैं। साथ ही, त्योहारों का भी वक्त चल रहा है। ऐसे में मुश्किलें थोड़ी ओर बढ़ गई है। मौसम की मार और दीपावली-छठ में पटाखों, बाहरी मिठाइयों व प्रदूषण से बचने के उपायों के बारे में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ मृणालिनी पांडे से संवाददाता काजल मेहता ने बात की। डॉ पांडे ने बिना किसी बीमारी के त्योहार का खुशी-खुशी परिवार के साथ आनंद लेने के कई नुस्खे दिए। उनका जोर परहेज बरतने और लापरवाहियों से बचने पर था। प्रस्तुत हैं डॉ मृणालिनी पांडे के साथ बातचीत के प्रमुख अंश।**

**बच्चों के पटाखा फोड़ते वक्त एक बड़ा व्यक्ति जरूर मौजूद रहे**

**प्रश्न :** बदले मौसम के कारण बच्चों और बुजुर्गों को सर्दी-जुकाम जैसी बीमारियां हो रही हैं। इससे बचने के लिए क्या किया जाए।

**उत्तर (डॉ मृणालिनी) :** ज्यादा से ज्यादा घर में रहें। बुजुर्गों को बदलते मौसम का असर ज्यादा होता है, क्योंकि उम्र के इस दौर में पुरानी बीमारियां भी इन्फेक्शन के कारण ताजा हो जाती हैं। सर्दियों के कारण पुराने दर्द भी ताजा हो जाते हैं। इसलिए खुद को गर्म और फ्रेश रखने की जरूरत है। घर का गर्म खाना और गर्म पानी का ही सेवन करें। बच्चों के लिए भी वैसी ही प्रक्रिया होगी। बच्चों को गर्म पानी पिलाएं और बाहर कम से कम जाने दें।

**प्रश्न :** घर की साफ-सफाई में महिलाएं लगी हुई हैं। बदलते मौसम का भी दंश झेल रही हैं। साफ-सफाई करने के दौरान निकल रहे धूल-गर्दा से महिलाओं के साथ-साथ परिवार के अन्य सदस्य भी बीमार पड़ रहे हैं। पर्व-त्योहार भी है, इस समय स्वास्थ्य को कैसे ठीक रखा जाए।

**उत्तर :** महिलाएं और परिवार के लोग घर की साफ-सफाई करते वक्त सावधानियां


डॉ मृणालिनी पांडे

बरतें। धूल साफ करते वक्त आंखों पर काला चश्मा और चेहरे पर फेस मास्क लगाएं, ताकि डस्ट (धूल) आंखों और मुंह में नहीं जाए। फेस मास्क पहनने और काला चश्मा लगाने से इन्फेक्शन और एलर्जी से बचाव होगा। घर की साफ-सफाई के वक्त बच्चों को धूल से दूर रखें।

**प्रश्न :** त्योहारों का समय चल रहा है। दीपावली पर मिठाई और पटाखे दोनों का आना तय है। मिलावटी मिठाइयों से बीमारी का डर है। पटाखों से एलर्जी होने का भय है। ऐसे में बिना बीमार पड़े त्योहार का आनंद कैसे लें?

**उत्तर :** बाजार की मिठाइयों का कम से कम सेवन करें। जिन्हें किसी तरह की बीमारी है या एलर्जी है, वे बाहर के खाना से पूरी तरह परहेज करें। पटाखे की आवाज और धुएं से होने वाली बीमारी से निजात का उपाय यही है कि कम से कम पटाखे फोड़े जाएं। बुजुर्गों एवं बच्चों के सामने तेज ध्वनि वाले पटाखे नहीं फोड़ें, तो बेहतर है। मार्केट में अब कई तरह के पटाखे आते हैं, जिसमें कम ध्वनि वाले पटाखे भी शामिल हैं। इन्हीं कम ध्वनि वाले पटाखों का इस्तेमाल करें। बच्चों को अकेला पटाखा नहीं छोड़ने दें। उनके पटाखे फोड़ते वक्त एक बड़ा व्यक्ति जरूर मौजूद रहे। इसी तरह की सावधानी बरतते हुए अच्छे स्वास्थ्य के साथ त्योहार मनाएं।

# दिवाली पर राजधानी में लोगों को लुभा रहे तरह-तरह के दीये

## घरकुंदा व डिजाइनर दीयों से सजा बाजार





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में धनतेरस व दिवाली की तैयारी जोरों पर है। बाजार सज चुका है। इस बार बाजार तरह-तरह डिजाइनर मिट्टी के दीये, घरकुंदा, लाइट व सजावट के सामान से गुलजार है। कुम्हारों ने अपने हाथों से रंग-बिरंगे दीये तैयार किए हैं। डिजाइनर घरकुंदा लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। वहीं दीये, ग्वालिन, हाथी-घोड़ा भी अपना अलग रंग बिखेर रहे हैं। दिवाली बाजार में दूर-दराज से आए लोग मोल-भाव कर इन्हें खरीद रहे हैं। साल भर के बाद आने वाला धनतेरस और दिवाली हिंदुओं का प्रमुख त्योहार है। दीपावली पर लोग दीये जलाकर धन की देवी माता लक्ष्मी की पूजा कर परिवार की खुशहाली की कामना करते हैं। बोकारो जिले के चंदनकियारी के प्रकाश कुंभार दिवाली पर पिछले 15 वर्षों से घरकुंदा बनाते आ रहे हैं। यह परिवार 150 किलोमीटर दूर से 5 अलग-अलग दिवाली आइटम लेकर राजधानी पहुंचा है। यहा बापू वाटिका के सामने इनलोगों ने दिवाली के सजावटी समान व दीयों के स्टॉल लगा रखा है है। प्रकाश कुंभार ने बताया कि यह उनका पुश्तैनी धंधा है। वह स्वरोजगार के जरिए अपने पुरखों की परंपरा को बनाए रखे हैं। बाकारो के नितय कुंभकार ने बताया कि रांची में उन्होंने पहली बार दीपावली पर अपना स्टॉल लगाया है। उनके स्टॉल पर हाथ से बना मिट्टी के गार्डन आइटम्स उपलब्ध हैं। इनमें डाइनिंग रूम सजाने वाले फ्लावर पॉट, गार्डन मे लगने वाले फाउंटेन आदि शामिल हैं। इस बार दिवाली पर पारंपरिक दीये लोगों को लुभा रहे हैं। कलश वाले दीये, महलनुमा डीजाइन वाले दीये, बालकनी की सजावट वाले दीये, मंदिर का डिजाइन की डिमांड अधिक है।

### छठ गीत कार्यक्रम का ऑनलाइन आयोजन

## कवियों ने छठ गीतों की दी प्रस्तुति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड भोजपुरी विकास केंद्र ने लोकआस्था का महापर्व छठ पर छठ - गीत कार्यक्रम का ऑनलाइन आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव व संचालन पूनम वर्मा ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ नीता शेखर के सरस्वती वंदना से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ जंग बहादुर पाण्डेय ने सभी कवियों - कवयित्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। वहीं छठ व्रत को स्वच्छता, सामूहिकता, एकता एवं लोक आस्था का पावन पर्व बताया। एक से बढ़कर एक पारंपरिक छठ गीतों की प्रस्तुति दी गई। संस्था के सचिव बिनोद सिंह गहरवार ने उपस्थित सभी का स्वागत किया। संस्था के अध्यक्ष निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव ने छठ पर्व के उद्‌गम एवं इसके महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित रचनाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। अर्पणा सिंह- चकुनी जे हथिया के दरदर अमरिया हे, सुनीता श्रीवास्तव- साँझ भइल छठी रहब रउआ कँहवा, आरती श्रीवास्तव- गरजी - गरजी देव बरिसे ले, रश्मी सिन्हा - केलवा के पात पर उगेलन सुरुज मल झांके - झुंके, सीमा सिन्हा मैत्री- सोने के खड़ौवा पहिरे आदित, डॉ. उर्मिला सिन्हा - केकरा घरे सोना के कटोरवा, केकरा घरे दूध, गीता चौबे गूँज- भोरे पराते रथवा सजवले, पूनम वर्मा - घर पछुअरवा सेनुरिया भइया हो, रीम्मी वर्मा - चारो पहर मइया जल - सेविला, मीरा सिंह- स्वर्ग से आवेली छठी मइया, वीणा पाण्डेय- पनिया में खाड़ तिवइया , संगीता सहाय- काँच ही बाँस के बहँगिया, लक्ष्मी सिंह केरवा जे फरेला, बिन्दु प्रसाद रिद्धिमा -पहिले - पहिले हम कइनी , रंजना वर्मा , निवेदिता श्रीवास्तव,जीत यादव, तथा हिमकर श्याम ने भी अपनी प्रस्तुती दी। धन्यवाद ज्ञापन संस्था के उपाध्यक्ष गीता चौबे गूंजा ने किया।



# तमाशा रेस्टोरेंट और बार में पुलिस की छापेमारी, दो गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी के बार व रेस्टोरेंट में जुआ और नशाखोरी का खेल जारी है। ऐसे में रांची पुलिस लगातार प्रयासरत है कि ऐसे आरोपियों और बार रेस्टोरेंट पर नकेल कसा जा सके। इसी बीच कोतवाली डीएसपी ने तमाशा रेस्टोरेंट और बार में छापेमारी कर जुआ के अड्डे का खुलासा किया है। छापेमारी में दो लोगों की गिरफ्तारी हुई है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है। 26 और 27 अक्टूबर को कोतवाली थाना के गश्ती ड्यूटी के दौरान कचहरी रोड में स्थित तमाशा बियर-बार के आस-पास के लोगों ने देर रात शिकायत की। वहीं कहा कि बियर-बार से तेज आवाज में लाउडिस्पीकर पर अभद्र गाना बजाया जा रहा है। इससे आम लोगों को कठिनाई हो रही है। इस सूचना को गश्ती दल ने वरीय पदाधिकारी को अवगत कराया। वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली प्रकाश सोय के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। वहीं तमाशा बियर-बार एवं उसके ऊपर स्थित तमाशा रेस्टो-बार/ होटल में छापेमारी किया गया। छापेमारी टीम ने बार और रेस्टोरेंट को घेराबन्दी कर छापेमारी व तालाशी किया गया। इस दौरान तमाशा रेस्टो बार / होटल के कमरे में जोर-जोर से अभद्र गाना बजाते हुए कुछ लोग नशा (शराब पीते) करते हुए ताश/जुआ खेलते देखा गया। छपामारी टीम ने मौजूद सभी को पकड़ा। वहां से एक सैम्संग कम्पनी का पार्टी साउण्ड सिस्टम, ताश का पत्ता, नोट बुक, शराब की बोतल खाली व भरा हुआ पाया गया। पकडे गए आरोपियों के नाम अनिल चन्द्र मंडल, सचिन कुमार, रमेश कुमार शर्मा, मनोज कुमार पंडित बताया गया। चारों आरोपी रांची के रहने वाले हैं।

### मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा

## गो सेवा व फ्री आई चेकअप शिविर का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा द्वारा क्रिस्टल वैली अपार्टमेंट शिव दुर्गा मंदिर लेन रातू रोड में डॉ लाल पैथ लैब्स के सौजन्य से 12 महीने 12 निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के अन्तर्गत सातवे शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बुजुर्गों का निःशुल्क आई चेकअप कराया गया। इस शिविर से 20 से अधिक लोग लाभान्वित हुए। इस शिविर के आयोजन के लिए स्वास्थ्य प्रभारी कोमल झुनझुनवाला, संयोजिका आशा सर्राफ ने बहुत अच्छे से तैयारी की थी। इसके अलावा शाखा ने हरमू रोड गौशाला में गौ सेवा भी की , गौ सेवा प्रभारी आशा संथौलिया, डॉली बंसल ने तैयारियां की, गौ माता को चारा, घास, एवं सब्जिया खिलाई गई । मौके पर अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, पूजा अग्रवाल, डॉली बंसल आशा ,कविता जालान उपस्थित थी। स्वास्थ्य सेवा के कार्यक्रम मे अध्यक्ष विनिता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, कोमल झुनझुनवाला उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

## हथियार के साथ पुलिस ने एक सप्लायर को किया गिरफ्तार

**रांची।** लोअर बाजार थाने की पुलिस ने हथियार के साथ एक सप्लायर को रविवार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम मुज्जफेर अंसारी उर्फ लड्डन है और वह कांटाटोली सुल्तान लेन का रहने वाला है। उसके पास से पुलिस ने देसी कट्टा के अलावा दो गोली बरामद की है। बताया जा रहा है कि रविवार को लोअर बाजार थाने की पुलिस से कांटाटोली चौक पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक युवक संदिग्ध नजर आने पर पुलिस ने उसे रूकने को कहा। मगर वह भागने लगा। खदेड़ कर पुलिस की टीम ने उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास हथियार बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह हथियार खरीद-बिक्री का काम किया करता है। पुलिस आरोपी से लगातार पूछताछ कर रही है।

# दीपावली में शहर हुआ जगमग गांव में अभी भी है अंधेरा

- एक दशक पहले लगी सभी स्ट्रीट लाइट खराब
- बिजली के जर्जर तारों से पटा है चचकपी पंचायत





**नवीन मेल संवाददाता। रांची/बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड क्षेत्र के चचकपी पंचायत में चार गांव हैं। ये गांव चचकपी, चन्गनी, डुरू और गाड़्हा टोली हैं। इन गांवों में दस वर्ष पहले स्ट्रीट लाइट लगी थी। एक वर्ष बाद ही सब खराब हो गए। तबसे लेकर अभी तक न तो स्ट्रीट लाईट की मरम्मती हुई है ना ही बदला गया। किसी प्रकार की शिकायत निवारण के लिए बेड़ो पावर सबस्टेशन में फोन किया जाता है तो वहां के कोई पदाधिकारी फोन नहीं उठाते हैं।

इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने चचकपी पंचायत की मुखिया पार्वती मिंज से सवाल पूछा कि दीपावली प्रकाश का पर्व है। इस बार गांवों में दीपावली पर स्ट्रीट लाइट का क्या हाल है? उन्होंने बताया कि स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए सरकार ने कोई फंड नहीं दिया था। ग्राम सभा में पास योजनाएं ब्लॉक स्तर पर अस्वीकृत भी हो जाती है। उन्होंने बताया कि इस पंचायत के चारों गांवों के बिजली के तार जर्जर हो गए हैं। कुछ पोल गिरने के कागार पर हैं। बिजली की आंखमिचौली से परेशान है, 24 घंटे में पांच से छह घंटे बिजली रहती है।

जब संवाददाता ने बेड़ो पावर सबस्टेशन में फोन किया तो बेड़ो पावर स्टेशन के एसबीओ शिशिर तिर्की ने बताया कि बीस से इक्कीस घंटे विद्युत आपूर्ति होती है। वहीं तीन दिनों का एवरेज विद्युत आपूर्ति पूछने पर मौसम का हवाला दिया और कहा कि खराब मौसम है, इसलिए ज्यादा शट-डाउन लेना पड़ रहा है।

# न्यूज बॉक्स

## दीपशिखा का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला



**रांची।** राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से रविवार को राज भवन में दीपशिखा, बाल विकास एवं मानसिक स्वास्थ्य संस्थान (पुरश्री की एक इकाई) का एक शिष्टमंडल प्रियंका जालान के नेतृत्व में भेंट की। इस अवसर पर शिष्टमंडल ने राज्यपाल को दीपशिखा द्वारा मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। राज्यपाल ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों के हित में समर्पित रूप से कार्य करना अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को समाज के सभी वर्गों से निरंतर प्रोत्साहन और सहयोग की आवश्यकता है, ताकि वे जीवन में आत्मनिर्भरता प्राप्त कर सकें।

## सेल ने प्रभातफेरी के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का किया शुभारंभ




**रांची।** सेल रांची इकाइयों ने प्रभातफेरी के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह अभियान के हिस्से के रूप में, सेल की रांची स्थित इकाइयों के सतर्कता विभाग ने ईमानदारी और भ्रष्टाचार मुक्त कार्य वातावरण को बढ़ावा देने के लिए इस प्रभात फेरी का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत इडी (सीईटी) एसके वर्मा, ईडी (एसटीडीटी) वेद प्रकाश एवं मुख्य महाप्रबंधक (एसएसओ) एस वशिष्ठ ने गुब्बारे छोड़कर शुरूआत की। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन विशाल सिन्हा महाप्रबंधक (सतर्कता) और एसीवीओ की देखरेख में हुआ। सेल के कर्मियों ने कार्यस्थल में पारदर्शिता और सतर्कता के लिए प्रतिबद्धता प्रदर्शित किया।

## नशा कारोबारियों के खिलाफ पिठोरिया पुलिस ने की कार्रवाई




**रांची।** पिठोरिया पुलिस ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर वरीय पुलिस अधिकारियो के निर्देश पर नशा कारोबारियों के खिलाफ अभियान चला रही है। इसी क्रम में रविवार की सुबह थाना क्षेत्र के इचापिड़ी में देसी शराब की भट्टी को नष्ट किया। मौके पर 300 किलो महुआ जावा भी नष्ट किया। पिठोरिया थाना की पुलिस ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष हो इसके लिए नशा कारोबारियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पिठोरिया पुलिस लगातार क्षेत्र में अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है, और आगे भी करते रहेगी।

## धुर्वा डैम से मिली युवती की लाश




**रांची।** राजधानी के धुर्वा डैम से रविवार की सुबह एक युवती की लाश मिली। बता दे युवती की पहचान रेशमा परवीन डोरंडा निवासी के रूप में हुई। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों ने शव को पानी में तैरता हुआ देखा था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला। युवती की जींस की पॉकेट से आधार कार्ड मिला। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। साथ ही पुलिस ने युवती के परिजनों से संपर्क कर उन्हें जानकारी दे दी है। हालांकि अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है कि युवती ने आत्महत्या की है या उसकी हत्या हुई है। जांच के बाद ही कारणों का पता चल पाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बिना पुख्ता बिल के सामान लेने वाले मिठाई दुकानदारों की अब खैर नहीं

**रांची।** राजधानी रांची में नकली मिठाई या बिना किसी पुख्ता जानकारी के सामान लेने वाले मिठाई दुकानदारों की अब खैर नहीं है। दरअसल रांची जिला के खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सुबीर रंजन ने दुकानों में जाकर मिठाई और अन्य सामानों की जांच की। कई सैंपल भी कलेक्ट किया और जांच के लिए भेजा। उन्होंने सभी मिठाई दुकानदारों को कड़े निर्देश दिए हैं कि गुणवत्तापूर्ण समान ही बेचे और ऐसे किसी भी दुकान या एजेंट से सामान ना खरीदे जिसका कोई पुख्ता बिल या सर्टिफिकेट उसके पास ना हो। यदि मिठाई दुकानदार गलत करते हैं तो उनका सामान जब्त कर उन पर कार्रवाई की जायेगी। यह निर्देश उन्होंने तब दिया जब दीपावली के अवसर पर उन्होंने अलग-अलग दुकानों में छापेमारी की और मिठाई व अन्य सामानों की जांच की। हालांकि खाद्य सुरक्षा की टीम के साथ एक दिक्कत है कि झारखंड राज्य में मात्र तीन ही लेबोरेटरी वाहन है जिसके कारण उसे साथ में लेकर चलने में काफी दिक्कत हो रही है। लैबोरेट्री वैन नहीं होने के कारण ऑन द स्पॉट जांच नहीं हो पा रही है। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा पर सुबीर रंजन ने कहा कि सभी दुकानदारों को निर्देश दिया गया है कि जो मानक हैं उस पर खरा उतरें।

### कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस 2024 का समापन

## देश के कई प्रख्यात चिकित्सक हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने 24 से 27 अक्टूबर तक कोल मेडिकल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया था। कॉन्फ्रेंस में कोल इंडिया की विभिन्न सहायक कंपनियों के 300 से अधिक डॉक्टर शामिल हुए। सम्मेलन का विषय 'स्वास्थ्य प्राथमिकताएं - वर्तमान और भविष्य' था। यह सम्मेलन राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति के कई प्रतिष्ठित वक्ताओं की उपस्थिति में हुआ। सम्मेलन में कोलकाता, दिल्ली, गुरुग्राम, हैदराबाद, फरीदाबाद आदि के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ चिकित्सकों के व्याख्यान शामिल थे । सम्मेलन में कोल इंडिया की विभिन्न सहायक कंपनियों के डॉक्टरों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न श्रेणियों में कुल 49 रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए गए। इसमें फ्री पेपर - 06 प्रविष्टि, केस प्रजेंटेशन - 25 प्रविष्टि, चेयरमैन अवॉर्ड- 06 प्रविष्टि, डीएनबी सेशन - 12 प्रविष्टि चयनित हुए थे। डीएनबी श्रेणी में पहला पुरस्कार डॉ शिखा भारद्वाज, दूसरा डॉ विकसित जयपुरियार, तीसरा डॉ महेश धनगर को दिया गया। फ्री पेपर में प्रथम पुरस्कार डॉ गौरव कुमार, दूसरा पुरस्कार डॉ पायल वेद्य को दिया गया। चेयरमैन्स अवॉर्ड में प्रथम पुरस्कार डॉ नीता प्रकाश और कंसोलेशन प्राइज डॉ रितेश काले को दिया गया। केस रिपोर्ट की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार डॉ देवी दास, द्वितीय पुरस्कार डॉ नेहा रानी और डॉ खुशबू शरण को मिला जबकि तीसरे स्थान पर डॉ मोहना मंडल और कंसोलेशन प्राइज डॉ मोहम्मद शाहिद कादरी को दिया गया। डॉ भरत सिंह ने समारोह के अंत में सभी प्रतिभागियों एवं विषय विशेषज्ञों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एटीएम कार्ड चुराकर साइबर ठगों ने निकाल लिये तीन लाख

**रांची।** साइबर ठग अब एटीएम कार्ड चुराकर खाते से राशि की निकासी कर रहे हैं। ताजा मामला डोरंडा थाना क्षेत्र का है। परासटोली के रहने वाले मो समीउर रहमान का एटीएम कार्ड चुराकर उनके खाते से तीन लाख रुपए की अवैध निकासी कर ली गई है। इस संबंध में मो समीउर रहमान ने डोरंडा थाने में शनिवार को प्राथमिकी दर्ज करायी है। मो समीउर रहमान ने पुलिस को बताया कि वह पांच अक्तूबर को केनरा बैंक के एटीएम में कार्ड को एक्टीवेट करने के लिए गया था। एक्टीवेट के बाद वह उसी एटीएम से पांच सौ रुपए की निकासी की। राशि की निकासी करने के बाद वह कार्ड एटीएम में भूल कर अपने घर आ गए। कुछ देर बाद गए तो कार्ड नहीं था। गार्ड से पूछने पर वह बैंक जाने को कहा।

# श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में कार्तिक कृष्ण पक्ष की रमा एकादशी आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कार्तिक कृष्ण पक्ष की रमा (रम्भा) एकादशी का मान 28 अक्टूबर सोमवार को है। आज ही के दिन गोधूलिव्यापिनि गोवत्सद्वादशी क व्रत भी मनाया जायेगा। इस द्वादशी युक्त एकादशी का महत्त्व कई गुणा अधिक है। इस पुण्य अवसर पर परात्पर ब्रह्म परमात्मा भगवान श्रीमन्नारायण का सविधि पूजनोपरांत श्रुति की ऋचाएं इत्यादि मंत्रों के साथ महाभिषेक होगा। फिर श्रृंगार, महाआरती, नैवेद्यादि के बाद विशेष महामंत्रों और स्तोत्रों से स्तुति होगी। यह एकादशी तिथि का व्रत श्रीकृष्ण, हरि प्रीति का जनक तथा तपस्वियों का श्रेष्ठ तप है। जैसे देवताओं में श्रीमन्नारायण, देवियों में प्रकृति श्रीलक्ष्मी, वैष्णवों में शिवजी श्रेष्ठ हैं, उसी प्रकार व्रतों में यह एकादशी


एकादशी व्रत देवताओं के लिये भी दुर्लभ है

व्रत श्रेष्ठ है। यह सबों के लिये सदा पालनीय व्रत है। एकादशी के दिन भात न खाना चाहिए। एकादशी के दिन सभी पाप चावल का आश्रय लेकर रहते हैं। दशमी युक्त एकादशी का व्रत कभी नहीं करना चाहिए, नहीं तो लक्ष्मीजी दारूण शाप देकर घर से निकल जाती है। दशमी के दिन में एक बार भोजन करें। रात में कुश की चटाई पर अकेला शयन करें और एकादशी के दिन ब्रह्ममुहूर्त में उठकर प्रातःकालिक कार्य करके फिर भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर की प्रसन्नता के उद्देश्य से व्रतोपवास का संकल्प लेकर अष्टोतर शतनाम की और श्रीविष्णु सहस्त्रनाम की अर्चना करें। नैत्यिक पूजन करके षोडषोपचार शास्त्रीय विधि से पूजन करें। भगवान की प्रीति के लिए हुण्डी (अक्षय पात्र) में चढ़ावा डालें। डण्डवत प्रणाम आदि निवेदन करके भगवान् से मंगल प्रार्थना करें और कहें कि मेरे द्वारा किये गये व्रत का उत्तम फल अक्षय हो।

## बीआईटी मेसरा में ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता पर चर्चा

**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी), मेसरा के वास्तुकला और योजना विभाग की ओर से- कुशल ऊर्जा भवन डिजाइन और ऊर्जा सिमुलेशन प्रशिक्षण, अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम (एसटीटीपी), के तहत रविवार को- ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता, पर चर्चा की गई, जिसमें कुशल ऊर्जा इमारतों के डिजाइन के लिए मानकों और दिशानिर्देशों के बारे में बताया गया। दूसरे सत्र में इमारतों के ऊर्जा प्रदर्शन के सिमुलेशन में अनिश्चितता और संवेदनशीलता विश्लेषण के अनुप्रयोग और ऊर्जा सिमुलेशन और प्रथाओं पर एक प्रस्तुति दी गई। इसके बाद टाटा पावर सोलर की ओर से एक प्रस्तुति दी गई। मौके पर ऊर्जा दक्षता और स्थिरता पर एक पैनल चर्चा हुई, जिसका संचालन वास्तुविद् आशुतोष कुमार ने किया।

### भाजपा छोड़कर कांग्रेस में गए लोगों ने की घर वापसी, कहा
# धोखे से कांग्रेस में कराया गया था शामिल

*लापुंग प्रखंड के ककरिया में 21 लोगों ने भी थामा कांग्रेस का हाथ*



**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** लापुंग प्रखंड के गटेया टोली में आयोजित भाजपा की जनसभा के दौरान भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो की अगुवाई में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में गए लोगों ने घर वापसी की। इस दौरान लोगों कहा कि धोखा से बाकाकेरा बुलाकर कांग्रेस में शामिल कराया गया। हम सभी पूरी तरह से भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो के ईमानदार छवि, कुशल व्यवहार एवं मेहनतकश संघर्ष शील व्यक्तित्व को देखकर भाजपा में वापसी कर गए हैं और भविष्य में भी भाजपा से जुड़े रहेंगे। भाजपा में शामिल होने वालों में दोलैचा कांग्रेस के पंचायत अध्यक्ष अजय साहु , मुनेश्वर साहु, रविन्द्र साहु, राजेन्द्र साहु, दुर्गा राय, कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष गणेश साहु, मंगल उरांव, नितेश साहु, जलेश्वर सिंह, रोशन आईंद, विजय सिंह, एतवा बैठा, कृष्णा उरांव सहित कई लोगों ने भाजपा का दामन थाम लिया। सभी लोगों ने कहा कि सदान खासकर हिंदु विरोधी ताकतों ने अब हिंदुओं को तोड़ने और अपने पक्ष में लाने के प्रयासों में जुटी है। सन्नी टोप्पो ने कहा कि हार की डर से बाबा और बेबी हिंदुओं के शरण में आ रहें हैं। लेकिन इस बार उनका कोई उपाय काम नहीं करेगा। इस बार परिवर्तन की लहर स्पष्ट दिखाई दे रही है। इस मौके पर मुख्य रूप से जुनियर वैद्य खिलेश्वर सिंह खेरवार, अरुण कुमार सोनी, भाजपा नेता चरकु साहु, संदीप साहु, नंदलाल साहु, जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो, रामनारायण भगत, भाजपा के मंडल अध्यक्ष हरिमोहन साहु, श्यामा सिंह, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष दुःखहरण सिंह, जितेंद्र पाल सिंह, आजसू के प्रखंड अध्यक्ष राजकिशोर उरांव, समाजसेवी बिरसा मुंडा सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता एवं सैकड़ो ग्रामीण मौके पर मौजूद थे।

वहीं दूसरी ओर मांडर विधानसभा क्षेत्र की कांग्रेस प्रत्याशी और वर्तमान विधायक, शिल्पी नेहा तिर्की के नेतृत्व और व्यक्तित्व से प्रभावित होकर, लापुंग प्रखंड के ककरिया ग्राम में 21 लोगों ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया है। इस सामूहिक जुड़ाव से कांग्रेस पार्टी को मांडर क्षेत्र में और अधिक मजबूती मिलेगी, जिससे क्षेत्र के विकास के कार्यों को नई दिशा और गति मिलेगी। शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि यह जनता का उनके प्रति विश्वास और उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों का ही परिणाम है। उन्होंने नए साथियों का कांग्रेस परिवार में स्वागत करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि पार्टी उनके हर सुख-दुख में साथ खड़ी रहेगी और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ता और क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक भी मौजूद थे, जिन्होंने सभी नए सदस्यों को शुभकामनाएँ दीं और पार्टी के प्रति उनकी आस्था को सराहा कांग्रेस का हाथ थामने वालों में गोपाल साहू, गोपी राम, खांदू साईं, प्रभात कुमार, भोला उरांव, रंजीत दास, खेतन साहू, बहुरन साहू, ममता देवी, रूपा देवी, टीना देवी, मुकेश कुमार, वीरेंद्रचंद्र साहू, तुलसी साहू, सत्यजीत साहू, रबल खान, जलील साईं, असलम मियां, मुमताज खान, अजय साहू, सुमित कुमार, मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहें। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता बेड़ो प्रखंड के उप प्रमुख मुदस्सिर हक,संतोष तिर्की, देवेंद्र वर्मा, मनिंदर लोहरा, अरुण कुमार तिग्गा, बल्लू उरांव, विकास तिग्गा, एतवा उरांव, जितेंद्र उरांव, महात्मा राम, चमरू उरांव आदि उपस्थित थे।

### स्वीप के तहत हेल्थ क्लब में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**खूंटी।** स्वीप के तहत रविवार को हेल्थ क्लब खूंटी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया और मतदान के महत्व की जानकारी दी गई। आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को चुनाव की महत्ता के बारे में जागरूक करना और मतदान के प्रति उनकी रुचि बढ़ाना था। मौके पर राइफल शूटिंग क्लब द्वारा मतदान के महत्व, वोट देने का अधिकार और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के बारे में संदेश दिया गया। उपस्थित लोगों को लोकतंत्र की शक्ति और हर एक वोट की अहमियत के बारे में जागरूक किया गया। सभी से अपने अभिभावकों और अपने आसपास के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने को कहा गया। मौके पर सभी ने मतदाता प्रतिज्ञा भी ली और से 13 नवंबर को मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की अपील की गई।

## न्यूज | बॉक्स

### सिल्ली से देवेंद्रनाथ महतो आज करेंगे नामांकन



**सिल्ली।** राज्य के विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दल रेस में है। इस बीच नई नवेली बनी राजनीतिक पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा भी तेजी से उभर रहा है। संगठन ने अब तक कुल 74 विधानसभा प्रत्याशियों को फील्ड में उतार दिया है। केंद्रीय अध्यक्ष जयराम कुमार महतो ने डुमरी और बेरमो विधानसभा क्षेत्र से लड़ने का ऐलान किया है। वहीं संगठन के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो आज सोमवार को सिल्ली विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। संगठन के रांची जिला महासचिव विमल महतो ने बताया कि भव्य नामांकन रैली निकाला जाएगा। नामांकन रैली के रूट चार्ट निर्देशानुसार राहे,सोनाहातु और अनगड़ा के लोग टुटकी मैदान सिल्ली में मिलेंगे। वहीं राज्य के अन्य जिला से आने वाले संगठन के पदाधिकारी और जनसाधारण ईईएफ मैदान टाटिसिलवे में जुटान तय होगा। तत्पश्चात मोरहाबादी मैदान से पदयात्रा रैली करते हुए समाहरणालय परिसर रांची में प्रवेश करेंगे। सिल्ली प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो के अधिवक्ता सष्टी रंजन ने कहा कि सोमवार को नामांकन कुल चार सेट में दाखिल करते हुए पूर्ण संपन्न किया जाएगा।

### तेजपुर असम के 17 सदस्यीय तीरंदाज सिल्ली पहुंचे



**सिल्ली।** सशस्त्र सीमा बल तेजपुर असम के 17 सदस्यीय तीरंदाजी टीम सिल्ली स्थित बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी केंद्र सिल्ली में एक महीने के लिए एडवांस ट्रेनिंग कैंप में भाग लेने के लिए सिल्ली पहुंचे जिसमें सभी तीरंदाज आगामी माह में होने वाले ऑल इंडिया पुलिस आर्चरी चैंपियनशिप नोएडा दिल्ली में आईटीबीपी द्वारा आयोजित किया गया है। जिसके लिए असम पुलिस टीम के सभी तीरंदाज सिल्ली में एक महीने अभ्यास करेंगे। वही बिरसा मुंडा तिरंदाजी के अध्यक्ष नेहा महतो ने उनका स्वागत किया।

### खुली नाली दे रही है दुर्घटना को आमंत्रण गड्ढे में गिर कई लोग हो रहे चोटिल



**रांची।** हरमू रोड शनि मंदिर से पहाड़ी मंदिर जाने की सड़क पर कई दिनों से खुली नाली दुघर्टना को आमंत्रण दे रही है। इस खुली नाली के पास तीखा मोड़ है। घुमावदार जगह पर खुली नाली में प्रतिदिन कई लोग गिरते हैं। दुघर्टना से कई लोग गंभीर रूप से चोटिल हुए हैं। प्रशासन की सर्वे टीम ऐसे स्थानों को चिन्हित क्यों नहीं कर रही? जबकि आए दिन इस स्थान पर खुली नाली होने के कारण जाम लगी रहती है। व्यस्तम सड़कों पर इस प्रकार की लापरवाही नगर निगम की व्यवस्था का पोल खोलती है।

### खूंटी राइफल क्लब में रांची विवि अंतर कॉलेज पिस्टल राइफल ट्रायल आयोजित



**खूंटी।** बिरसा कॉलेज खूंटी के तत्वावधान में खूंटी राइफल क्लब में रविवार को रांची विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज पिस्टल राइफल ट्रायल पुरुष-महिला का आयोजन किया गया। ट्रायल में कुल पाच कॉलेजों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। संत जेवियर्स कॉलेज रांची, गॉस्सनर कॉलेज रांची, एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची, रांची महिला कॉलेज रांची तथा बिरसा कॉलेज खूंटी 12 प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों में बिरसा कॉलेज खूंटी के लाल रोहित नाथ शाहदेव और अपूर्वा कुमार महतो, महिला कॉलेज रांची की पुष्पांजलि शर्मा, गॉस्स नर कॉलेज रांची के अभीराज, प्रयत लकड़ा, संत जेवियर्स कॉलेज रांची के आयुष खपरड़ा का अच्छा प्रदर्शन रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज की प्राचार्या प्रो. जीके किड़ो उपस्थित थीं। चयनकर्ता पीटर मुंडू, आयोजन सचिव राज कुमार गुप्ता, राइफल क्लब के अनुज कुमार, घनश्याम मिश्रा आदि उपास्थित थे।

### भाजपा युवा मोर्चा ने की चुनाव पर चर्चा



**मांडर।** कंजिया में रविवार को भाजपा युवा मोर्चा की विधानसभा स्तरीय चुनावी बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विधानसभा युवा संपर्क प्रमुख राजीव गुप्ता ने की। बैठक में आठ मंडलों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, और महामंत्री उपस्थित रहे। जिन्हें आगामी चुनाव से संबंधित अहम जानकारी और कार्यक्रमों के दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को चुनावी रणनीति पर चर्चा करते हुए विभिन्न सुझाव और योजनाएं प्रस्तुत की गईं। बैठक में राष्ट्रीय सचिव रोहित चहल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। साथ ही विधानसभा संयोजक सतीश सह, जिलाध्यक्ष भाजयुमो विवेकानंद जायसवाल, मांडर युवा मोर्चा प्रभारी अशीष, अमिताभ, उमेश महतो, शशिकांत सिंह, और आईटी सेल सह संयोजक रितेश भारद्वाज अविनाश गुप्ता, दीपक पांडे, राहुल सिंह, रविन्द्र उरांव, कमलेश, कारण कुमार, बजरंग सिंह, ब्रजेश ठाकुर, जयमंगल पाहन, नवीन केसरी, अंकित सोनी और सुदीप सहित कई युवा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए जरूरी है शिक्षा : रिनीकी भुइंया शर्मा

**मांडर।** असम के मुख्यमंत्री हिमन्ता विस्वा सरमा की पत्नी रिनीकी भुइंया शर्मा ने रविवार को कार्तिक उरांव रात्रि पाठशाला केन्द्र उचरी का अवलोकन किया। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा कार्तिक उरॉव के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। रात्रि पाठशाला के संरक्षक डॉ अरुण उरांव ने शुरूआत से अबतक के गतिविधि पर विस्तार से बताया। इससे गांव में हो रहे सकरात्मक के बारे में उन्होंने बताया। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में रात्रि पाठशाला के गतिविधियों को खूब सराहा। साथ ही उन्होंने असम में इसे शुरू करने की बात कही। रात्रि पाठशाला एवं उचरी सांस्कृतिक दल ने अपनी बाते रखी और आर्कषक नृत्य प्रस्तुत किया। संचालन कार्तिक लोहरा ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन अनिल उरांव ने किया। कार्यक्रम में नगड़ा मुखिया बहादुर उराँव, राजू लोहरा, पियुष तिर्की, डॉ रविन्द्रनाथ, नेहा, शिबन, स्टीफेंसन रामु, प्रेम, वसन्ती लोहरा, सूरज, खद्दी, सुबास, मंगी, खदी रिंकू, सुको, सुनीता सहित काफी लोग उपस्थित थे।

# श्रीश्याम मंदिर में दीपावली महापर्व की तैयारी जोरों पर



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्रीश्याम मित्र मण्डल, रांची द्वारा संचालित हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में तीन दिवसीय दीपावली महापर्व अनुष्ठान की व्यापक तैयारी जोर-शोर से चल रही है। मंदिर परिसर की सम्पूर्ण सफाई - धुलाई का काम पूरा हो चुका है। सम्पूर्ण मंदिर परिसर में सैकड़ों की संख्या में रंग -बिरंगी लाईट की लड़ियां लगायी जा रही है रोप लाईट भी लगायी जा रही है। सम्पूर्ण परिसर लाईट रोशनी से जगमग -जगमग करेगा। श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि दीपावली महापर्व अनुष्ठान का मुख्य समारोह 31 अक्टूबर गुरुवार को अमावस्या काल में सायं 6 बजे से प्रारंभ होगा जो देर रात तक चलेगा। 31 अक्टूबर गुरुवार को पूर्वाह्न 11 बजे मंदिर के कपाट बंद कर दिये जाएंगे जो सायं 5.30 बजे खुलेंगे। सायं 6 बजे से देर रात तक निरन्तर दीपोत्सव मनाया जाएगा। खाटूनरेश सहित सभी देवी-देवताओं को नवीन पोशाक पहनाकर, विभिन्न प्रकार के फूलों से दिव्य पावन श्रृंगार किया जाएगा। इसके पूर्व दीपावली महास्नान कराके खाटूनरेश का केशर चंदन तिलक श्रृंगार भी किया जाएगा।० श्री नारसरिया ने बताया कि कोलकाता -बेगलोर से फूल भारी मात्रा में मंगाए गए हैं। जिसकी मोटी -मोटी फूल मालाओं से श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर में निर्मित होने वाले 1100 शुद्ध घृत के लड्डूओं का भोग लगाया जाएगा। मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के दिशा निर्देश में लड्डू का प्रसाद निर्मित किया जाएगा। मण्डल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा की देखरेख में गर्भगृहो की विशेष पूजा - वन्दना अर्चना का कार्य सम्पादित होगा। उन्होंने बताया कि खाटूधाम के श्रीश्याम मंदिर की परम्परा के अनुसार वर्ष में एक बार दीपावली के दिन श्रीश्याम प्रभु गर्भगृह की चोखट पर भक्तगण दीप जलाकर अपने परिवार के लिए कुशल - मंगल की प्रार्थना करते हैं। सभी श्याम भक्तो के लिए घी ,बती माचीस, दीपक व्यवस्था भी की गयी हैं। जिसका कोई शुल्क नहीं है। भक्तो से निवेदन है कि सायं 9 बजे के बाद वें स्नान कर शुद्ध होकर मंदिर परिसर में पधारे एवं बाबा श्याम के मंड में दीप जलायें। चमड़े का बेल्ट,पर्स रिंग लेकर तथा मोजा आदि पहनकर गर्भगृह की चोखट तक जाना निषेध रहेगा।

### एरोबिक जिम्नास्टिक राज्य स्तरीय चयन परीक्षण का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य जिम्नास्टिक संघ के तत्वावधान में रविवार को रेलवे खेल परिसर,चक्रधरपुर में एरोबिक जिम्नास्टिक राज्य स्तरीय चयन परीक्षण का आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इसमें सभी ने खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विभिन्न जिलों से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्रदान करना था। कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र कुमार सिंह (एनआईएस प्रशिक्षक, दक्षिण पूर्व रेलवे) के कुशल निर्देशन में किया गया। उनकी देखरेख में खिलाड़ियों ने अनुशासन, तकनीक और खेल भावना के उच्च मानकों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में झारखंड जिम्नास्टिक संघ की उपाध्यक्ष तुलिका श्रीवास्तव, प्रशासनिक सचिव डॉ. दीपक कुमार साहु, खेल प्रशिक्षक विकास कुमार, हेमा कुमारी, दीपमांझी, आदि उपस्थित रहे। इन सभी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उनके प्रयासों की सराहना की।

दीपक साहु ने कार्यक्रम के उद्देश्यों को साझा करते हुए बताया कि संघ का प्रयास है कि राज्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को पहचान मिले और उन्हें उचित प्रशिक्षण के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाए। इसके तहत, चयनित खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण उपलब्ध कराई जाएंगी।

### कांग्रेस ने गठबंधन धर्म पालन करने का लिया निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिल्ली।** सिल्ली कांग्रेस प्रखंड कार्यकारिणी समिति की बैठक रविवार को सोनाली मैरैज हॉल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो ने की। बैठक में बूथ कमेटी गठन कार्य की समीक्षा की गई। साथ ही मजबूत बूथ को सशक्त करते हुए कमजोर बूथ को मजबूत करने पर जोर दिया गया। साथ ही विधानसभा चुनाव में गठबंधन धर्म का पालन करते हुए सभी पंचायत अध्यक्ष व बूथ अध्यक्ष से समन्वय बनाकर गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में कार्य करने का निर्णय लिया गया। बैठक में युवा नेता अजय कुमार महतो, सिल्ली कांग्रेस पुर्वी मंडल अध्यक्ष हितेश बड़ाइक, सिल्ली पश्चिमी अध्यक्ष दुर्गा चरण महतो, शैकुल, देवाशीष, शिवचरण महतो, तापस, रहमत, जिसान, शाहिल, मनोज, लख्खी, मनीष, सरोज, विपिन, समीर, रमेश महतो, विजय, बासु, सचिन और सैकड़ों कार्यकर्ता सम्मिलित थे।

### स्वामी सदानंद जी महाराज कल रांची में



**रांची।** संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज 29 अक्टूबर को रांची पहुंचेगे। वे अपराह्न 04 बजे शिवगंज हरमु रोड स्थित विधा देवी अग्रवाल के निवास स्थान पहुंचे। संत सदानंद जी महाराज अपने जीवन के जनसेवा के स्वर्णिम 52 वर्ष पुरे होने के बाद रांची आ रहे है। इसे लेकर उनके शिष्यों मे विशेष उत्साह है। हिन्दुओं के सबसे बड़े पांच दिवसीय पर्व धनतेरस, रूप चौदस, छोटी दीपावली, काली पूजा, दीपावली, गोवर्धन पूजा, अन्नकूट एवं भाई दूज पर स्वामी श्री सदानंद जी महाराज अपने शिष्यों को बधाई देने पहुंच रहे हैं।

### झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन का चुनाव संपन्न
## अर्चित आनंद बने अध्यक्ष व जय कुमार सिन्हा बने सचिव



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रविवार को झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन का वार्षिक आम सभा (एजीएम) सह चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। जेएससीए परिसर में आयोजित एजीएम में वार्षिक रिपोर्ट पेश किए गए। साथ ही नए सत्र (2024- 2028)के लिए कमिटी का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमे 21 सदस्यीय कमिटी का निर्विरोध चुना गया। जिसमें अर्चित आनंद अध्यक्ष और जय कुमार सिन्हा को सचिव बनाए गए। मौके पर रिस्टर्निंग ऑफिसर बिनय कर्ण और जेओए ऑब्जर्वर सुरेश कुमार, झारखंड खेल विभाग से देवेंद्र कुमार मौजूद थे। इस दौरान सभी निर्वाचित सदस्यों को सम्मानित किया गया।

**नई कमिटी**

राजीव कुमार बिट्टू - चेयरमैन, अर्चित आनंद - अध्यक्ष, जय कुमार सिन्हा - सचिव, ट्रेजरर - करमबीर उरांव, कार्यकारी अध्यक्ष - संजेश मोहन ठाकुर, वाइस प्रेसिडेंट - कुलवंत सिंह,आलोक गुप्ता, आशुतोष, विजय मेवार, दिनेश कुमार सिंह, ज्वाइंट सेक्रेटरी - राकेश कुमार मिश्रा, अनिल, अनूप राजेश लकड़ा, रामाशीष सिंह, एक्जीक्यूटिव मेंबर - राजन कुमार, प्रिंस कुमार मिश्रा, धनंजय सिंह, विकाश कुमार केशरी, केएन सिंह को बनाया गया है।

### मेहंदी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**सिल्ली/मुरी।** बुद्धा पब्लिक स्कूल टुटकी (सिल्ली) में शनिवार के दिन विद्यालय के बच्चों ने दीपावली पर्व को लेकर दिया पेंटिंग और मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लिया। सभी बच्चों ने दिया को सुंदर और आकर्षित तरीके से विभिन्न प्रकार के रंगों से सजाकर अभिभावकों और शिक्षकों का मन मोह लिया जहां छात्राओं ने अपने हाथों पर एक से बढ़कर एक मेहंदी का प्रारूप बनाया। कार्यक्रम के दौरान बच्चे काफी हर्षित और प्रफुल्लित थे। विद्यालय के निदेशक रणधीर कौशिक ने बताया कि बच्चों के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन निकट भविष्य में धार्मिक त्योहारों को देखते हुए किया गया। वहीं प्राचार्य वी सुधीर राव ने कहा कि आने वाले धार्मिक महापर्व को विशेष महत्व देने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय में किया गया। इस मौके पर राहुल भद्रा, नकुल बड़ाईक, लंकेश्वर, प्रतिमा देवी इत्यादि मौजूद रहे।

### डुरू गांव में पुनरूत्थान उपासनालय का हुआ उद्घाटन, बोले बिशप बीबी बास्के
# कर्तव्य पथ पर ईमानदारी से आगे बढ़ें

*कार्यक्रम में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने भी हिस्सा लिया*



**नवीन मेल संवाददाता**

**लापुंग।** जब परमेश्वर प्रभु अपने काम के लिए बुलाता है तो वह हमें पवित्र आत्माओं के लिए दृढ़ करता है। हमें अपने कर्तव्य पथ के लिए तैयार करता है ऐसे ही दृढ़ निश्चय दृढ़ संकल्प एवं दृढ़ संस्कार के माध्यम से हम अपना रास्ता चुनते हैं। उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि छोटानागपुर डायसिस के विशप बीबी बास्के ने पुनरूत्थान उपासनालय सीएनआई चर्च डुरू के नवनिर्मित चर्च का उद्घाटन करते हुए कही। उन्होंने प्रभु यीशु के संदेशों को बताते हुए उन्होंने कहा कि तुम मेरी आज्ञाओं को मानो आज्ञा मानने में जो आशीष है वह आशीष परिवार, समाज और समस्त कलीसिया के लिए है। विशप बीबी बास्के ने उपस्थित जनसमुदाय विशेषकर मसीही समुदाय को चर्च के उद्घाटन पर शुभकामनाएं दी और कहा कि अपने कर्तव्य पथ पर ईमानदारी से आगे बढ़ें परमेश्वर आपको मंजिल तक पहुंचाएगा। इसके पूर्व संस्कार विधि से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। नए चर्च के लिए मसीहियों ने सामूहिक प्रार्थना किया। प्रार्थना के साथ चर्च का मुख्य दरवाजा खोला गया। दरवाजा खुलते ही आशीष विधि आयोजित की गई। विशप बीबी बास्के ने आशीष विधि के दौरान 75 बच्चों का दृढ़ीकरण संस्कार आयोजित किया । प्रभु के क्रूस पर हल्दी, नमक और सरसों के तेल के मिश्रण से क्रूस बनाया गया। नवनिर्मित चर्च के उद्घाटन होते ही मसीहियों ने खुशी जताई। इसके पूर्व बतौर मुख्य अतिथि विशप बीबी बास्के, प्रॉपर्टी मैनेजर और रेव्ह सामुवेल नाग तथा चैपलेन रेव्ह समद एवं बतौर विशिष्ट अतिथि मांडर विधानसभा क्षेत्र की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं अन्य अतिथियों का महिला समिति के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सभी कार्यक्रमों की अगुवाई सीएनआई चर्च डुरु के रेव्ह संजय तिग्गा के द्वारा किया गया। चर्च संस्कार एवं दृढ़ीकरण विधि बिशप के द्वारा संचालित की गई जबकि अंतिम प्रार्थना रेव्ह. संजय तिग्गा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएनआई चर्च डुरु के चर्च कमिटी जिसमें चेयरमैन रेव्ह. संजय तिग्गा, मंगल कुजूर, सचिव गोडविन धान, कोषाध्यक्ष सरोजिनी खलखो, प्रचारक हाबिल खलखो यूथ कमिटी के सभापति प्यारा खलखो, सचिव रोयल खलखो, कोषाध्यक्ष सुहानी खलखो, महिला समिति की सभानेत्री सरिता खलखो, कोषाध्यक्ष अलका धान सचिव अनुपा खलखो सहित प्रकाश खलखो ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### मन के अंदर छुपे अवगुण, दुर्गुण की जड़ से सफाई करें : ब्रह्माकुमारी प्रीति



**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला सुभाषनगर में राजयोग के माध्यम से सादगीपूर्ण दीपोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। इसमें चौतन्य लक्ष्मी-गणेश की झांकी सजाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन कर की गई। गीता पाठशाला की नियमित ब्रह्माकुमारी प्रीति बहन ने दीपावली के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रकाश सभी को अच्छा लगता है दीपावली भी प्रकाश का पर्व है। लेकिन यह अपने भीतर के प्रकाश का प्रतीक है। परमात्मा द्वारा आत्माओं का ज्ञान दीपक जगाने का यादगार ही वास्तव में दीपावली है। हम सभी चौतन्य दीपकों का भाग्य है जो स्वयं भगवान शिव ने हमारा दीपक जगा दिया है। परमात्मा की याद की शक्ति व पवित्रता का बल ही हमारा असली सुरक्षा का कवच है। जब मनुष्य के अंदर ज्ञान दीपक जल जाता है उसके बाद जीवन मे प्रकाश ही प्रकाश आ जाती है। कमल भाई ने दीपावली एवं लक्ष्मी पूजा के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डालते हुए कहा, कि जिस तरह से हम अपने घर के कोने कोने की सफाई करते हैं और लक्ष्मी का आह्वान करते हैं उसी तरह से दीपावली के अवसर पर इस बार हम अपने मन के अंदर के कोने कोने में छुपे हुए अवगुण, दुर्गुण आदि की सफाई जड़ मूल से करें।


## शपथ पत्र

**मैं,** गुना भगत पिता एतवा भागत, उम्र 42 वर्ष निवास स्थान ग्राम- चचगुरा पो०- गढ़गांव, थाना- ईटकी, जिला रांची, झारखण्ड शपथ पूर्वक निम्न बयान देता हूं कि

1. यह कि मैं भारतीय नागरिक हूं एवं उपरोक्त पते का निवासी हूं।
2- यह कि मेरे उपर किसी भी न्यायालय में कोई केश मुकदमा नहीं है और न ही किसी न्यायालय द्वारा दंडित किया गया हूं और न ही कोई केश लंबित नहीं है।
3. यह कि उक्त वर्णित सारी बातें सही एवं सत्य है।

यह शपथ पत्र आज दिनांक 25-10-2024 ई० को सम्पन्न किया गया। शपथकर्ता जिनकी पहचान श्री बी. महतो अधिवकता, रांची के द्वारा किया गया।

**Ref No.** 217 दिनाक : 25/10/2024



## कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद ने केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में किया जनसंपर्क

**बड़कागांव।** विधानसभा महागठबंधन प्रत्याशी अंबा प्रसाद ने अपने दिनचर्या में पूजा करने के पश्चात जनसंपर्क अभियान प्रारंभ किया महागठबंधन। समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद ने आशीर्वाद यात्रा के दौरान बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के केरेडारी प्रखंड के गर्री कलां से डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की उसके बाद देवरीया खुर्द, कलां, पांडेपुरा खुर्द कलां, बारियातु , गुरगुटीया, कंडाबेर , होते बेलतु पहरा जमीरा पगार पचड़ा, सहित दर्जनों गांवों का दौरा किया। जहां क्षेत्र के लोगों ने कांग्रेस प्रत्याशी का अभिवादन किया और एक स्वर में कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का संकल्प लिया। वही आशीर्वाद यात्रा के दौरान लोगों का आशीर्वाद लेते हुए अंबा प्रसाद ने कहा कि मैं क्षेत्र के लोगों के सुख दुःख का साथी रही हूं और यह निरंतर रहूंगी। आपका प्यार और आशीर्वाद हर पल मुझे राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है आगे उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में 13 नवंबर को हाथ के निशान (कांग्रेस ) के पक्ष में मतदान कर मुझे अपना बहुमूल्य आशीर्वाद दें। आशीर्वाद यात्रा के दौरान लोगों का अपार समर्थन मिल रहा हैं। वही संबोधित करते हुए अंबा प्रसाद ने कहा राज्य में फिर से इंडिया महा गठबन्धन की सरकार बनाने जा रही है आशीर्वाद यात्रा के दौरान बारियातु के हरदयाल साव ने कहा कि वर्तमान में हेमंत सोरेन की सरकार है और घर की बेटी अंबा हैं। उसे विधायक ही नही मंत्री बनना हैं। तो हम सब को मिल कर अंबा को जितना होगा। बिजली माफी, केसीसी ऋण माफी, मंईया योजना से कई गरीब के घर चल रहा हैं। एक मुश्त हो कर दूसरी बार अंबा के पक्ष में आने वाला 13 नवम्बर को जात ने पात देख कर हाथ के बटन मे दबा कर अंबा को हाथ को मजबूत करना हैं।

**आपका प्यार और आशीर्वाद हर पल मुझे राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है : अंबा प्रसाद**

## जनसंपर्क अभियान का दौर शुरू

### भाजपा विधायक प्रत्याशी ने सदर पश्चिमी मंडल में किया दौरा

**हजारीबाग।** सदर विधानसभा के सदर पश्चिमी मंडल के मासीपीढी, मुकुन्दगंज, हरहद, दोनो रेशाम, हुपाद, गणेशीटाँड, सुंदरपूर, बभनबे, बोचों, बभनी, सलैया,भेलवारा, डेमोटाँड, तुम्बा, मोरांगी, हत्यारी सहित दर्जनों गाँवों मे अशीर्वाद यात्रा के माध्यम से हजारीबाग सदर विधानसभा भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने 13 नवंबर को कमल निशान पर बटन दबाकर भाजपा सरकार बनानें की अपील किया। उन्होनें कहा कि इंडी गठबधंन सरकार से त्रस्त प्रदेश की जनता भी सुशासन की स्थापन के लिए भाजपा सरकार बनानें के लिए संकल्पित दिखाई दी। सदर पश्चिमी मंडल के मेरे सभी परिवारजनों को उनके अपार स्नेह और आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त करता हूँ। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित सिन्हा ने कहा कि इस बार जनता पूरा मन बना चूकी है कि पूरें प्रदेश मे कमल खिलेगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता टौनी जैन नें भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद कों जितानें का अपील किया। इस आशीर्वाद यात्रा में पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रणधीर पाण्डेय, विजय साहु, छोटेलाल साहु, विजय साव, पूर्व जिप सदस्य प्रियंका कुमारी, लाखपति साव, मंटू कुमार, पिन्टु साहु, पूर्व मुखिया, प्रयाग राम, मुखिया सिहं सहित सैकेडो संख्या मे लोग उपस्थित थे।



## हर्ष अजमेरा ने कटकमदाग प्रखंड का किया दौरा

**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कटकमदाग के विभिन्न पंचायतों में युवा नेता सह निर्दलीय चुनाव प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने अपनी जन आशीर्वाद यात्रा किया। जन आशीर्वाद यात्रा की विधिवत शुरूआत नरसिंह स्थान मंदिर में पूजा अर्चना से हुई। इसके उपरांत हर्ष अजमेरा ने कई महत्वपूर्ण स्थानों का दौरा किया, जिसमें खपरियांवा चौक, खपरियांवा हरिजन मोहल्ला, नवादा हरिजन मोहल्ला, नवादा प्राथमिक विद्यालय, जमुवारी चौक, फातहा चौक,ओदारना प्राथमिक विद्यालय, जुमवारी चौक, हुरुदाग, रझर इमली पेड़, पूंदरी हारम, बेस, ढेगुरा पंचायत भवन सहित अनेक गांव और मोहल्ले शामिल थे। सभी स्थानों पर स्थानीय लोगों ने आत्मीयता के साथ स्वागत व अभिनंदन किया वहीं झारखंडी रीति रिवाज में स्वागत व अभिनंदन कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रत्येक स्थान पर उन्होंने स्थानीय निवासियों से मुलाकात की, उनकी समस्याओं को सुना और उनसे चर्चा की वह किस प्रकार से जनसेवा को प्राथमिकता देकर उनके जीवन को बेहतर बना सकते हैं।



## मुन्ना सिंह के नेतृत्व में चलाया गया व्यापक जनसंपर्क अभियान

**हजारीबाग।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और हजारीबाग विधानसभा सीट से इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने सदर प्रखंड के विभिन्न गांवों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। सैकड़ों कार्यकताओं और समर्थकों के साथ उन्होंने हथियारी मोड़, मोरांगी, डेमोटांड, हुपाद, कल्लू चौक (हरहद), बकसपुरा, बभनबै, सलईया, भेलवारा, चपवा, सिंदूर चौक, करकरी, प्रेम नगर, सियारी रोड, ढोटवा मोहल्ला, बजरंग बली मंदिर, दुर्गा मंडप, बेलघाट शिव मंदिर, अम्बेडकर चौक और नगवा गांव सहित कई अन्य स्थानों का दौरा किया। इस अभियान के दौरान मुन्ना सिंह ने स्थानीय निवासियों से जनसंवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं और जरूरतों को नजदीक से समझा।



## फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट मामले में आईपीसी व आईटी एक्ट के तहत दर्ज हुई प्राथमिकी



**रामगढ़।** डीसी रामगढ़ एवं उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के नाम से फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बनाने एवं पैसे की मांग सहित अपनी गलत मंशा की पूर्ति हेतु फर्जी अकाउंट से मैसेज भेजे जाने संबंधित मामले में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा रामगढ़ थाना में आईपीसी की धारा 419 एवं 420 तथा सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2000 की धारा 66 सी एवं 66 डी के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा सभी से अपील की जाती है कि वे साइबर ठगों एवं साइबर ठग द्वारा दिए गए किसी भी प्रलोभन से सावधान रहें। जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा स्पष्ट किया जाता है कि उपायुक्त श्री चंदन कुमार का किसी भी सोशल मीडिया हैंडल पर कोई भी अकाउंट संचालित नहीं है। इसके अतिरिक्त विभिन्न सरकारी कार्यों व आवश्यक सूचनाएं आम जनों तक पहुंचाने हेतु जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा डीसी रामगढ़ के नाम से आधिकारिक फेसबुक, '' एवं इंस्टाग्राम पर अकाउंट संचालित किया जाता है। जिला प्रशासन द्वारा संचालित सोशल मीडिया हैंडल से किसी भी व्यक्ति को किसी भी तरह का कोई मैसेज नहीं किया जाता है और सभी लोगों से अपील है कि वे किसी भी फर्जी आईडी से कोई भी मैसेज आने पर किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया ना दें।

## प्रदेश में गतका खेल को बढ़ावा देना और जिला में खिलाड़ियों को मंच देना प्रतियोगिता का है मुख्य उद्देश्य : प्राचार्य



**बरही ।** रविवार को देवाचंदा मोड स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में चौथा राज्य स्तरीय गतका चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमे में 16 जिलों के करीब 400 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के प्रमुख, निर्णायक मंडली के सदस्य सहित कई दर्शक उपस्थित रहे. जिसका शुभारंभ प्राचार्य रोहित सिंह, झारखंड गतका एसोसिएशन के सचिव प्रिंस मिश्रा सहित उपस्थित विद्यालय के संस्थापक स्व दशरथ सिंह के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलन कर किया. प्राचार्य श्री सिंह ने प्रतियोगिता आयोजन का मुख्य उद्देश्य झारखंड में गतका खेल को बढ़ावा देना है, जिससे जिले के खिलाड़ियों को एक मंच मिल सके. प्रतियोगिता के ऑफिशियल गतका में अंशु राज, अविनाश कुमार, निर्णायक मंडली में तरन्नुम खान, खुशी सिंह, उमेश नायडू, साक्षी कुमारी, मिथिलेश कुमार, हर्ष कुमार, नईम अंसारी, रौनक पांडे, सिकन्दर प्रजापति, अवनी एवं कौशल कुमार शामिल थे. समाचार लिखे जाने तक प्रतियोगिता जारी था. प्राचार्य ने बताया कि विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर एवं कप देकर सम्मानित किया जायेगा।

झामुमो प्रत्याशी के आवासीय कार्यालय में इंडिया गठबंधन की बैठक संपन्न

## एक बार फिर बनेगी इंडिया गठबंधन की ही सरकार : संजीव बेदिया

1 झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया समेत कई दिग्गज हुए शामिल

2 इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव को जीतने का लोगों ने संकल्प लिया

3 सरकार द्वार दिये गये योजनाओं को जनता के बीच रखा गया



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

इंडिया गठबंधन की विधानसभा स्तरीय बैठक पूर्व विधायक सह झामुमो नेता जानकी प्रसाद यादव के आवासीय कार्यालय में आयोजित की गई। अध्यक्षता कांग्रेस नेता सह बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद और संचालन झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कुदूश अंसारी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो हजारीबाग जिला मुख्य संयोजक मंडली अध्यक्ष सह केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, कोडरमा जिला अध्यक्ष बीरेंद्र पांडेय, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शेलेंद्र यादव, माले नेत्री सविता सिंह, झामुमो केंद्रीय सदस्य संदीप पांडेय उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव को जीतने का लोगों ने संकल्प लिया। वहीं लोगों को झामुमो सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी योजनाओं के विषय में मतदाताओं को जानकारी देने की बात कही गई। उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए संजीव बेदिया ने कहा कि झारखंड में फिर एक बार इंडिया गठबंधन की ही सरकार बनेगी। पांच साल के दौरान हेमंत सरकार ने महिलाओं को मंइयां सम्मान योजना, किसानों को किसान ऋण माफी योजना और झारखंड के सभी लोगों का बिजली बिल माफ कर एतिहासिक कार्य किया है। जिससे झारखंड की जनता मुड़ बना चुकी है की फिर एक बार हेमंत सरकार। बैठक में चलकुशा अध्यक्ष सलीम अंसारी, इचाक प्रखंड अध्यक्ष मनोहर राम, पूर्व कोडरमा जिला अध्यक्ष श्यामदेव यादव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा, झामुमो नेता प्रमोद गुप्ता, वरिष्ठ नेता वासुदेव प्रसाद, कांग्रेस नेता अशोक देव, माले प्रखंड सचिव शेर मोहम्मद, कांग्रेस अशोक शर्मा, झामुमो प्रखंड सचिव दिगम्बर मेहता, जयनगर प्रखंड उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता, राजद नेता शत्रुघ्न राम, महेंद्र दास, दुर्गा चौधरी, उमा देवी, किरण देवी, बिनीता देवी, चिंता देवी, दशरथ यादव, हदीश अंसारी, नारायण दास, रामदेव चौधरी, दिनेश मेहता, महेंद्र यादव, बीरेंद्र यादव, सुनील मेहता, इंद्रदेव मेहता, चन्द्रिका प्रसाद, शीतल टुडु, सुजान बास्के, रोहित मेहता समेत दर्जनों कार्यकर्ता व विधानसभा क्षेत्र के लोग मौजूद थे।

## मुख्य मार्ग की स्थीत हुई दयनीय, ग्रामीणों को घर से निकलना दुभर



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड क्षेत्र के शिलाडीह पंचायत का मुख्य मार्ग लेंबुआ से जम्बुआ तक अत्यंत जर्जर हो चुका है। वहीं शिलाड़ीह में संजय लामा के घर के पास रोड टूट गया था जहां ट्रैक्टर के द्वारा इट के टुकड़े और मिट्टी को डाला गया था।तत्पश्चात दाना साइक्लोन के कारण 3 दिन से हो रही लगातार बारिश के कारण पूरा रास्ता कीचड़ में तब्दील हो गया है। जहां लोगों को पैदल चलना भी काफी मुश्किल हो रहा है। वहीं विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चे इसी रास्ता से आते जाते हैं जिन्हें गिरने और दुर्घटनाग्रस्त होने की काफी संभावना बनी रहती है। विद्यालय आने जाने के लिए कई प्राइवेट विद्यालय के बस भी आते हैं जो कीचड़ में फंस जाते हैं। साप्ताहिक बाजार के लिए लोग टेंपो से आना जाना किया करते हैं लेकिन कीचड़ में टेंपु का आवागमन भी नहीं हो पा रहा है। वहीं ग्रामीण जीतन पंडित ने बताया कि मैं इस रास्ता से गिर चुका हूं जिससे मेरा हड्डी भी फ्रेक्चर कर चूका है और बैंडेज लगाए हुए हैं ।अब यदि हम लोगों को इस रोड का समस्या का निदान नहीं हुआ तो हम लोग चुनाव में नेताओं को अच्छी सबक सिखाएंगे और चुनाव में मतदान नहीं करेंगे।

## न्यूज | बॉक्स

### एक दिवसीय महिला तथा पुरुष अंतर महाविद्यालय बैडमिंटन ट्रायल प्रतियोगिता 2024 का हुआ आयोजन



**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय द्वारा जी.एम. संध्याकालीन महाविद्यालय में एक दिवसीय महिला तथा पुरुष अंतर महाविद्यालय बैडमिंटन ट्रायल प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गया। इस बैडमिंटन ट्रायल प्रतियोगिता में विनोबा भावे विश्वविद्यालय अंतर्गत विभिन्न महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया ।विश्वविद्यालय की ओर से जी.एम. संध्याकालीन महाविद्यालय ईचाक को इस ट्रायल प्रतियोगिता और प्रशिक्षण की जिम्मेवारी दी गई है क्योंकि महाविद्यालय तीव्र गति से शिक्षा ,सांस्कृतिक तथा खेलकूद में अपना अमिट छाप छोड़ा है। बैडमिंटन ट्रायल प्रतियोगिता में प्रियांशु रंजन रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़, पवन गोपाल सी.एन. महाविद्यालय रामगढ़,अश्विनी कुमार सिंह वाणिज्य विभाग विनोबा भावे विश्वविद्यालय, मो. मुशरिब संत कोलंबा महाविद्यालय, शाहील गौरव प्रसाद अन्नदा महाविद्यालय तथा पवन कुमार जी.एम. संध्याकालीन महाविद्यालय का चयन किया गया है। सभी चयनित खिलाड़ियों को एक सप्ताह का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### टीम खुशी ने पुराने कपड़ों का किया वितरण



**हजारीबाग।** टीम खुशी ने दिवाली के कुछ दिन पहले डेमोटांड़ स्थित बिरहोर टण्डा , ढ़ेंगुरा स्थित बिरहोर टण्डा और नवादा-बनहा बस्ती में कपड़ों का वितरण किया। टीम खुशी के विभिन्न सदस्यों द्वारा पुराने कपड़े, बच्चों के खिलौने, जूते, चप्पल, बैग, ठंड से बचाओ हेतु गर्म कपड़े आदि का वितरण किया गया। टीम खुशी के सदस्यों द्वारा प्रतिवर्ष इस तरह पुराने कपड़े का वितरण किया जा रहा है। टीम खुशी के लगातार शहर में विभिन्न इलाकों को आपको किसी न किसी सामाजिक कार्य करती रहती है। टीम खुशी का कहना है कि हमलोग सबकी जरूरत तो पुरा नही कर सकते है लेकिन एक वक्त की खुशियां जरुर उन्हे दे सकते है और ये ही टीम खुशी का मकसद है। सदस्यों द्वारा आर्थिक व कपड़ों की सहायता से ही टीम खुशी गरीब लोगों को पुराने व नए कपड़े उपलब्ध करा रही है।

### विवाहिता की मौत पर ससुराल सहित पति पर हत्या का लगाया आरोप



**बरही।** बीते रात केदारूत्त निवासी जागेश्वर यादव पिता बुधन यादव की 34 वर्षीया विवाहिता पुत्री हेमा यादव की मौत हो गई। इस संबंध में मृतिका के पिता ने बरही थाना में आवेदन देते हुए ससुराल वालो पर पुत्री की लोहे के छड़ से पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है. परिजनो के अनुसार मृतिका की शादी ओरपरता निवासी रामचंद्र यादव के पुत्र अमित कुमार यादव से 2009 में हुई थी. इस संबंध में मृतिका के 14 और 10 वर्ष के दो पुत्र भी है। आरोप है कि पति और ससुराल वाले दहेज को लेकर मृतिका को प्रताड़ित करते रहते थे, इस संबंध में समझौता भी हुआ था। पर विवाद समाप्त नहीं हुआ था, बीते रात मार पीट कर मृतिका को बरही अस्पताल लाया गया, जहां से गंभीरावस्था में हजारीबाग रेफर कर दिया गया। हजारीबाग ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

### जलता सिलेंडर फेंका नीचे, कार में लगी आग

**रामगढ़।** नया चूल्हा चेक करने के दौरान कुजू कोलियरी स्थित माइंस क्वार्टर में सिलेंडर में आग लग गई। गृहस्वामी द्वारा आग लगे सिलेंडर को क्वार्टर से बाहर फेंकने के दौरान आंगन में खड़ी एक ऑल्टो कार पर गिरा। जिससे कार में भी आग लग गई। घटना शनिवार की देर शाम की है। जहां सीसीएल करमा कोलियरी में ड्रिल मैन पद पर कार्यरत मोतीलाल मांझी ने कुजू चौक से एक नया गैस चूल्हा लाया। जिसे सिलेंडर लगाकर चेक करने के लिए जलाया गया। इस दौरान सिलेंडर का रेगुलेटर लीक होने के कारण सिलेंडर में आग लग गई। आनन फानन में सिलेंडर को गृह स्वामी द्वारा क्वार्टर के बाहर फेंका गया। जहां आग लगा सिलेंडर पास खड़ी एक ऑटो कार संख्या जेएच 02 एन 2122 पर जा गिरा। जिससे कार में आग लग गई। यह देख पड़ोसी द्वारा निकट के सीसीएल वर्कशॉप से आग बुझाने की मशीन लाया गया। जिसके द्वारा आग पर काबू पाया जा सका। घटना में कुछ नुकसान होने की सूचना नहीं है।

## बरकट्ठा पुलिस ने निकाला फ़्लैग मार्च

**बरकट्ठा।** विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रविवार को पुलिस प्रशासन के द्वारा फ़्लैग मार्च निकाला गया। बरकट्ठा पुलिस की टीम ने फ्लैग मार्च का शुभारंभ बरकट्ठा थाना से करते हुए हाई स्कूल बरकट्ठा, महाबर मोड़ , बिरहोर क्लॉनी व कोनहरा समेत प्रखंड के कई इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला और लोगों को निष्पक्ष और भयमुक्त होकर विधानसभा चुनाव महापर्व में शामिल होने की अपील की। वहीं गलत लोगों पर कार्रवाई की बात कही।

## चढ़ते राजनीति के बढ़ते पारे की बीच बरही विस में त्रिकोणीय संघर्ष के आसार

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया समाप्त हो चुके है. राजनीति पारा दिन प्रतिदिन उफान पर है।

मतदाताओं की माने तो इस चुनाव में 2014 की तरह त्रिकोणीय संघर्ष के आसार हैं. जिसमे भाजपा, सपा और कांग्रेस तीन दलों के बीच कांटे के टक्कर होने की उम्मीद है. भाजपा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव का क्षेत्र में अपनी अलग पहचान है. जो राजनीति के माहिर खिलाड़ी है. जिन्हे चार बार के विधायक पद के अनुभव के साथ लगातार जनता के संपर्क में रहने का लाभ मिलेगा. श्री यादव चुनाव की तिथि घोषित होने के पूर्व से ही लगातार जनसंपर्क में लगे हुए है। वही समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार निवर्तमान विधायक उमाशंकर अकेला यादव कांग्रेस से सीट नहीं मिलने पर अपने कार्यकर्ताओ के दम पर 26 अक्तूबर से चुनावी अभियान में कूदे है. जिन्हे अपने कार्यकाल में विस क्षेत्र में किए कार्य पर भरोसा है. श्री अकेला की माने तो कांग्रेस ने उनके साथ गद्दारी कर टिकट बेचने का काम किया है।

रामगढ़ कैंट मंडल में सुनी गयी पीएम की मन की बात का कार्यक्रम

## प्रधानमंत्री के मन की बात से लोगों को प्रेरणा मिलती है: सूर्यवंश श्रीवास्तव

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़ कैंट मंडल के बूथों पर 27 अक्टूबर को भाजपा कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 115 वां संस्करण देखा एवं सुना गया। मन की बात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। डिजिटल फ्रॉड से सावधानी बररते हुए कॉल 1920 पर जानकारी देने की बात कही। प्रधानमंत्री ने एनीमेशन से स्पेस तक का आत्मनिर्भर होने का मंत्र दिया।साथ ही साहस और दूरदृष्टि रखने वाले ऐसे दो महानायकों की 150 वीं जन्मजयंती मनाने का निर्णय लिया गया है। 31 अक्टूबर को से सरदार बल्लभ भाई पटेल का और 15 नवंबर से भगवान बिरसा मुंडा की 150 वी जयंती मनाई जाएगी । मन की बात में प्रधानमंत्री ने काफी रोचक एवं प्रेरणादायी संदेश के साथ मार्गदर्शन दिया ।



## जेएलकेएम रामगढ़ विधानसभा का नामांकन भव्य एवम ऐतिहासिक होगा : पानेश्वर महतो

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के रामगढ़ विधानसभा प्रत्याशी पनेश्वर महतो का नामांकन 29 अक्टूबर को 11:30 बजे रामगढ़ अनुमंडल कार्यालय में होना तय हुआ है। इस नामांकन कार्यक्रम झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केन्द्रीय पदाधिकारी, जिला कोर कमेटी सदस्य, प्रखंड कोर कमेटी सदस्य,पंचायत पदाधिकारी, पार्टी के सक्रिय सदस्यों एवम रामगढ़ विधान सभा के विभिन्न प्रखंडों, गांवो ,टोला, कस्बा, मोहल्ला से लोग सम्मिलित होंगे। जेएलकेएम प्रत्याशी पानेश्वर महतो ने कहा की नामांकन कार्यक्रम को लेकर लोगों की काफी रुझान है ।लोगों का समर्थन बढ़ता हुआ नजर आ रहा है और निश्चित तौर पर रामगढ़ विधानसभा एक बदलाव की ओर अग्रसर है ।कहा की झारखंड की जनता टाइगर जयराम महतो को आशाभरी निगाहों से देख रही है। सभी लोगों की एक ही उम्मीद है इस बार टाइगर जयराम महतो को विधानसभा में अधिक से अधिक बहुमत हासिल कर झारखंड का कमान टाइगर जयराम महतो के हाथों सौपां जाए ताकि झारखंड में अच्छा नीति नियम बन सके। कहा की इस संगठन में सभी समुदाय के लोग सम्मिलित होकर संगठन को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। शोषित, पीड़ित, वंचित, गरीब दवे, कुचले सबो की आवाज टाइगर जयराम महतो बन कर उभरे हैं। पनेश्वर महतो ने कहा की रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोग कैंची छाप में वोट देकर टाइगर जयराम महतो के हाथों को मजबूत करें ।



## विधानसभा निर्वाचन 2024 : सभी प्रखंडों में चलाया गए मतदाता जागरूकता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा मतदाता जागरूकता स्वीप कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो के द्वारा रविवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबड़ी सहिया, सेविका(बीएलओ) के द्वारा आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप के तहत पतरातू, मांडू, चितरपुर, गोला, दुलमी एवं रामगढ़ में डोर टू डोर चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान । मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किए गए यथा रंगोली प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, मतदाता जागरूकता सहित कई विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

### चुनाव को लेकर जनरल आब्जर्वर ने सिमडेगा परिसदन में अधिकारियों के साथ की बैठक

# विधानसभा चुनाव की तैयारी एवं दिए गए कार्यों की विस्तार पूर्वक हुई समीक्षा



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** झारखंड विधानसभा आम चुनाव-2024 को स्वच्छ और पारदर्शी, शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के लिए सिमडेगा के दोनों विधानसभा क्षेत्र की चुनावी तैयारियों समीक्षा जेनरल ऑब्जर्वर, पुलिस ऑब्जर्वर एवं एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर द्वारा जिला प्रशासन, सिमडेगा के साथ परिसदन भवन सभागार में बैठक कर ली गई।बैठक के दौरान उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने जिले में की गई चुनावी तैयारियों से संबंधित विस्तृत जानकारी दी उपायुक्त ने चुनाव के लिए ईवीएम मशीन की एफएलसी, रेंडमाइजेशन एवं ईवीएम वीवीपैट की स्थिति से अवगत कराते हुए उन्होंने बताया कि सभी राजनीतिक दलों प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दोनों विधानसभा क्षेत्रों 70-सिमडेगा एवं 71-कोलेबिरा के लिए ईवीएम एवं वीवी पैट का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया।इसके अलावा उन्होंने जिले में मतदान कर्मियों की प्रशिक्षण, स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता, महिला मतदान केंद्र, मानव संसाधन, पोस्ट बैलेट एसेसमेंट, इंटरस्टेट चेक पोस्ट, जिला चेक पोस्ट, वाहन मैनेजमेंट, व्यय संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित विस्तृत जानकारी दी पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा व्यवस्था, सिजर, संवेदनशील मतदान केंद्र सहित शैडो एरिया से संबंधित जानकारी दी।बैठक समाप्ति के पश्चात जेनरल ऑब्जर्वर, पुलिस ऑब्जर्वर एवं एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर ने सिमडेगा कॉलेज, सिमडेगा का निरीक्षण कर डिस्पैच सेंटर, काउंटिंग हॉल एवं ईवीएम वज्रगृह रूम का निरीक्षण कर जायज लिया। इस दौरान उपायुक्त महोदय ने चुनावी तैयारियों से संबंधित एक-एक करके विस्तार पूर्वक जानकारी दी।मौके पर अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, अनुमंडल पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी

## सिमडेगा में 4,53,630 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग



सिमडेगा जिला का अनुमानित जनसंख्या 2024 के अनुसार 7,57,544 है। वहीं 26 अक्टूबर के अनुसार जिले में मतदाताओं की कुल संख्या- 4,53,630 है। जिसमें से पुरुष मतदाता 2,22,648 तथा महिला मतदाता की संख्या- 2,30,991 है। दोनों विधानसभा क्षेत्र को मिलकर ग्रामीण एवं शहरी मतदान केंद्र की संख्या- 574 है। साथ ही उन्होंने बताया कि जिले में स्वतंत्र निष्पक्ष एवं समावेशी चुनाव कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा मतदाता सूची को शुद्ध कर मृत या स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाता का नाम मतदाता सूची से विलोपित शुद्ध सूची तैयार की गई है। जिसमें 5826 दिव्यांग एवं 85+ के कुल मतदाताओं की संख्या 2667 है। 26 अक्टूबर से सतत् अधतनीकरण के दौरान अबतक कुल 21799, 18-19 आयुवर्ग के मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कर लिया गया है। सिमडेगा जिले में समावेशी मतदान के लिए 574 मतदान केन्द्र बनाये गये है जिसमें 59 तोरपा विधानसभा में बानो प्रखंड का अंश है- जिसमें कुल 89 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें पर्याप्त फर्निचर, हेल्पडेस्क, दिव्यांगो के लिए रैम्प, शौचालय, शुद्ध पेयजल और बिजली की व्यवस्था की गयी है।

# विस चुनाव में डीसी एवं पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

- बहकावे एवं दबाव में मतदान न करें, अपने मताधिकार का स्वतंत्र करें प्रयोग : उपायुक्त



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त, सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने रविवार को राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रिगड़ी, स्वामी श्रद्धानंद मध्य विद्यालय, टैंसरा एवं संत मार्क्स हाई स्कूल, बानाबिरा मतदान केंद्र का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्र पर बिजली पानी शौचालय सहित आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। रिगड़ी मतदान केंद्र निरीक्षण के दौरान मौके पर ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि चापाकल से पानी बहुत ही खराब निकलती है, जिस पर वहां उपायुक्त ने पानी की बेहतर सुविधा बहाल करने की बात कहीं। मतदान केंद्र भ्रमण के दौरान वहां की ग्रामीणों से गांव की चबूतरा में बैठक कर मतदाताओं को निर्भीक होकर अपने मतदान केंद्र में शत प्रतिशत मतदान करने का अपील किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने मतदाताओं को बताया कि वृद्ध मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र जाने हेतु छोटी गाड़ियों की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि जो मतदाता मतदान केंद्र जाने में सक्षम नहीं है उन्हें गाड़ी में मतदान केंद्र पहुंचने की बात कही। पुलिस अधीक्षक ने सभी मतदाताओं को स्वतंत्र एवं भय मुक्त वातावरण में मतदान करने की अपील की। उन्होंने ग्रामीणों को जागरुक करते हुए चुनाव से संबंधित किसी प्रकार की शिकायत हो तो 1950 नंबर पर देने की बात कहीं। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की समस्या हो तो पुलिस को इसकी सूचना तुरंत दें। किसी के बहकावे एवं किसी के दबाव में मतदान न करें अपने मताधिकार का प्रयोग स्वतंत्र रूप से करें। तथा पुलिस अधीक्षक ने भी सभी मतदाताओं को इस चुनाव में बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अपील किया। स्वामी श्रद्धानंद मध्य विद्यालय, टैंसरा मतदान केंद्र निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने टैंसरा गांव के मतदाताओं से पंचायत भवन में बैठक किया। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों को मतदान करने के प्रति जागरुक किया। वहीं मौके पर लोगों को मतदाता मार्गदर्शिका पत्रिका दिया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय ने ग्रामीणों से कहा कि जिस किसी का भी मतदाता सूची में नाम है और एपिक कार्ड नहीं है तो वह भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्धारित 12 प्रकार के कार्ड में से किसी भी एक कार्ड का प्रयोग कर मतदान दे सकते हैं।उन्होंने बैठक के पश्चात् मतदान केंद्र का निरीक्षण कर में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। मुखिया द्वारा बताया गया की पानी, बिजली व शौचालय सभी व्यवस्था दुरुस्त है। निरीक्षण में पाया गया कि दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प बनाया गया वह टूटा फूटा था। उसे ससमय मराम्मति कराने का निर्देश दिया।मतदान केंद्र का निरीक्षण करने के बाद गांव का भ्रमण कर मतदाताओं को जागरूक किया गया इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा 13 नवंबर 2024 मतदान दिवस तिथि की जानकारी देते हुए अपने नजदीकी मतदान केंद्र में शत प्रतिशत मतदाताओं को मतदान करने का अपील किया।मौके पर मुखिया अनिल उरांव, सदर सीओ इम्तियाज अहमद, मुफस्सिल थाना प्रभारी एवं गांव के ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# सिमडेगा महिला कॉलेज में चुनाव को लेकर दिए जा रहे प्रशिक्षण में पहुंचे उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** विधानसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर 23 नवंबर को होने वाले मतदान को लेकर पीठासीन पदाधिकारियों एवं पोलिंग पार्टियों सिमडेगा महिला कॉलेज में प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में उपायुक्त, सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण करते हुए मास्टर ट्रेनरों द्वारा पीठासीन पदाधिकारियों एवं पोलिंग पार्टियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण से अवगत हुए। इस दौरान उपायुक्त ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छे तरह से प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए सभी अपने कार्यों में दक्ष होकर त्रुटि रहित चुनाव कार्यों का निष्पादन करेंगे। उन्होंने निर्वाचन कार्य के दौरान उनके दायित्वों और तकनीकी जानकारियों के साथ बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न मन किसी प्रकार की प्रश्न हो तो यह शंका हो अवश्य पूछ लेंगे। ताकि किसी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े।उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान मॉक पोल, मतदान प्रक्रिया आरंभ करने, कंट्रोल यूनिट व वीवीपैट सील करने तथा मतदान प्रक्रिया बंद होने पर दस्तावेजों की पैकिंग सहित सभी पहलुओं की विस्तृत जानकारी लेने की बात कहीं। प्रशिक्षण के दौरान बताई जा रही सभी निर्देशों और बारीकियों को भली-भांति समझ कर प्रयोग के तौर पर मशीन का संचालन, वोटिंग करने के तरीके से अच्छे रूबरू होने की बात कहीं। इस दौरान उपायुक्त ने सभी पीठासीन पदाधिकारी को महिला कॉलेज, सिमडेगा सलडेगा प्रांगण में ही फॉर्म 12 के माध्यम से पोस्ट बैलेट के माध्यम से शत प्रतिशत लोगों को वोटिंग करने का अपील किया। अंत में सभी मतदान कर्मियों को अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए निर्वाचन संबंधी कार्य सफलतापूर्वक निर्वहन करने का निर्देश दिया।प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को छोटे समूह बनाकर कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट और वीवीपैट की जानकारी दी गई। साथ ही इवीएम से मतदान कराने की विधिवत प्रक्रिया, मशीन के सिलिंग करने, वोटिंग करने एवं वोटिंग के पश्चात मशीन के सिलिंग के संबंध में सभी को जानकारी प्रदान की।मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी एवं एलआरडीसी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## धनतेरस और दीपावली को ले जोरों से चल रही है एडवांस बुकिंग

**सिमडेगा।** धनतेरस और दीवाली को लेकर जिले का अप्लायंस बाजार सज धज कर तैयार है। जहां एडवांस बुकिंग जारी है। धनतेरस को लेकर बीरू कम्पलेक्स बेसमेंट स्थित कम्प्युटर वर्ल्ड दुकान में दीपावली के मौके पर कम्प्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर की खरीदारी पर निश्चित उपहार ग्राहको को दी जा रही है। संचालक राकेश उर्फ चीकू अग्रवाल ने बताया कि प्रत्येक खरीद में पांच निश्चित उपहार और पांच हजार की प्रत्येक खरीदारी पर एक चांदी का सिक्का दिया जा रहा है। वहीं घोड़बहार स्थित साउंड एंड वीजन एवं फर्निचर हाउस में धनतेरस एवं दीवाली को लेकर दुकान सजाए गए हैं। साउंड एंड वीजन में कई प्रकार के इलेक्ट्रानिक्स उत्पाद सजाए गए है। जानकारी देते संस्थान के संचालक राजु शर्मा ने बताया कि दुकान में आकर्षक उपहार के साथ साथ एक्स्ट्रा वारंटी, फ्री होम डिलेवरी, फ्री इंस्टोलेशन, फ्री डेमो की भी सुविधा उपलब्ध है।

# चक्रीय विकास संस्थान ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 13 नवंबर को मतदान होना है. चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन व नगर परिषद के निर्देश पर चक्रीय विकास संस्थान सिमडेगा के निदेशक सत्यव्रत ठाकुर के अगुवाई में कलाकारों ने नागपुरी गीत और नृत्य के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया.कार्यक्रम के दौरान आदिवासी बालिका छात्रावास एवं डेली मार्केट में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया।सर्वप्रथम आदिवासी बालिका छात्रावास में छात्राओं के बीच मतदान के महत्व को बतालाया गया साथ ही सभों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।चक्रीय विकास संस्थान के सत्यव्रत ठाकुर ने युवतियों से अपने साथ साथ अपने गांव के लोगों को भी जागरूक करने की बात कही. गीत और नृत्य के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाते हुए जिले वासियों से 13 नवंबर जरूर मतदान करने की अपील की। उन्होंने जिले वासियों से कहा कि एक एक मत मिलकर लोकतंत्र को मजबूत बनाती है। उन्होंने कहा कि अपनी पसंद के सरकार चुनने का मौका 05 वर्षों के बाद मिला है, इस मौका का फायदा उठाए और अपने मत के बल पर सिमडेगा और झारखंड का भविष्य बदले। बताया गया कि मतदान मतदान के लिए वोटर आईडी कार्ड के अलावा आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक, पोस्ट ऑफिस की फोटो सहित पासबुक, श्रम मंत्रालय के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, पेन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोग्राफ सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र शासन, राज्य शासन, लोक उपक्रम और पब्लिक लिमिटेड कंपनी द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गऐ जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और यूडीआईडी कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर आप मतदान कर सकते है.मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य रूप से कलाकारों में खिलेश्वर सिंह, बिमला देवी, सुभक नायक, सोनू बड़ाईक, भीम प्रसाद, रीना कुमारी, फूलमती कुमारी, ममता कुमारी, बिनीता डूंगडूँग, सलीमा डूंगडूँग उपस्थित थे।

## बानो में पुलिस ने अवैध महुआ शराब को लेकर की छापेमारी

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रखंड में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए बानो पुलिस ने बानो हरिजन बस्ती तथा नौमिल में अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमे कुल करीब 150 किलो जावा महुआ विनष्ट किया । गया तथा बानो हरिजन बस्ती में एक व्यक्ति को करीब 12 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।इस सम्बंध में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई कि जा रही है। छापमारी दल में थाना प्रभारी विकास कुमार थाना प्रभारी बानो, एएसआई ललन सिंह बानो थाना एवं सशस्त्र बल के साथ शामिल थे। थाना प्रभारी विकास कुमार ने ग्रामीण से कहा कि अपने गांव टोला को साफ सुथरा रखें। कूड़ा करकट न रखें। शराब बनाने से गाँव का माहौल खराब होती हैं।

# ग्रामीणों के साथ छत्तीसगढ़ के मंत्री ने सुनी प्रधानमंत्री की 'मन की बात'

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस महीने के मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने यादगार पलों, खास तौर पर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर झारखंड के उलिहातू गांव की अपनी यात्रा पर बात की। उन्होंने सरदार पटेल और बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाने और नागरिकों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के महत्व पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने एनीमेशन, आत्मनिर्भरता और फिटनेस के क्षेत्र में भारत की प्रगति पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने लोगों को डिजिटल अरेस्ट से जुड़े फ्रॉड्स के प्रति भी सतर्क किया।कोलेबिरा विधानसभा के टुकुपानी बूथ नंबर 185 में मन की बात कार्यक्रम में ग्रामीणों संग छत्तीसगढ़ के मंत्री केदार कश्यप, कोलेबिरा विधानसभा प्रभारी मुनेश्वर साहू, बीजेपी महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद, जिला मंत्री नरेंद्र बड़ाईक, जिला कार्यसमिति सदस्य विद्या बड़ाईक व अन्य उपस्थित थें।

## तालाब की जमीन को लेकर हुए विवाद में व्यक्ति की पीट कर की हत्या

नवीन मेल संवाददाता

**पाकरटांड।** पाकरटांड थाना क्षेत्र के आसानबेड़ा पंचायत अंतर्गत टकबा गांव में रविवार के सामने तालाब की जमीन को लेकर हुए विवाद में मवेशी चरा रहे पीटर कुल्लू नामक व्यक्ति की गांव के ही प्रदीप टोप्पो ने डंडे से पीट कर हत्या कर दी। एवं मौके से फरार हो गया मामले की जानकारी पुलिस को दी गई ,जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और मृतक के शव को अपने कब्जे में ले लिया।थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पीटर कुल्लू अपने मवेशियों को तालाब की नार चल रहा था इसी दौरान वहां पर प्रदीप टोप्पो पहुंचा और जमीन विवाद को लेकर दोनों बीच में कहां सुनी हुई और गुस्से में प्रदीप टोप्पो पीटर कल्लू के ऊपर डंडे से उसके माथे पर हमला कर दिया। जिससे की मौके पर माथे में गंभीर चोट लगने की वजह से उसकी मौत हो गई ,जिसके बाद आरोपी फरार हो गया। ग्रामीणों के माने तो आरोपी व्यक्ति की दिमागी हालत भी ठीक नहीं है ।इधर पुलिस ने आरोपी की गिरफ़्तारी के लिए छापेमारी में जुट गई।

### विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा जिला समिति की हुई बैठक, बोले जिला अध्यक्ष

# विधानसभा चुनाव में राष्ट्र हित में सभी लोग करें मतदान

नवीन मेल संवाददाता




**सिमडेगा।** विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा जिला समिति की बैठक रविवार को सिमडेगा बीरू कॉम्प्लेक्स स्थित जिला कार्यालय में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम भगवान श्री राम एवं भारत माता के तस्वीर पर दीप जलाकर बैठक की शुरुआत की गई। बैठक में आगामी पर त्यौहार को लेकर चर्चा हुई जिस पर दीपावली एवं गोपाष्टमी पर्व को लेकर चर्चा हुई जहां पर बताया गया कि धूमधाम के साथ सभी लोग दीपावली पर्व के मौके पर अपने घरों में त्यौहार मनाए इसके अलावा विश्व हिंदू परिषद की प्रांत समिति के निर्देश अनुसार गोपाष्टमी पर्व को लेकर इस वर्ष धूमधाम के साथ इस त्यौहार को मनाएगी। इसके अलावा क्षेत्र में प्रतिबंधित मवेशियों की हत्या, धर्मांतरण रोक, मठ मंदिरों में सत्संग को बढ़ावा, प्रत्येक गांव में सामूहिक संकीर्तन एवं अन्य मुद्दों को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए सभी लोगों को अपने धर्म संस्कृति प्रति जागरूक रहने को लेकर कहा गया। जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने अपने संबोधन में कहा कि 500 सालों के लंबे संघर्ष के बाद मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का भव्य मंदिर अयोध्या में 22 जनवरी को बनकर तैयार हुआ और मंदिर बनने के बाद पहला दीपावली भगवान श्री राम अपने भव्य मंदिर में मनाएंगे और इसको लेकर पूरे देश में उत्साह का माहौल है और इस प्रकार सिमडेगा में भी इस 500 सालों के संघर्ष को याद करते हुए इस बार दीपावली ऐतिहासिक मनाया जाएगा। उन्होंने कहा की मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम ने जिस प्रकार आदिवासी मूलवासी सभी समुदाय के लोगों के साथ प्रेम करते हुए राम राज्य की स्थापना किया था हमें इसी प्रकार अपने गांव अपने समाज में उच्च नीच छुआ छूत एवं इस प्रकार की पहले मानसिकता को हटाते हुए अपने धर्म संस्कृति और सभी समुदाय के लोगों को एक साथ लेकर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने गोपाष्टमी पर्व सभी प्रखंडों में मनाने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सभी लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि मतदान सभी लोगों को जरूरी है लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए राष्ट्रहित में सभी लोग आगामी 13 नवंबर को अपने घरों से निकलकर मतदान केंद्र में जाकर मतदान जरूर करें। 5 सालों के बाद यह मौका आया है इसलिए आप सभी इस मौका को ना गवाएं अगर कोई व्यक्ति घर से बाहर रहता है तो उसे बुलाकर राष्ट्रीय हित के लिए मतदान हेतु प्रेरित करें जिससे कि क्षेत्र का विकास हो सके। बैठक में कई अन्य बिंदुओं पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रचार प्रसार प्रांत टोली सदस्य नारायण दास जिला उपाध्यक्ष श्याम सुंदर मिश्रा ,किरण चौधरी आशा देवी, कोषाध्यक्ष मुरारी प्रसाद ,संगठन मंत्री दिलीप बड़ाईक, जिला मंत्री सुबोध महतो, मठमंदिर प्रमुख भुनेश्वर सेनापति, जिला मातृशक्ति प्रमुख जयश्री प्रधान जिला प्रचार प्रसार प्रमुख सहित सभी प्रखंड अध्यक्ष बजरंग दल मातृशक्ति एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनजातियों के बारे में अध्ययन करने झारखंड ट्राइबल म्यूजियम गए छात्र

**सिमडेगा।** संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा के 80 छात्र-छात्राएं शनिवार को एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुए। सभी छात्र कॉलेज के सहायक प्रोफेसर सनी संतोष टोप्पो, सहायक प्रोफेसर मार्शल हेंब्रम एवं सहायक प्रोफेसर निम्मी तोपनो की अगुवाई में नवरत्न गढ़ एवं झारखंड ट्राईबल म्यूजियम गुमला गए। जहां उन्होंने झारखंड के विभिन्न जनजातियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही जनजातियों के प्रकृति से जुड़ाव और उनके प्रकृति में प्रारंभिक निवास स्थान, खान-पान, रीति-रिवाज एवं प्रारंभिक इतिहास की जानकारी ली। शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से सभी विद्यार्थी झारखंड के ऐतिहासिक धरोहर और विरासत से अवगत हुए। शैक्षणिक भ्रमण जाने से पहले कॉलेज के परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर फादर इमानुएल बारला एवं कॉलेज के उप प्राचार्य सह ट्रेजरर फादर ब्रूनो टोप्पो ने विद्यार्थियों को छोटी प्रार्थना एवं शुभकामनाओं के साथ विदा किया।

# मतदाता जागरूकता के लिए प्रशासन ने शुरू की वोटर प्रतियोगिता

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** विधानसभा आम चुनाव-2024 के निमित्त जिला सिमडेगा में जिला निर्वाचन पदाधिकारी, सिमडेगा एवं स्वीप सिमडेगा के द्वारा विभिन्न तरह के मतदाता जागरूकता संबंधी कार्यक्रम आयोजित कराई जा रही है। उसी के अंतर्गत 27 अक्टूबर से लेकर 13 नवम्बर तक "सिमडेगा वोटर जागरूकता प्रतियोगिता" कराई जा रही है। जिसमें मतदाता जागरूकता से संबंधित विषय - "MY VOTE IS MY FUTURE, POWER OF ONE VOTE" पर रील्स एवं जिंगल तथा मतदान के दिन "सेल्फी वीद वोटिंग मार्क्स" कॉन्टेस्ट कराई जा रही है। यह प्रतियोगिता सिमडेगा जिले के सभी नागरिकों के लिए है । इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों के लिए पुरस्कार भी निर्धारित की गई है। जिसमें प्रथम पुरस्कार रू 2500,द्वितीय पुरस्कार रू1,500 एवं तृतीय पुरस्कार रू 1,000 रखी गई है। इच्छुक प्रतिभागी उपरोक्त विषयों पर कॉन्टेन्ट बनाकर अपनी एंट्री simdegasveep@gmail.com पर कर सकते हैं। एवं इसके अलावा निर्वाचन आयोग तथा सिमडेगा जिला प्रशासन के ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट पर भी टैग कर सकते हैं।

# ट्रैक्टर पलटने से नौवीं में अध्ययनरत छात्र की दर्दनाक मौत, मामला दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** जलडेगा थाना क्षेत्र के मामा भगिना रोड में शनिवार को ट्रैक्टर पलटने से 16 वर्षीय एक छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक छात्र की पहचान मेरोमडेगा खास बस्ती, टी टांगर थाना निवासी सुभानन्द प्रधान पिता बिरसा प्रधान के रूप में हुई है। सुभानन्द अपने माता पिता का एकलौता बेटा था जो संत मैरिज स्कूल सामटोली में कक्षा 9वीं का छात्र था। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मेरोमडेगा निवासी दुतिया नायक का बेटा अशोक नायक अपने ट्रैक्टर से मकान निर्माण में उपयोग होने वाले सेंट्रिंग पटरा लाने के लिए लमडेगा लतापानी आ रहा था। इस दौरान उसने गांव के सुभानन्द प्रधान को भी ट्रैक्टर में साथ चलने को कहा। लमडेगा लतापानी से सेंट्रिंग पटरा लोड करने के बाद वापसी के क्रम में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे शुभानन्द प्रधान की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी जलडेगा पुलिस को मिलते ही मौके पर घटनास्थल पहुंचकर जेसीबी के माध्यम से ट्रैक्टर को उठाकर थाने ले आई। इधर बेटे की असमय मृत्यु होने पर परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है।

# गुमला विस सीट के लिए भाजपा और झामुमो में कांटे की टक्कर

## चुनावी समीकरण पर भारी बागी उम्मीदवार

**दोनों दल अपने बागी उम्मीदवारों को मनाने के प्रयास में लगे हुए हैं**

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
गुमला विधानसभा सीट पर इस बार भाजपा और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। दोनों दलों के बीच इस मुकाबले में सबसे बड़ी चुनौती उनके अपने बागी उम्मीदवारों और वोट कटवा उम्मीदवारों से भी आ रही है, जो इस बार के चुनावी समीकरण को पूरी तरह बदल सकते हैं।

**बागी उम्मीदवारों को मनाने की कवायद में जुटे दोनों दल**
भाजपा और झामुमो दोनों ही दलों के लिए बागी उम्मीदवारों का मैदान में होना चिंता का विषय बन गया है। इससे पार्टी के परंपरागत वोट बैंक में सेंध लगने का खतरा पैदा हो गया है। इस स्थिति से निपटने के लिए दोनों दल अपने बागी उम्मीदवारों को मनाने के प्रयास में लगे हुए हैं। पार्टी नेताओं की ओर से बागी नेताओं से लगातार बातचीत की जा रही है, ताकि उन्हें वापस पार्टी में लाया जा सके और पार्टी का समर्थन चुनाव में एकजुट बना रहे। हालांकि, कुछ बागी उम्मीदवार अपने व्यक्तिगत समर्थन और मुद्दों पर अडिग हैं, जिससे पार्टी के सामने उन्हें मनाने की चुनौती और भी बढ़ गई है।



गुमला के वर्तमान विधायक व झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार भूषण तिर्की



सुदर्शन भगत भाजपा उम्मीदवार गुमला विधानसभा क्षेत्र

### विपक्षी बागी उम्मीदवारों को रोकने के प्रयास

भाजपा और झामुमो न केवल अपने बागी उम्मीदवारों को मनाने में व्यस्त हैं, बल्कि विपक्षी दलों के बागी उम्मीदवारों को मैदान में मजबूती से बनाए रखने के लिए भी कोशिश कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, दोनों दलों के प्रमुख नेता विपक्षी दलों के बागी उम्मीदवारों से संपर्क साध रहे हैं ताकि वे चुनाव में बने रहें और मुख्य विपक्षी दलों के वोट बैंक में सेंध लगा सकें। इसके लिए कई तरह के प्रलोभन और वादे भी दिए जा रहे हैं, जिससे बागी उम्मीदवार चुनाव में अपनी भूमिका निभाते रहें और मुख्य मुकाबले को प्रभावित कर सकें।

### वोट कटवा उम्मीदवारों का प्रभाव

गुमला सीट पर कई ऐसे उम्मीदवार मैदान में हैं, जिन्हें वोट कटवा माना जा रहा है। ये उम्मीदवार भाजपा और झामुमो के प्रमुख वोट बैंकों में सेंध लगाने की स्थिति में हैं। इनमें से कई उम्मीदवारों ने अपनी स्थानीय पकड़ और जनसमर्थन के दम पर चुनाव में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। इनकी वजह से भाजपा और झामुमो, दोनों को अपने मतदाताओं को एकजुट रखने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है।

### दोनों दलों के सामने बढ़ी चुनौती

गुमला विधानसभा सीट पर भाजपा और झामुमो के लिए यह चुनावी दौर अत्यधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है। दोनों दलों को न केवल बागी उम्मीदवारों से निपटना पड़ रहा है, बल्कि विपक्षी दलों के बागियों को भी चुनाव में बनाए रखने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ रहा है। ऐसे में इस बार का चुनाव दोनों दलों के लिए प्रतिष्ठा की लड़ाई बन गया है, जहाँ एक तरफ उन्हें अपने बागी उम्मीदवारों को मनाना है, वहीं दूसरी तरफ वोट कटवा उम्मीदवारों से निपटते हुए मतदाताओं को अपने पक्ष में एकजुट करना भी है।

## युवाओं के दो दिवसीय जीवन कौशल प्रशिक्षण का समापन

# समाज एवं देश में अपना सक्रिय योगदान दें : मेरी लकड़ा



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के चैनपुर पंचायत भवन में स्वयं सेवी संस्था परिवार विकास के द्वारा चाइल्ड फंड इंटरनेशनल के सहयोग से युवाओं के समग्र विकास,आत्मविश्वास एवं समाज में उनके प्रभावी योगदान को लेकर युवाओं का दो दिवसीय जीवन कौशल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन चैनपुर जिला परिषद सदस्या मेरी लकड़ा ने किया।इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि, युवाओं को अपनी शिक्षा पर प्राथमिक रूप से ध्यान देना चाहिए और खुद में सुधार लाना चाहिए, तभी वो अपने जीवन के लक्ष्य में सफल हो पाएंगे और साथ ही समाज एवं देश में अपना सक्रिय योगदान दे पाएंगे।इस दो दिवसीय प्रशिक्षण में डालटनगंज क्षेत्र के कार्यक्रम पदाधिकारी विलसन जी एवं कार्यक्रम समन्वयक कपिलदेव यादव ने प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित युवाओं को स्वयं की जागरूकता, प्रभावी संचार,समस्या समाधान,समय प्रबंधन, आत्मनियंत्रण एवं भावनात्मक प्रबंधन, निर्णय लेने की क्षमता, समूह कार्य एवं सहयोग,लक्ष्य निर्धारण, योजना निर्माण, डिजिटल साक्षरता एवं सुरक्षित इंटरनेट उपयोग,आर्थिक साक्षरता और नैतृत्व कौशल के बारे में समूह चर्चा, रोल प्ले ध्यान विश्राम,तर्क -वितर्क एवं तथ्यात्मक जानकारी के माध्यम से विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया।कार्यक्रम में चैनपुर प्रखंड के लगभग सात गाँव के 15-24 वर्ष के दर्जनों युवा शामिल हुए। वही रविवार के दिन में कार्यक्रम के समापन किया गया।इस मौके पर संस्था के कम्युनिटी मोबिलइजर सीताराम मुंडा, आलोक कुजूर सहित अन्य गणमान्य थे।

# भाजपा ही झारखंड को संभाल और संवार सकती है : कमलेश राम



**नवीन मेल संवाददात। रांची**
भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश राम ने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार कैसा काम कर रही है, यह सब लोग जानते हैं। हम सभी हेमंत सोरेन की सरकार को हटाकर यहां भाजपा के नेतृत्व में अच्छी सरकार बनाने के लिए कटिबद्ध हैं।
कमलेश ने कहा कि झारखंड को बचाने के लिए हमें एकजुट रहना है। बिखरना नहीं है। अभी समय भाजपा को मजबूत करने का है। राज्यहित और पार्टी हित को देखते हुए मैंने कांके विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। कमलेश राम रविवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। कमलेश ने कहा कि भाजपा ही झारखंड को संभाल और संवार सकती है। राज्य का तेजी से विकास कर सकती है। उन्होंने कहा कि झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठिए तेजी से पांव पसार रहे हैं। यह झारखंड और झारखंडवासियों के लिए चिंता की बात है। हेमंत सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को आमंत्रित कर रही है। उन्हें शरण दे रही है। भाजपा ही बांग्लादेशी घुसपैठियों से झारखंड को मुक्त करा सकती है। झारखंडियों को उसका हक दिला सकती है। घुसपैठियों के झारखंड में आने पर प्रतिबंध लगा सकती है। ऐसी स्थिति में भाजपा को मजबूत करना जरूरी है।
उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर कांके विधानसभा क्षेत्र की हर समस्या का समाधान होगा। यह आश्वासन भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में किसान, आदिवासी, दलित, गरीब, मजदूर का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने जनता से भाजपा की सरकार बनाने के लिए भाजपा को वोट देने की अपील की।

# सुप्रियो भट्टाचार्य के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची भाजपा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में चुनाव आयोग पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। वहीं मांग किया कि सुप्रियो भट्टाचार्य के आरोप अगर सही नहीं हुए तो उनके खिलाफ कारवाई किया जाय। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जिस तरह से बिना आधार के राज्य के मुख्य चुनाव पदाधिकारी, एडीजी संजय आनंद लाटेकर, डीआईजी एमवी होमकर के खिलाफ सनसनीखेज आरोप लगाए हैं वो जांच का विषय है। जांच करके चुनाव आयोग प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सबको अवगत कराए। सुप्रियो भट्टाचार्य ने



आरोप लगाया है कि मंडल मुर्मू को कोई अनजान लोग ले कर जा रहे थे और जब गिरिडीह पुलिस ने उस गाड़ी को रोका तो उपरोक्त तीनों पदाधिकारियों ने गिरिडीह प्रशासन को धमकाया। इधर मंडल मुर्मू ने थाना को आवेदन दे कर मांग किया है कि उनका कोई अपहरण नहीं हुआ है। सुप्रियो भट्टाचार्य को यह भी बताना चाहिए कि मंडल मुर्मू को किस पदाधिकारी ने रोका?साथ में कौन था? क्या मंडल मुर्मू के खिलाफ कोई अपराधिक मामला दर्ज है? किस राजनेता के कहने पर मंडल मुर्मू को रोका गया? जब मंडल मुर्मू को अज्ञात लोग ले गए तो केस क्यों नहीं दर्ज हुआ? पूरा मामला संदिग्ध है और सुप्रियो भट्टाचार्य ने चुनाव कार्य में लगे हुए सभी पदाधिकारी को भयाक्रांत करने के लिए ऐसा बयान दिया है।

# समाज को बांट कर चुनावी आतंकवाद फैला रही भाजपा : कांग्रेस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि भाजपा ने झारखंड में चुनावी आतंकवाद की शुरूआत कर दी है और इसी के सहारे चुनावी वैतरणी पार करना चाहती है। बाबूलाल मरांडी के बयान पर पलट वार करते शांति ने रविवार को कहा कि जब-जब देश के किसी राज्य में चुनाव होता है। भाजपा इसी ₹चुनावी आतंकवाद₹ का प्रयोग रक्षात्मक हथियार के रूप में करती है। इसमें धर्म,छल, प्रपंच,घुसपैठ,नफरती भाषण, धनबल,झूठा प्रोपेगेंडा,जांच एजेंसियों का दुरुपयोग का बारूदी मसाला भरा हुआ रहता है।
उन्होंने कहा कि भाजपा हर चुनाव में इस शस्त्र का प्रयोग समाज को विभक्त कर दो धुरी में बांटने का प्रयास करती है ताकि इसका फायदा उठाया जा सके।
उन्होंने कहा कि विगत कई माह से भाजपा महागठबंधन सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के खिलाफ मुद्दों को योजनाबद्ध तरीके से फैलाने में लगी थी लेकिन इसमें फेल होने पर सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से अपने एजेंडे को खाद पानी देकर उसे फैलाने की कोशिश भाजपा नेता कर रहे हैं। भाजपा ने अपने इस एजेंडे के लिए संथाल परगना क्षेत्र को मुफीद जगह माना है,यही कारण है कि चुनाव में जीत हासिल करने के लिए संथाल परगना को भाजपा ने विशेष रूप से लक्ष्य बनाया है और वहां के मतदाताओं के बीच सामुदायिक विभेद पैदा करने की मुहिम चला रही है।
आदिवासी मुस्लिम के बीच घुसपैठ के मुद्दे पर जब हिमंता बिस्वा सरमा और बाबूलाल मरांडी को मुंह की खानी पड़ी तो अब महिला सम्मान के नाम पर महिलाओं को बरगलाने की जा रही है। भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे जब एक चुनी हुई महिला जनप्रतिनिधि के संबंध में नगरवधू जैसे शब्दों का प्रयोग करते हैं तब बाबूलाल मरांडी के मुंह से महिला सम्मान के लिए कोई आवाज नहीं निकलती। पूरे देश में भाजपा शासित राज्य में महिला अत्याचारों के आंकड़ों से स्पष्ट है कि महिला आत्मसम्मान भाजपा के लिए सिर्फ चुनावी मुद्दे हैं। महागठबंधन सरकार के एजेंडे में महिला सम्मान की रक्षा और आर्थिक सुदृढ़ीकरण प्राथमिकता है। मईंया सम्मान योजना से हतप्रभ भाजपा महिलाओं को अपने पाले में करने के लिए कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी को मोहरा बना रही है।

# गैर आंदोलनकारियों व झारखंड विरोधियों का चुनाव में होगा विरोध : डॉ सूरज मंडल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पूर्व सांसद डॉ सूरज मंडल ने कहा कि विधानसभा चुनाव में गैर आंदोलनकारियों, झारखण्ड विरोधियों और अपराधियों का तीव्र विरोध किया जायेगा। मोर्चा इस बात का पुरजोर प्रयास करेगा कि झारखण्ड आंदोलनकारियों व उनसे सम्बंधित उम्मीदवारों के साथ ही उन प्रत्याशियों को समर्थन दिया जाये जो झारखण्ड और इस प्रदेश के लोगों का विकास करेंगे न कि केवल बातें बनाकर अपनी तिजोरी भरेंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिये झारखण्ड आंदोलनकारियों की मजबूत गोलबन्दी के साथ ही आम लोगों के बीच सघन प्रचार व जनजागरूकता का झारखण्ड आंदोलनकारी क्रांतिकारी मोर्चा ने संकल्प लिया है।



डॉ मंडल ने कहा कि अनेक अपराधियों के साथ ही झारखण्ड विरोधियों, घोषित भ्रष्टाचारियों और बाहरियों को जिस प्रकार से राष्ट्रीय पार्टियों ने टिकट दिया है वह इस प्रदेश के लोगों के लिये गंभीर चिन्ता की बात है। उन्होंने कहा कि मोर्चा दो बिन्दु को आधार बनाकर रणनीति के तहत काम करेगा। एक ओर वैसे तत्वों का तीव्र विरोध होगा जबकि दूसरी ओर वैसे प्रत्याशियों का पुरजोर समर्थन होगा जो मोर्चा के घोषित संकल्पों के तहत खरा उतरेंगे। इसके लिये वैसे उम्मीदवारों की सूची तैयार करने के लिये मोर्चा द्वारा आज एक समिति का गठन किया गया जो दो दिनों के अंदर अपना प्रतिवेदन देगी। डॉ मंडल ने कहा कि उक्त प्रतिवेदन के आधार पर ही सटीक रणनीति के तहत सघन जनसम्पर्क किया जायेगा। डॉ मंडल ने झारखण्ड के सभी मतदाताओं से आह्वान किया कि अपने व अपने बच्चों के हित में और झारखण्ड के जमीनी विकास के लिये झारखण्ड विरोधियों की शिकस्त में अपनी सक्रिय भूमिका निभायें और वैसे लोगों के खिलाफ में खुलकर मतदान करें।

# हिमंता-दीपक ने रात में मनाने का प्रयास किया, फिर भी नहीं माने मिसिर कुजूर

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
भाजपा के युवा नेता मिसिर कुजूर की नाराजगी को शांत करने और आगामी चुनाव में उनका समर्थन बनाए रखने के उद्देश्य से असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने उनसे रात में मुलाकात की। यह बैठक रात 11:45 बजे मिसिर के आवास पर शुरू हुई और करीब 50 मिनट तक चली। इस वार्ता के दौरान भाजपा नेताओं ने कुजूर के सामने पार्टी के विचार और आगामी चुनावी रणनीति रखी, ताकि उनके मन में असंतोष को दूर किया जा सके और पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा बरकरार रहे।
पार्टी के सूत्रों के अनुसार, 2019 के चुनाव में टिकट वितरण और अन्य फैसलों को लेकर मिसिर कुजूर असहमति व्यक्त कर चुके हैं। उन्होंने पार्टी में अपने योगदान को मान्यता न मिलने की शिकायत भी की थी। इसी कारण उनकी नाराजगी को गंभीरता से लेते हुए भाजपा नेतृत्व ने हिमंता और दीपक के साथ इस मुलाकात का आयोजन किया, ताकि कुजूर के सभी मुद्दों को सुना



जा सके और समाधान निकाला जा सके।
बैठक में हिमंता बिस्वा सरमा ने कुजूर को आश्वस्त किया कि उनकी चिंताओं और सुझावों पर उचित ध्यान दिया जाएगा, वहीं दीपक प्रकाश ने उनके पार्टी में योगदान को सराहा और वादा किया कि भविष्य में टिकट वितरण और अन्य मुद्दों पर उनसे सलाह ली जाएगी। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि मिसिर कुजूर ने मुलाकात के बाद भी अपनी नाराजगी दूर नहीं की है और भाजपा के प्रति समर्थन को लेकर अब भी अनिश्चितता बनी हुई है। ऐसा माना जा रहा है कि आगामी दिनों में पार्टी संगठन उनसे दोबारा संपर्क कर उनके मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करेगा और उन्हें समझाने का प्रयास जारी रखेगा।

## त्योहार के दौरान चुनाव प्रचार में आचार संहिता के अनुपालन पर प्रशासन की रहेगी कड़ी नजर

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार में दीपावली, काली पूजा एवं छठ पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक में पर्व के दौरान राजनीतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा चुनावी प्रचार-प्रसार के क्रम में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न होने पाये इस बाबत पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया. साथ ही उड़नदस्ता को सक्रिय और सजग रहने का निर्देश दिया गया. वहीं सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी पर जोर दिया गया आपसी भाईचारा एवं हर्षोल्लास से त्योहार मनायें।

## युवक ने पारिवारिक विवाद में किया कीटनाशक का सेवन, हालत गंभीर

**गुमला।** गुमला के रायडीह थाना क्षेत्र के भींज पुर निवासी 27 वर्षीय युवक भानु प्रताप सिंह ने पारिवारिक विवाद के चलते कीटनाशक का सेवन कर लिया। गंभीर हालत देखते हुए परिजन उन्हें तुरंत गुमला के सदर अस्पताल लेकर आए, जहां डॉक्टरों की टीम उनकी जान बचाने के प्रयास में लगी हुई है। घटना के वक्त घर में कोई मौजूद नहीं था, और युवक की पत्नी किसी कार्य से बाहर गई हुई थी।

# स्कूली बच्चे माता-पिता को पत्र लिखकर करेंगे मतदान की अपील

**रांची।** विधानसभा चुनाव-2024 में राज्य के मतदान प्रतिशत को अधिकतम करने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओर से लगातार कई प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में एक अभिनव प्रयास के रूप में 28 अक्टूबर को शिक्षा विभाग के समन्वय से स्कूली बच्चों द्वारा अभियान चलाया जाना है। इस अभियान के तहत स्कूली बच्चे पूर्वाह्न 11 से 12 के बीच अपने-अपने माता-पिता, अभिभावकों को पत्र लिखकर अनिवार्य मतदान के लिए भावुक अपील करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि केवल बच्चों की अपील का न केवल मां-बाप पर गहरा प्रभाव होगा, बल्कि इससे बच्चों में भी लोकतांत्रिक मूल्यों का बीजारोपण होगा। क्योंकि, आज के बच्चे ही कल के हमारे मतदाता हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कुमार ने बताया कि आज के ज्यादातर युवा सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं। किसी भी अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिये सोशल मीडिया सबसे सहज और सरल माध्यम है। इसलिए 28 अक्टूबर को शाम पांच बजे से सात के बीच बच्चे अभिभावक तथा आम लोग #मम्मी पापा वोट दो हैशटैग के साथ अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल से अपने पोस्ट करेंगे। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के सोशल मीडिया हैंडल्स को टैग करेंगे। उन्होंने राज्य के सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स से भी उक्त अभियान में सहभागिता निभाने की अपील की है।

# पांच युवाओं ने सेना में शामिल होकर देश सेवा का लिया संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
गुमला जिले के पांच होनहार युवाओं ने भारतीय सेना में अग्निवीर योजना के तहत मातृभूमि की रक्षा के लिए कदम बढ़ाया है। आज शाम गुमला के बस स्टैंड पर आयोजित एक विदाई समारोह में इन्हें देश सेवा के लिए सम्मानित किया गया। गुमला विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी मिशिर कुजूर ने इन युवाओं को माल्यार्पण कर मिठाई खिलाई और उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

**देश की रक्षा के लिए समर्पण**
गुमला के युवाओं में अभिषेक किंडो, राशिम लकड़ा, जोसफ



बेक, बिरिया उरांव और प्रकाश उरांव शामिल हैं। ये सभी युवक भारतीय सेना में अग्निवीर योजना के तहत चयनित हुए हैं और अब बॉर्डर पर जाकर देश की सेवा करेंगे। मिशिर कुजूर ने अपने संबोधन में कहा, आप सभी देश के दुश्मनों के खिलाफ अपनी जान जोखिम में डालकर मातृभूमि की सुरक्षा करते हैं। आप हमारी सुरक्षा के लिए बॉर्डर पर तैनात रहते हैं, जिससे हम चैन की नींद सो सकते हैं। गुमला जिला को आप पर गर्व है। मिशिर कुजूर ने इन युवाओं को प्रेरित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि देश के लिए सेवा करना गर्व की बात है, और इन युवाओं का समर्पण व साहस आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा। गुमला जिले के लोग इनकी वीरता पर गर्व महसूस करते हैं। इस विदाई समारोह में लक्ष्य फिजिकल अकादमी के निर्देशक नेलसन भगत, जिला कुश्ती संघ के महासचिव नीलेश साहू, समाजसेवी दीपक कुमार, नितेश कुमार, छोटेलाल और विकास साहू भी उपस्थित रहे। सभी ने इन युवाओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वे देश की रक्षा में अद्वितीय योगदान देंगे। इन युवाओं की देशभक्ति ने समाज को गर्वित किया है, और सभी ने मिलकर इन्हें शुभकामनाएं दीं।

# निरंजन राय ने सभा करके लोगों से मांगा सहयोग



**गिरिडीह।** धनवार विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी निरंजन राय के चुनाव लड़ने की घोषणा से राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है. पुरे प्रदेश की निगाहें धनवार विधानसभा सीट पर टिकी हुई है.वहीं निर्दलीय प्रत्याशी निरंजन राय की पूरी टीम नॉमिनेशन की तैयारी और जनता से जनसंपर्क बनाने में जुटे हुए हैं। इसी के मद्देनजर धनवार के डोरंडा चौक स्थित निरंजन राय कैम्पस में उनके पुत्र निशांत राय की अध्यक्षता में युवाओं की एक बैठक आयोजित की गई. जिसमें मुख्य रूप से निरंजन राय मौजूद थे. बैठक के दौरान राय ने युवा शक्ति की सराहना करते हुए युवाओं से अपना समर्थन बनाए रखने की अपील की. वहीं उनके पुत्र निशांत राय ने भी युवाओं से अपने पिता के समर्थन में सहयोग करने की अपील की. उन्होंने जयराम महतो की स्टाइल में गाड़ी की छत पर चढ़कर सम्बोधन किया. साथ ही बताया कि उन्होंने भारतीय संघर्ष सेना नामक संगठन शुरू किया है. जिसका उद्देश्य युवाओं को एकजुट करना है।

## मगड़ोसोल काजू जंगल में एक हाथी पहुंचा, वन विभाग ने ग्रामीणों को किया सतर्क

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के मानुषमुड़िया पंचायत अंतर्गत मगड़ोसोल काजू जंगल में एक जंगली हाथी आ पहुंचा है. हाथी की दस्तक से जंगल से सटे गांव मनुषमुड़िया, बेनाशोली, बेहेड़ा, शालदोहा, नाकदोहा के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है. हाथियों का दल बहरागोड़ा मांगड़ोसोल जंगल रेंज में अलग-अलग दल में घूम रहे हैं. मांगड़ोसोल जंगल से एक हाथी हिलने का नाम ही नहीं ले रहा है. किसानों ने बताया कि जमीन में लगे धान की फसल को बचाने के लिए ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर हो गए हैं।

# झामुमो प्रत्याशी निजामुद्दीन अंसारी की नामांकन में पहुंचेंगे हजारों कार्यकर्ता

**नवीन मेल संवाददाता। धनवार गिरिडीह**
धनवार विधानसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी निजामुद्दीन अंसारी के नेतृत्व में सोमवार को झामुमो प्रत्याशी निजामुद्दीन अंसारी नामांकन दाखिल करेंगे उन्होंने इसके पूर्व भी शुक्रवार के दिन अपना नामांकन दाखिल किया था कल के उनके नामांकन में हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे इसी संबंध में आज पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी के आवास पर इंडिया गठबंधन के नेताओं की एक संयुक्त बैठक हुई इस बैठक में कांग्रेस, राजद और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित हुए सभी ने कल अनुमंडल कार्यालय खोरी महुआ में निजामुद्दीन अंसारी के नामांकन में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संकल्प लिया। पूर्व



विधायक निजामुद्दीन अंसारी के आवास से सभी इंडिया गठबंधन के लोग अनुमंडल कार्यालय खोरी महुआ पहुंचेंगे और वही पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी के नामांकन में शामिल होंगे निजामुद्दीन अंसारी की नामांकन में हेमंत सोरेन एवं कल्पना शोरन भी उपस्थित होगी। इस दौरान बीस सूत्री अध्यक्ष सफीक अंसारी ने कहा कि,इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी निजामुद्दीन अंसारी के नामांकन में प्रखंड से हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे। कहा कि धनवार विधान सभा से झामुमो प्रत्याशी की जीत तय है उन्होंने कहा कि निजामुद्दीन अंसारी के कार्यकाल में ही धनवार को अनुमंडल का दर्जा मिला अगर जनता का सहयोग मिला तो राजधनवार को जिला बनाया जाएगा। इस बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष नाथेश्वर ठाकुर राष्ट्रीय जनता दल के देवनंदन प्रसाद यादव झारखंड मुक्ति मोर्चा के सिराज अंसारी जितेंदर रविदास रऊफ अंसारी मोहम्मद तबारक मोहम्मद खुर्शीद सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मटिहाना व कुंवरदा गांव के कुम्हारों के चाक की गति थमी

**जमशेदपुर।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के मटिहाना और कुंवरदा गांव में कुम्हारों के चाक की घूमने की गति थम सी गई है. यहां की युवा पीढ़ी अपने पुश्तैनी धंधे को छोड़ रही है. दीपावली में 10 से 15 परिवार ही मिट्टी के दीये एवं बर्तन बनाने में जुटी है. यहां लगभग 150 परिवार निवास करते हैं. पूर्व में सभी परिवार मिट्टी के बर्तन बनाते थे. वर्तमान समय में लगभग 135 परिवार मिट्टी के बर्तन व अन्य सामान बनाना छोड़ दिए हैं. महंगाई की मार के कारण इस व्यवसाय में नयी पीढ़ी आना नहीं चाहती है. युवा पीढ़ी मजदूरी कर रहे हैं. इस धंधे से जुड़े लोगों का कहना है कि अब लोगों में आधुनिक चीजों में रूचि बढ़ गई है। मिट्टी के बर्तन और दीये का कोई उपयोग करना नहीं चाह रहे हैं. दीये जलाने के लिए तेल की कीमत में भी वृद्धि हुई है।

## मछली मारने के दौरान मिर्गी का दौरा पड़ने से युवक की डूबकर मौत

**गुमला।** गुमला जिले के टोटो क्षेत्र में मछली पकड़ने के दौरान दुखद घटना में 26 वर्षीय राजा उरांव की मिर्गी का दौरा पड़ने से नदी में गिरकर मौत हो गई। शनिवार देर शाम टोटो निवासी राजा उरांव, पिता सुरेश उरांव, कुछ ग्रामीणों के साथ नदी में मछली मारने गया था। इसी दौरान अचानक मिर्गी का झटका आने से वह नदी में गिर गया और डूबने से उसकी मृत्यु हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत उसे नदी से बाहर निकालकर गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल शव को शवगृह में रखा गया है, और रविवार को पोस्टमार्टम कर परिजनों को शव सौंप दिया गया है।

## सर्पदंश से वृद्ध महिला की हालत गंभीर

**गुमला।** गुमला के बसिया थाना क्षेत्र के टांगर जरिया गांव में 60 वर्षीय वृद्ध महिला कांति देवी को करैत सांप ने पैर में डस लिया, जिससे उनकी स्थिति गंभीर हो गई। घटना के बाद परिजन उन्हें तत्काल गुमला सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कांति देवी अपने पड़ोसी के घर किसी काम से जा रही थीं। रास्ते में एक नाले को पार करते समय अचानक एक करैत सांप उनके पैर से लिपट गया। महिला ने घबराकर सांप को पैर से हटाने का प्रयास किया, लेकिन सांप ने डरते हुए उनके पैर में डस लिया और फिर झाड़ियों में जाकर छिप गया। डसने के तुरंत बाद महिला को तेज लहर और जलन महसूस होने लगी। गंभीर स्थिति को देखते हुए परिजनों ने बिना देर किए उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों की देखरेख में महिला का उपचार चल रहा है, और अब उनकी हालत सामान्य बताई जा रही है।

संपादकीय

## धर्मनिरपेक्षता की सुप्रीम व्याख्या

सुप्रीम कोर्ट ने अपने दो फैसलों में धर्मनिरपेक्षता की विस्तृत व्याख्या करते हुए कहा कि असल में धर्मनिरपेक्षता के संबंध में संविधान-निमार्ताओं की सोच धार्मिक सहिष्णुता, समानता एवं बंधुत्व भाव से था, लेकिन बाद में यह शब्द भ्रामक हो गया और इसने धर्म के अस्तित्व को ही नकार दिया। राजनेताओं ने अपने-अपने हितों को साधने के लिये इस धर्मनिरपेक्षता शब्द के वास्तविक अर्थ एवं भावना को ही धुंधला दिया। संविधान के 42वें संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं के संबंध में धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान की आधारभूत संरचना का हिस्सा बताया और स्पष्ट संकेत दिया है कि धर्मनिरपेक्षता को पश्चिमी देशों से आयातित शब्द के नजरिये से देखने के बजाय भारतीय संविधान की आत्मा के रूप में देखना चाहिए।

**42वें संविधान संशोधन के बाद भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 'पंथनिरपेक्ष' शब्द जोड़ा गया, लेकिन इस शब्द का प्रयोग भारतीय संविधान के किसी अन्य भाग में नहीं किया गया है।**

धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान की मूल विशेषता बताते हुए कोर्ट ने कहा कि संविधान में वर्णित समानता व बंधुत्व शब्द इसी भावना के आलोक में वर्णित हैं। धर्मनिरपेक्षता को भारतीय लोकतंत्र की अपरिहार्य विशेषता बताते हुए कहा कि यह समाज में व्यापक दृष्टि वाली उदार सोच को विकसित करने में सहायक है। जिसके बिना स्वस्थ लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती जो राष्ट्रीय एकता का भी आवश्यक अंग है। 42वें संविधान संशोधन के बाद भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 'पंथनिरपेक्ष' शब्द जोड़ा गया, लेकिन इस शब्द का प्रयोग भारतीय संविधान के किसी अन्य भाग में नहीं किया गया है। वैसे संविधान में कई ऐसे अनुच्छेद मौजूद हैं जिनके आधार पर भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राज्य कहा जाता है क्योंकि भारत का संविधान देश के नागरिकों को यह विश्वास दिलाता है कि उनके साथ धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जायेगा। संविधान में भारतीय राज्य का कोई धर्म घोषित नहीं किया गया है और न ही किसी खास धर्म का समर्थन किया गया है। इसका कारण भारत में अनेकों धर्म और सम्प्रदाय प्रचलित हैं। अतः संविधान निमार्ताओं ने इसको धर्मनिरपेक्ष देश के रूप में स्वीकार किया। भारतीय समाज का बहुधर्मी व विभिन्न संस्कृतियों का गुलदस्ता होना भी इसकी अपरिहार्यता को दशार्ता है। शीर्ष अदालत ने इस मुद्दे पर अपनी राजनीतिक सुविधा के लिए इसका उपयोग करने वाले नेताओं को भी आईना दिखाया है। प्रसिद्ध दार्शनिक पूर्व राष्ट्रपति डा एस राधाकृष्णन्‍ ने धर्म निरपेक्षता शब्द के व्यापक अर्थ को स्पष्ट करते हुए कहा था- ह्यधर्मनिरपेक्ष होने का अर्थ अधर्मी होना अथवा संकुचित धार्मिकता पर चलना नहीं होता, वरन इसका अर्थ पूर्णतः आध्यात्मिक होना होता है। निरपेक्ष का अर्थ है कि राष्ट्र की ओर से किसी धर्म विशेष का प्रचार-प्रसार नहीं किया जाएगा। सब धर्मों के प्रति समानता का व्यवहार किया जाएगा। भारत के लोकतंत्र एवं संविधान की यही विशेषता है कि इसमें किसी एक धर्म को मान्यता न देकर सभी धर्मों को समान नजर से देखा जाता है। धर्मनिरपेक्षता को लेकर चलने वाली कथित बौद्धिक बहसें अक्सर जिस तरह का तीखा रूप ले लेती हैं, उनके लिए सुप्रीम कोर्ट के अलग-अलग इन दो फैसलों में इसकी सीमा रेखांकित हुई है। एक मामले में सर्वोच्च अदालत ने धर्मनिरपेक्षता को संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा करार दिया तो दूसरे मामले में इसकी संकीर्ण व्याख्या से उपजी गड़बड़ियां दुरुस्त कीं।

# अयोध्या की प्राचीनता व पावनता

आज से लगभग ९ हजार वर्ष पूर्व इस पावन भूमि पर मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम चक्रवर्ती सम्राट दशरथ और कौशल्या के आंगन में प्रकट हुए थे। महाकवि गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस में लिखा है किः- भये प्रकट कृपाला दीन दयाला, कौशल्या हित कारी। हर्षित महतारी, मुनि मन हारी, अद्भुत निहारी। लोचन अभिरामा, तनु घन श्यामा, निज आयुध भुज चारी।



डॉ जंग बहादुर पाण्डेय
पूर्व अध्यक्ष हिंदी विभाग
रांची विश्वविद्यालय।

महाकवि गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस में प्रभु श्रीराम के प्राकट्य के युक्ति संगत कारणों का भी उल्लेख कर दिया हैः-

**विप्र धेनु सुर संत हित, लीन्ह मनुज अवतार।**
**निज इच्छा निर्मित तनु, माया गुन गो पार।**

इसी पवित्र भूमि पर लोट पोट कर परस्पर पुराण और पुरुषोत्तम श्री राम ने भरत, लखन एवं शत्रुघ्न के साथ अपने देव दुर्लभ बाल चरित किये।ईशा की कई शताब्दियों के पूर्व भारत के राज सिंहासन को सुशोभित करने वाले हिंदू राजाओं ने समय समय पर इसकी रक्षा की, इसका जीर्णोद्धार करते रहे,किंतु शक और हूणों के आक्रमण के समय हिंदू क्रमशः राजाओं ने इधर से अपना ध्यान हटा लिया। परिणाम स्वरूप प्राचीन मंदिर भग्न हो गया और कुछ दिनों के पश्चात केवल कुछ जीर्ण-शीर्ण अंश को छोड़कर और वस्तु शेष नहीं बची। अंततः ईशा के एक शताब्दी पूर्व हिंदू सम्राट विक्रमादित्य ने बड़े परिश्रम से खोज कर इस पावन भूमि पर विशाल मंदिर बनवा दिया।

कहा जाता है कि उस समय भारतवर्ष में केवल चार सर्वोत्कृष्ट मंदिर माने जाते थे। इन चार मंदिरों के टक्कर के मंदिर संसार भर में नहीं पाये जाते थे। इन चार मंदिरों में एक श्री राम जन्मभूमि अयोध्या का मंदिर ,दूसरा महारानी कैकेई का कनक भवन,तीसरा काश्मीर का सूर्य मंदिर और चौथा गुजरात के प्रभास क्षेत्र का सोमनाथ मंदिर। इतिहास साक्षी है कि 1528 में फतेहपुर सिकरी के पास चितौड़ के राजा संग्राम सिंह से पराजित होकर मुगल सम्राट बाबर अयोध्या भाग आया। उन दिनों श्री राम जन्मभूमि मंदिर पर बाबा श्यामानंद नाम के एक पहुंचे हुए सिद्ध महात्मा निवास करते थे। इनकी सिद्धाई की धाक समस्त उत्तर भारत में फैली हुई थी,जिससे प्रभावित होकर हजरत काजल अब्बास मुशा आशिकाने कलंदर शाह नाम का फकीर आया और बाबा श्यामानंद जी उसे मुसलमानी ढ़ंग से ही योग शिक्षा देने लगे,जिसके परिणामस्वरूप कुछ ही दिनों में वह पहुंचा हुआ फकीर हो गया और उसकी सिद्धाई की धाक फैल गई। कुछ ही दिनों के पश्चात जलाल शाह नाम का एक और मुसलमान फकीर यहां आया और वह भी श्यामानंद जी का साधक शिष्य बन गया और वहीं रहकर योग क्रिया सीखने लगा।



**अयोध्या में 11 प्रमुख दर्शनीय स्थल**

- श्रीराम लला जन्मभूमि
- हनुमान गढ़ी
- कनक भवन
- दशरथ भवन
- मणि पर्वत
- सूर्य कुंड
- भरत कुंड (नंदीग्राम)
- सरयू स्नान एवं संध्या आरती
- श्री राम जल समाधि
- छोटी छावनी
- बड़ी छावनी

11 प्रमुख दर्शनीय स्थलों में से एक है श्री राम लला जन्मभूमि

पराजित बाबर बैठा नहीं रहा। कुछ ही दिनों के बाद तीन लाख सेना के साथ राणा सांगा पर आक्रमण किया और उन्हें पराजित कर दिया।कहा जाता है कि विजय प्राप्त करने के कुछ ही दिनों बाद बाबर पुनः अयोध्या आया। उसके ऊपर अपनी सिद्धाई की धाक जमा कर जलाल शाह और काजल अब्बास ने मंदिर ध्वंस करवा दी और बाबर उसके ऊपर एक मस्जिद बनवा देने की आज्ञा अपने वजीर मीर बाकी खां ताशकंदी को देकर दिल्ली चला गया।मीर बांकी ने बाबर के जाते ही मंदिर को नष्ट कर उस पर मस्जिद बनवा डाली,जो बाबरी मस्जिद के नाम से जानी गई।

अयोध्या की चर्चा करते हुए महाकवि गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस में स्वयं श्री राम के मुखारविंद से कहलाया है किः-

**यद्यपि सब बैकुंठ बखाना।**
**वेद पुरान विदित जग जाना।**
**अवधपुरी सम प्रिय नहीं सोऊ।**
**यह प्रसंग जानहिं कोई कोऊ।**

अयोध्या जिसे कभी युद्ध में जीता नहीं गया और अवध जहां कभी बध नहीं हुआ विगत कई वर्षों से युद्ध और बध का केंद्र बन गया। सरकारें आईं और गईं मगर अयोध्या का विवाद ज्यों का त्यों बना ही नहीं रहा अपितु गहराता भी गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समय में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने श्री राम जन्मभूमि के पक्ष में फैसला सुनाया।

1000 पृष्ठों के फैसले में अयोध्या का सच सामने आ गया।दूध का दूध और पानी का पानी। 22 जनवरी 2024 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र दामोदरदास मोदी जी की अगुआई और उत्तर प्रदेश के प्रतापी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्य नाथ एवं राज्य पाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल में के सानिध्य में राम लला टाट से ठाठ बाट के साथ अपने नव निर्मित राम मंदिर में स्थापित हुए। 22 जनवरी 2024 की तिथि भारतीय इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगी क्योंकि इसी दिन राम लाल टाट से ठाठ बाट के साथ अपनी जन्मभूमि के गर्भ गृह में आये। शास्त्रानुसार धार्मिक स्थलों की यात्रा धर्मपत्नी के साथ करनी चाहिए, अतः हमने सपरिवार श्री राम लला के दर्शन किये और सर्व मंगल की कामना कीः-

**सर्वे भवन्तु सुखिनः,**
**सर्वे संतु निरामयाः।**
**सर्वे भद्राणि पश्यंतु,**
**मा कश्चित दु ख भाग भवेत।**

आपकी बात

## शेयर मार्केट में अच्छी तेजी लौट सकती

पिछले सप्ताह भी भारतीय शेयर मार्केट में बड़ी गिरावट का क्रम बना रहा। निफ्टी में 674 अंक तथा निफ्टी बैंक में 1307 अंकों की गिरावट रही। विदेशी संस्थागत निवेशकों की भी बड़ी बिकवाली चिरंतन रही। नकद संभाग में उन्होंने 20064 करोड़ रुपए के शेयर बेचे तथा अक्टूबर में अभी तक वो 100242 करोड़ का भारी विक्रय कर चुकें हैं। प्रमुख विदेशी ब्रोकिंग फर्म तथा संस्थान तो भारत की अर्थव्यवस्था तथा शेयर मार्केट पर तेजी में ही थे,उनके इस आकलन के बाद से इजराइल पर ईरान के आक्रमण के अतिरिक्त कोई अधिक बड़ा नकारात्मक कारण भी नहीं बना है, ऐसे में यह बिकवाली लघु अवधि प्रवृति वाले हेज कोषों की ही हो सकती है। परंतु बड़ा विक्रय तो बड़ा विक्रय है। अतः इसने भारतीय शेयर मार्केट में निफ्टी 26277 को 24073 तक पहुंचा दिया। मार्केट गिरने का एक बड़ा कारण क्रेताओं का मार्केट से हट जाना रहा। ईरान के इजराइल पर आक्रमण से यह तो निश्चित था कि इजराइल भी ईरान पर आक्रमण करेगा, चिंता इसकी भी थी कि तेल उत्पादक प्रतिष्ठानों, परमाणु संस्थानों पर आक्रमण हो,यदि ऐसा होता तो स्थितियां अत्यंत विकट हो सकती थी। फिर आक्रमण के बाद मार्केट में गिरावट की बड़ी संभावना थी। तो सोच ये थी कि जब गिरावट का एक घटनाक्रम निश्चित ही है तो अभी क्यों क्रय करें, उल्टे बेच ले,जब गिरेगा तब खरीद लेंगे। इससे एफ आई आई के विक्रय के समक्ष एक आक्रामक क्रेता समूह, वर्ग नहीं रहा। डी आई आई ने क्रय अवश्य किया पर लगता है, उन्होंने चतुराई दिखाते हुए मार्केट की नीचे आने दिया तथा नीचे भावों में खरीद की। इस कारण मार्केट के बड़ी गिरावट दिखी। कुछ क्षेत्र विशेष रेल, रक्षा शिपिंग, पी एस यू आदि में अतिरेक क्रय देखा गया था ।भाव तो कई गुणा हो ही गए थे, पीई रेश्यो भी 100 गुणा तक हो गए थे। अतः उनके ये ऊंचे भाव टिकने वाले नहीं थे।वहां 40 प्रतिशत से भी अधिक गिरावट आ गई।असामान्य पीई पर शेयरों के भाव अधिक समय तक टिकना कठिन होता है। अतः बहुत से शेयर विशेष में भी तीव्र तथा बड़ी गिरावट आई। आपदा अवसर भी होती है तथा सीख भी। तो इस बार जो शेयर मार्केट में गिरावट की आपदा आई है, उसमें भी ये दोनों है। अवसर यह कि अनेक अच्छी कंपनियों के शेयर अच्छे मूल्यों पर मिल रहें हैं, आकर्षक पीई पर उपलब्ध हैं, सीख यह कि अत्यधिक पीई के अधिकांश शेयरों में क्रय न करें। निवेश करते समय मार्केट कैप,लाभ तथा शेयर मूल्य के अनुपात को सर्वोच्च वरीयता दें। भावावेश में आ कर निवेश निर्णय न लें। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



शशांक भारद्वाज

धर्म की बात

# दीपशिखा भारत का मन है

तीन दिन बाद भारत में दीपपर्व है। वातावरण मधुवाता है। कुछ दिन पहले गर्म हवाओं के झोंके थे। संप्रति वातायन में न शीत है और न ही उमस ताप। वर्षा रानी भी गरज बरस कर चली गईं। धन का पर्व धनतेरस है। भारत ने अपनी करेन्सी को रूपया कहा। मुद्रा का 'रूपया' नाम और भी दिलचस्प। 'रूप-या' संस्कृत से आया है। रूप-या का अर्थ हुआ-जो रूप है। रूपया बड़ा मजेदार है। आकर्षण भी है। रूप में यह कागज है। इस रूप के भीतर समस्त भौतिक वस्तुए छुपी हैं। यहाँ रूपया दो, जो पसंद है वह लो। रूपया बड़ा शक्तिशाली है। ऋग्वेद में उचित ही मुद्रा को देवताओं जैसा शक्तिशाली बताया गया है। तरह-तरह के रूप धारण करना। रूपया बहुरूपया है। धनतेरस और दीपावली लक्ष्मी आराधना की मुहूर्त है। लक्ष्मी मनुष्य को धनार्जन 'शुभ लाभ' देती हैं। अर्थशास्त्र में उद्यमी को साहसी बताया गया है। वह साहस करता है, कारखाना वगैरह लगाता है। साहस का प्रतिफल पाता है। 'शुभ लाभ' भारतीय चिन्तन का विकास है। लाभ में श्रमिकों का शोषण, टैक्सचोरी और भ्रष्टाचार भी शामिल है। 'शुभ लाभ' ईमानदार उद्यमी का हिस्सा है। पर्व त्योहार दिक और काल के भीतर हैं। देव प्रकाशवाची हैं। जहां-जहां ज्योतिर्गमय प्रकाश, वहा वहां दिव्यता और वहां-वहां देवता। हम भा-रत हैं। भा अर्थात प्रकाश, रत यानी संलग्न। माना जाता है कि प्रकाश और अंधकार का संघर्ष सनातन है। लेकिन यह सही नहीं है। अंधकार और प्रकाश दो नहीं हैं। प्रकाश का शून्य हो जाना अंधकार है। इसी तरह अंधकार शून्य होना प्रकाश है। सूर्य प्रकाश पुंज है। उन्हें नमस्कार हमारी संस्कृति है। हम चन्द्र को अर्घ्य देकर पूंजते हैं। चन्द्र ब्रह्माण्ड का मन है। पूर्णिमा का प्रकाश उपास्य है। दूसरे ही दिन से चांद घटने लगता है और अमावस तक रोजाना घटता है। अमावस परिपूर्ण अंधकार रात्रि है। अगले दिन से अंधकार पिटता है, प्रकाश बढ़ता है, 15 दिन बाद पूर्णिमा आती है। पूनो (पूर्णिमा) का चन्द्र अपनी पूरी आभा, प्रभा दीप्ति और प्रीति के साथ खिलता है। भारत ने प्रत्येक पूर्णिमा को उत्सव बनाया। अषाढ़ पूर्णिमा का चन्द्र बादलों से भी ढकता है। लेकिन उन्मुक्त चमकता है सो इस रात गुरू पूर्णिमा। श्रावण की पूर्णिमा रक्षाबंधन होती है लेकिन शरद् चन्द्र का क्या कहना? बहुत दूर आसमान में बैठा शरद् चन्द्र धरती की प्रीति में अमृतघट उलीचता है, भारत ने शरद् पूनो के चन्द्र को बहुत प्यार किया है। वैदिक ऋषि सौ शरद् जीने के अभिलाषी थे-जीवेम शरदं शतं। सौ शरद् देखना भी चाहते थे-पश्येम शरदं शतं। शरद पूनो की दीप्ति प्रीति ज्यादा गाढ़ी है ठीक वैसे ही 15 दिन बाद आने वाली कार्तिक अमावस्या का अंधकार बाकी अमावसों से ज्यादा गाढ़ा और गहरा जान पड़ता है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



हृदयनारायण दीक्षित



बोधि वृक्ष

**यदि आप सुख चाहते हैं, तो इसे प्राप्त करके ही रहें! ऐसा कुछ भी नहीं है जो आपको रोक सकता हो। सुख कुछ सीमा तक बाह्य परिस्थितियों पर निर्भर करता है, परन्तु मुख्य रूप से यह मानसिक स्थितियों पर निर्भर है।**

## सुख : सकारात्मक मनोवृत्ति

यदि आपने कभी भी सुखी होने की आशा छोड़ दी है, तो प्रसन्न हों। कदापि आशा मत छोड़ें। आपकी आत्मा, आनन्द-स्वरूप परमात्मा का प्रतिबिम्ब होने के नाते, वास्तव में, स्वयं सुख स्वरूप है। यदि आप सुख चाहते हैं, तो इसे प्राप्त करके ही रहें! ऐसा कुछ भी नहीं है जो आपको रोक सकता हो। सुख कुछ सीमा तक बाह्य परिस्थितियों पर निर्भर करता है, परन्तु मुख्य रूप से यह मानसिक स्थितियों पर निर्भर है। अध्यात्म विज्ञान के अनुसार मन की प्रवृत्ति ही सब कुछ है।... अपने मन को सभी परिस्थितियों में समभाव में बने रहने का प्रशिक्षण दीजिये। मानव मन बिलकुल एक सोख्ता कागज (ब्लॉटिंग पेपर) की तरह होता है जो तुरन्त उसी रंग में रंग जाता है जो आप उस पर मल देते है। अधिकांश मन अपने परिवेश के रंग में रंग जाते हैं। परन्तु बाह्य परिस्थितियों द्वारा मन के पराजित हो जाने का कोई बहाना नहीं हो सकता। यदि परीक्षाओं के दबाव में आपकी मानसिक प्रवृत्ति निरन्तर परिवर्तित होती रहती है, तो आप इस जीवन-संग्राम में पराजित होते जा रहे हैं। प्रसन्न रहने का दृढ़ संकल्प आपकी सहायता करेगा। इस भ्रान्ति में अपनी परिस्थितियों के बदलने की प्रतीक्षा न करें कि आपकी परेशानी का कारण आपकी परिस्थितियाँ हैं। यदि आप अपनी परिस्थितियाँ बदलना चाहते हैं तो अपने विचारों को बदलें। क्योंकि अकेले आप स्वयं अपने विचारों के लिए उत्तरदायी हैं, इसलिए केवल आप ही इन्हें बदल सकते हैं। जब आप अनुभव कर लेंगे कि प्रत्येक विचार अपनी प्रकृति के अनुसार रचना करता है, तो आप उन्हें बदलना चाहेंगे। **(क्रमशः)**



श्री श्री परमहंस योगानंद

## फेसबुक वॉल से

Zindagi Gulzar Hai · Follow
5d ·
Absolutely 👍
.... See more




Kamal Sahani and others 613 comments 3.3K shares

## X से

Panchjanya @epanchjanya · 20h
अजित डोवाल का बड़ा बयान!

प्रोपेगेंडा को ध्वस्त करना हर उस व्यक्ति की जिम्मेदारी है जो देशभक्त है।

सोशल मीडिया पर सेना के बारे में सैकड़ों झूठ परोसे जाते हैं।

इन झूठ से हमारी सेना का मनोबल और सरकार पर विश्वास काफी गिरता है।

सरकार पर कई प्रकार के झूठ बोलकर जनता को गुमराह किया Show more



193 2.9K 9.9K 194K

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

## आज का दोहा

**ब्रह्म ऋषि होकर पुजे, तप से विश्वामित्र।**
**लोग बदलना चाहते, बदले बिना चरित्र।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

अलग बात

# अमूर्त कला और अध्यात्म

अमूर्त कला, जो प्रत्यक्ष रूप से किसी वस्तु, व्यक्ति या दृश्य का चित्रण नहीं करती, एक ऐसी कला शैली है जिसमें कलाकार अपनी भावनाओं, अनुभवों, और आंतरिक दुनिया को रंगों, रेखाओं और रूपों के माध्यम से अभिव्यक्त करता है। इसका उद्देश्य किसी ठोस रूप या आकार को चित्रित करना नहीं है, बल्कि वह भावनाओं और संवेदनाओं को दशार्ता है, जिसे प्रत्येक व्यक्ति अपने दृष्टिकोण और अनुभव के अनुसार समझ सकता है। इसी कारण से, अमूर्त कला का अध्यात्म से गहरा संबंध है, क्योंकि यह आत्मा की गहराइयों को, उसके भावों और उसकी अनुभूतियों को प्रतीकों और अमूर्तता के माध्यम से प्रकट करता है। अमूर्त कला का आरंभ 20वीं शताब्दी की शुरूआत में हुआ। कलाकारों ने पारंपरिक कला की सीमाओं को तोड़कर अपनी आत्मा की गहराइयों को व्यक्त करने की कोशिश की। इस शैली के प्रमुख कलाकार जैसे वासिली कैंडिंस्की, पीट मोंड्रियन, और जैक्सन पोलक ने अमूर्त कला को नए आयाम दिए। इन कलाकारों का मानना था कि कला का उद्देश्य केवल दृश्य सौंदर्य को प्रस्तुत करना नहीं है, बल्कि उसमें ऐसे भाव और विचार निहित होने चाहिए जो हमारे आंतरिक संसार को स्पर्श करें। अमूर्त कला के विकास में पूर्वी और पश्चिमी आध्यात्मिक और धार्मिक विचारों का भी बड़ा योगदान रहा। विशेषकर भारतीय और पूर्वी दर्शन ने अमूर्त कला के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जहां ध्यान, आत्म-अवलोकन, और अंतर्मन की खोज के सिद्धांतों को कला में उतारने का प्रयास किया गया। कैंडिंस्की ने अपनी पुस्तक 'कन्सर्निंग द स्पिरिचुअल इन आर्ट' में बताया कि अमूर्त कला केवल रंगों और रेखाओं का खेल नहीं है, बल्कि यह हमारे भीतर की गूढ़ अनुभूतियों को सामने लाने का एक साधन है। अध्यात्म का संबंध आत्मा, चेतना और उस अनदेखे संसार से है, जिसे हम अपनी पाँचों इंद्रियों से नहीं देख सकते। अध्यात्म में ध्यान, साधना और आत्म-अवलोकन के माध्यम से इस अदृश्य दुनिया को समझने का प्रयास किया जाता है। अमूर्त कला इसी अध्यात्म को दृश्य रूप देने का प्रयास करती है। यह हमारे विचारों, भावनाओं, और अनुभूतियों को रंगों और रेखाओं में बदल देती है। अध्यात्म का उद्देश्य अंतर्मन की गहराईयों में उतरना और जीवन के गूढ़ रहस्यों को समझना होता है, और अमूर्त कला इस यात्रा में हमारा मार्गदर्शन करती है। अमूर्त कला का स्वरूप अनिश्चित और अस्पष्ट होता है, जिसमें प्रत्येक दर्शक अपने अनुसार अर्थ ढूंढ सकता है। अध्यात्म की तरह, यह हमें हमारे स्वयं के भीतर झांकने का अवसर देता है और हमारे मन की गहराइयों में बसे उन भावों को उजागर करता है जिन्हें हम शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकते। यह हमें हमारे अस्तित्व के उच्चतम आयाम से जोड़ता है, जिससे हम अपनी आत्मा को पहचान सकते हैं। अमूर्त कला में रंगों का विशेष महत्व होता है, क्योंकि हर रंग एक विशेष भावना और ऊर्जा का प्रतीक होता है। जैसे कि नीला रंग शांति और अंतर्मन को दशार्ता है, लाल रंग ऊर्जा और जीवन शक्ति का प्रतीक है, हरा रंग संतुलन और स्वास्थ्य का संकेत देता है, और पीला रंग उल्लास और चेतना का प्रतीक है। रूपों की बात करें तो वृत्त, त्रिकोण, वर्ग आदि प्रत्येक का अध्यात्म में विशेष अर्थ होता है। वृत्त शाश्वतता और अखंडता का प्रतीक है, त्रिकोण ऊर्ध्वगामी ऊर्जा को दशार्ता है, जबकि वर्ग स्थिरता और शक्ति का प्रतीक माना जाता है। अमूर्त कला में रंगों और रूपों का यह संयोजन हमारे मन को गहराई से प्रभावित करता है और हमें आत्म-चेतना के मार्ग पर अग्रसर करता है। यह हमें हमारे आंतरिक संसार का प्रतिबिंब दिखाता है, और हमारे विचारों को एक नए रूप में प्रस्तुत करता है। अध्यात्म में ध्यान एक प्रमुख साधन है, जिससे व्यक्ति अपने मन और आत्मा के गूढ़ रहस्यों को समझ सकता है। इसी प्रकार अमूर्त कला भी एक प्रकार की ध्यान प्रक्रिया है।



डॉ दीपक प्रसाद



**रंगकर्मी, निर्देशक, सहायक आचार्य (परफॉर्मिंग आर्ट) कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला, रांची विश्वविद्यालय रांची।**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# डिजिटल पथ के रूप में दिखेगा धर्मपथ और लता मंगेशकर चौक

एजेंसी। अयोध्या

आठवें दीपोत्सव के दौरान अयोध्या डिजिटल नगरी के रूप में नजर आने वाली है। दीपोत्सव में आस्था और प्रकाश का ऐसा संगम दिखने वाला है कि हर कोई निहारता ही रह जाएगा। खास तौर से अयोध्या का धर्मपथ और लता चौक। इनकी आभा देखते ही बनेगी। यहां डिजिटल पिलर लगाए जा रहे हैं। भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद पहली बार दीपोत्सव का आयोजन होना है। इसे देखते हुए श्रद्धालुओं को त्रेता युग वाला अनुभव कराने की कोशिश की जा रही है। राम की पैड़ी समेत अन्य घाटों पर 25 लाख दीपों के प्रज्ज्वलन का रिकॉर्ड बनना है। इसके अलावा रामकथा पार्क व प्रमुख पथों को सजाने की कवायद जोरशोर से चल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आठवें दीपोत्सव को भव्य बनाने की तैयारी चल रही है। इंटेलिजेंट लाइटिंग के मीम प्रोडक्शन के असद बताते हैं कि प्रकाश की व्यवस्था के लिए उन्हें चयनित किया गया है। नेशनल हाईवे से अयोध्या में प्रवेश मार्ग धर्मपथ पर 15-15 फीट के 24 पिलर लगाए जा रहे हैं।




## पिलर पर चलेंगे रामायण के प्रसंग

डिजिटल पिलर पर रामायण के प्रसंग चलेंगे व स्वागतम द्वार तक 28 से 30 अक्टूबर तक इन्हें चलाया जाना है। पिलर के ऊपर आकर्षक लाइटिंग की भी व्यवस्था रहेगी। रामकथा पार्क, राम की पैड़ी, हनुमान गढ़ी, बिरला मंदिर, भजन संध्या स्थल, तुलसी उद्यान, सरयू ब्रिज इत्यादि स्थलों पर लाइटिंग होगी। अयोध्या में आठवें दीपोत्सव में एक बार फिर से कीर्तिमान बनाने की तैयारी चल रही है। 25 लाख दीपों का रिकॉर्ड बनाने के लिए 28 लाख से अधिक दीये बिछाए जाएंगे। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम के कंसल्टेंट निश्चल बरोट अयोध्या पहुंच चुके हैं। उनका कहना है तीन बार दीपों की काउंटिंग होगी। पहले सूखे दीप, फिर जलने के बाद मैनुअल काउंटिंग होगी। उसके बाद ड्रोन के जरिए वीडियो बनाकर अपने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वाले साफ्टवेयर पर अंतिम गिनती कर घोषणा कर दी जाती है। इस बार हमारी 30 लोगों की टीम आई है।

# केंद्र सरकार पंजाब में धान की खरीद कर रही सुनिश्चित : प्रह्लाद जोशी

एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि केंद्र सरकार पंजाब में धान की खरीद सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि धान की खरीद आधिकारिक तौर पर 1 अक्टूबर को अस्थायी यार्ड सहित 2700 मंडियों में एक साथ शुरू हुई थी। सितंबर में भारी बारिश और धान में नमी की मात्रा अधिक होने के कारण कटाई और खरीद में थोड़ी देरी हुई। लेकिन देर से खरीद शुरू होने के बावजूद राज्य अब नवंबर तक 185 एलएमटी धान खरीद के अपने लक्ष्य को हासिल करने की राह पर है। 26 अक्टूबर तक मंडियों में 54.5 एलएमटी आवक में से 50 एलएमटी धान की खरीद की जा चुकी है। 2023-24 के दौरान 65.8 एलएमटी आवक में से 26 अक्टूबर 2023 तक 61.5 एलएमटी धान की खरीद की जा चुकी थी। कुल 3854 मिलर्स ने पंजीकरण के लिए आवेदन किया है, इनमें से 3283 मिलर्स को पंजाब सरकार द्वारा पहले ही काम आवंटित किया जा चुका है। अगले सात दिनों में अधिक मिलर्स के पंजीकरण कराने और उन्हें काम आवंटित करने की उम्मीद है।

# संस्कृत से ही विश्वगुरु के रूप में उभर सकता है भारत : योगी

एजेंसी। वाराणसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संपूणानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से रविवार को प्रदेश के संस्कृत विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के 69,195 संस्कृत विद्यार्थियों को 586 लाख रुपये की छात्रवृत्ति वितरण की शुरूआत की। सीएम योगी ने प्रदेशभर में गुरुकुल पद्धति के आवासीय संस्कृत विद्यालयों को पुनर्स्थापित करने का भी संकल्प लिया। उन्होंने संस्कृत भाषा को विज्ञान और तकनीकी शिक्षा की भाषा के रूप में उभरने की संभावना पर जोर दिया और छात्रों से इसे गंभीरता से अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जो मानवता का पक्षधर है, वह संस्कृत का भी हिमायती है। सीएम योगी ने पिछली सरकारों में संस्कृत शिक्षा को उपेक्षित रखे जाने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने कहा कि संस्कृत न केवल देववाणी है, बल्कि यह विज्ञान की भाषा भी है, जो कंप्यूटर साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों में उपयोगी है। संस्कृत की विशेषताएं इसे तकनीकी दृष्टिकोण से सरल और सहज बनाती हैं। इसलिए, हम संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन के लिए नए प्रयासों की दिशा में कार्य कर रहे हैं।




## 69,195 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित किया जाएगा

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में छात्रवृत्ति योजना का महत्व बताते हुए कहा कि पहले संस्कृत के केवल 300 विद्यार्थियों को ही छात्रवृत्ति मिलती थी, उसमें भी आयु सीमा तय करके रखा गया था, लेकिन अब हमारी सरकार ने इसे सभी छात्रों तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। प्रदेश में संस्कृत के 69,195 विद्यार्थियों को इस योजना के तहत लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने सभी विद्यार्थियों का बैंक खाता खुलवाने का निर्देश भी दिया, जिससे उन्हें छात्रवृत्ति का लाभ सीधा और सुरक्षित रूप से मिल सके। संस्कृत और भारतीय संस्कृति के महत्व को रेखांकित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि गुरुकुल शिक्षा पद्धति को फिर से प्रदेशभर में लागू करने की योजना है। यह परंपरा ही हमारी असली ताकत है और इससे ही भारत विश्वगुरु के रूप में उभर सकता है।

### लखनऊ के होटलों को बम से उड़ाने की धमकी जांच में जुटी पुलिस

**लखनऊ।** गुजरात के बाद उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के कई होटलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मेल भेज कर होटल को बम से उड़ाने की दी गई है। लखनऊ के राणा प्रताप मार्ग स्थित होटल फॉर्चून, लेमन ट्री, होटल मैरियट समेत कई होटलों को धमकी मिली है। इसके बाद आनन-फानन में होटल संचालकों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस बड़े पैमाने पर जांच में जुट गई है। मेल भेजने वाले की भी जांच की जा रही है। भारत में इस साल अप्रैल से अक्टूबर तक कई स्कूलों, कॉलेजों, होटलों और हवाई अड्डों को बम की धमकी के ईमेल और कॉल मिले हैं। ये धमकियां दिल्ली, अहमदाबाद, बेंगलुरु, मुंबई और जयपुर सहित कई शहरों में दी गई। इसको लेकर स्थानीय स्तर पर पुलिस प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। ज्यादातर धमकियां सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से दी गई हैं। अब मामलों की जांच के लिए केंद्र सरकार मेटा और एक्स जैसी सोशल मीडिया एजेंसियों की मदद लेने जा रही है।

## मन की बात : लद्दाख में -30 डिग्री तापमान में स्थापित टेलीस्कोप का किया जिक्र



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के जरिए देश को 115 वीं बार संबोधित किया। इस कार्यक्रम में उन्होंने देश और दुनिया में भारत के बढ़ते हुए रुतबे, लोगों की पहुंच, उन्नति, आत्मनिर्भर भारत के अभियान के तहत की गई अतुलनीय वृद्धि को रेखांकित किया। साथ ही उन्होंने अक्टूबर में लद्दाख में 4300 मीटर की ऊंचाई पर स्थापित एशिया के सबसे बड़े इमेजिंग टेलीस्कोप मेस का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा, अब आत्मनिर्भर भारत अभियान, एक जन अभियान बन रहा है। यह अभियान हर क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल कर रहा है। जैसे इसी महीने लद्दाख के हानले में हमने एशिया की सबसे बड़ी इमेजिंग टेलीस्कोप मेस का भी उद्घाटन किया है। ये 4300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यह मेड इन इंडिया है। आत्मनिर्भरता हमारी सिर्फ पॉलिसी ही नहीं, यह हमारा पैशन बन गया है। इस योजना को शुरू किए अभी ज्यादा दिन नहीं हुए हैं। आप 10 साल पहले चले जाइए, तब अगर कोई कहता था कि किसी जटिल तकनीक को भारत में विकसित करना है, तो लोगों को विश्वास नहीं होता था। कई लोग इसका उपहास उड़ाते थे। लेकिन आज वही लोग, देश की सफलता को देखकर अचंभे में पड़े रहते हैं। लद्धाख एक ऐसी जगह है, जहां ठंड -30 डिग्री सेंटीग्रेड से भी अधिक है। यहां ऑक्सीजन की कमी है। इसके बावजूद हमारे वैज्ञानिकों और स्थानीय उद्योग ने वो कर दिखाया, जो एशिया के किसी और देश ने नहीं किया। लद्दाख में स्थापित हान्ले टेलिस्कोप भले ही दूर की दुनिया देख रहा हो, लेकिन ये हमें आत्मनिर्भर भारत की ताकत भी दिखा रहा है। हम आत्मनिर्भर भारत से दुनिया में अग्रणी बन रहे हैं।

### वाराणसी : सीएम योगी ने 51 फीट ऊंची हनुमान प्रतिमा का किया अनावरण

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक दिवसीय वाराणसी दौरे के क्रम में रविवार को एयरपोर्ट रोड स्थित हरहुआ के काजीसराय क्षेत्र में 51 फीट ऊंची हनुमान जी की प्रतिमा का अनावरण किया। जय हनुमान श्री पीठ ट्रस्ट द्वारा स्थापित इस भव्य प्रतिमा को राजस्थान के कारीगरों ने दो साल में तैयार किया है। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी ने रविवार को एक दिवसीय वाराणसी दौरे में काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव और श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में विधि-विधान से दर्शन-पूजन कर बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## घुसपैठ रुकने पर ही बंगाल में आएगी शांति : अमित शाह

एजेंसी। कोलकाता



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में शांति तभी बहाल होगी, जब राज्य में घुसपैठ रुकेगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने उत्तर 24 परगना जिले के पेट्रापोल में लैंड पोर्ट पर नए यात्री टर्मिनल भवन और मैत्री द्वार के उद्घाटन के अवसर पर कहा, 2026 में पश्चिम बंगाल में बदलाव लाएं और भाजपा राज्य में अवैध घुसपैठ को पूरी तरह से रोक देगी। गृह मंत्री शाह ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। कहा, ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल के विकास के लिए क्या किया है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल में सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। पिछले 10 वर्षों के दौरान, पश्चिम बंगाल को केंद्र से 7.74 लाख करोड़ रुपये का फंड मिला है, जो पिछली यूपीए सरकार के दौरान राज्य को मिले धन से कहीं अधिक है। लेकिन दुर्भाग्य से, पश्चिम बंगाल में केंद्रीय फंड के उपयोग में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि मनरेगा और पीएमएवाई जैसी विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत प्रदान की जाने वाली धनराशि वास्तविक लाभार्थियों तक नहीं पहुंचती है। उन्होंने कहा, केवल तृणमूल कांग्रेस से जुड़े लोगों को ही इन निधियों का लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि सीमा पार तस्करी को रोकने में भूमि बंदरगाहों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## सपा महाराष्ट्र में सेक्युलर वोटों का बंटवारा नहीं चाहती : अबू आसिम

एजेंसी। मुंबई



महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है वैसे-वैसे सभी राजनीतिक पार्टियों में सीटों और उम्मीदवारों को लेकर घमासान मचा हुआ है। इस बीच इंडिया गठबंधन में शामिल सपा को बड़ा झटका लगा है। महाराष्ट्र में सपा की ओर से मांगी गई तीन सीटों पर कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। दोनों पार्टियों का यह कदम अखिलेश यादव के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। इस पर सपा के राष्ट्रीय अखिलेश यादव ने अपनी प्रतिक्रिया दी। अखिलेश यादव के बयान के बाद समाजवादी पार्टी (सपा) की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष अबू आसिम आजमी ने भी इस मामले पर प्रतिक्रिया दी। अबू आसिम आजमी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सपा नहीं चाहती है कि महाराष्ट्र में सेक्युलर वोटों का बंटवारा हो। सपा अब भी महाविकास अघाड़ी के जवाब का इंतजार कर रही है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि महाराष्ट्र में सपा की पहले पूरी कोशिश रहेगी की सपा गठबंधन के साथ चुनाव लड़े। यदि गठबंधन सपा को साथ नहीं रखना चाहता है तब सपा वहीं से चुनाव लड़ेगी जहां उसका संगठन मजबूत है और वहीं से चुनाव लड़ेगी जहां से गठबंधन को नुकसान न हो।

# तीन आपराधिक कानूनों में बदलाव औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त करने वाली घटना : उपराष्ट्रपति

एजेंसी। जयपुर

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि दंड विधान से न्याय विधान की यात्रा औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति का मार्ग है। लंबे समय की मांग के बाद अंग्रेजों द्वारा बनाए गए तीन आपराधिक कानूनों को निरस्त किया गया है जोकि नए वकीलों के लिए एक वरदान हैं। उन्होंने इस परिवर्तन को औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त करने वाली एक महत्वपूर्ण घटना बताया। भारतीय न्याय संहिता सहित तीन कानूनों के पारित होते समय राज्यसभा के सभापति के रूप में स्वयं की उपस्थिति के अनुभवों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि एक बहुत शक्तिशाली समिति ने इन कानूनों के प्रत्येक प्रावधान पर विचार किया। उन्होंने सरकार ने इस बदलाव में गहराई से जांच की है तथा तकनीक की मदद से प्रत्येक प्रावधान की पृष्ठभूमि को बारीकी से देखा गया है। उपराष्ट्रपति धनखड़ रविवार को जयपुर में एआईआर पुस्तकालय के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।



## लोकल अदालतों को भी सीएसआर फंड का लाभ मिले

उन्होंने कहा कि उद्योगपति एवं कॉरपोरेट समूहों को अन्य संस्थानों को प्रदान की जाने वाली सहायता की तर्ज पर न्यायपालिका के कार्यान्वयन में भी सहायता प्रदान करनी चाहिए। कॉरपोरेट्स के पास सीएसआर फंड है और उनको लोकल अदालतों में इन्वेस्ट करना चाहिए। न्यायपालिका हमारे देश का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। इसमें सबऑर्डिनेट (अधीनस्थ) शब्द की कोई जगह नहीं है। कोई भी न्यायालय सबऑर्डिनेट नहीं, इसमें बदलाव होना चाहिए। उन्होंने न्यायपालिका पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जब मजिस्ट्रेट या जिला जज फैसला लिखता है तो उनके मन में एक शंका रहती है कि मेरे फैसले पर क्या टिप्पणी होगी। उन्होंने कहा कि हम सभी को इनके प्रति सहानुभूति रखनी चाहिए।

### हमें न्याय प्राप्ति को सस्ता और सुलभ बनाना है

देश में जिला न्यायालयों, वहां कार्यरत वकीलों एवं आम आदमी की न्याय प्राप्ति पर उन्होंने कहा कि यदि हमें न्याय प्राप्ति को सस्ता और सुलभ बनाना है तो हमें लोगों को गुणवत्तापूर्ण न्याय देना होगा। आइए, हम अपने जिला न्यायालयों, हमारे मजिस्ट्रेट, हमारे जिला न्यायाधीशों, हमारे युवा वकीलों पर प्रमुखता से ध्यान केंद्रित करें, जिला न्यायालय में वकील बहुत ही चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में काम करते हैं। कोविड काल पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट तक के कुछ वकीलों ने वकालत छोड़ दी। ऐसे पेशे को कोई छोड़ता है तो वह आप और हम पर बहुत बड़ी टिप्पणी है।

### मणिपुर में संघर्ष पर बोले एस जयशंकर लोकतंत्र कभी भी पूर्ण नहीं होता

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कई मुद्दों पर खुलकर बात की। कहा, मैं मोदी सरकार के विजन को पेश कर रहा हूं। उन्होंने मणिपुर में चल रहे संघर्ष पर कहा, वहां कई समस्याएं हैं। इसके कई कारण हैं, जो काफी जटिल हैं। मणिपुर में संघर्ष का कारण कुछ हद तक ऐतिहासिक भी है। साथ ही सीमा पर हो रही घटनाओं से भी हिंसा के तार जुड़े हैं। इसलिए, समस्या के संबंध में एक राय नहीं है। लेकिन मणिपुर के नाम पर, मुझे नहीं लगता कि भारत की छवि को नुकसान पहुंचाना या यह कहना सही है कि मणिपुर में कुछ गलत होने के कारण बाकी दुनिया को भारत से समस्या होने लगी है।

### पढ़ाई और खेल का नशा करें युवा : सीएम सैनी

**पानीपत।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने युवाओं को नशा मुक्ति का संदेश दिया। गुजारिश की कि अगर करना ही है तो पढ़ाई और खेल का नशा करें। सीएम ने ये बातें रविवार को पानीपत में आयोजित मैराथन में कही। जहां वो बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे। उन्होंने दौड़ को हरी झंडी दिखा रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कहा, पानीपत की मैराथन में आज हजारों की संख्या में युवाओं, महिलाओं, बेटियों और बच्चों ने नॉन स्टॉप हरियाणा, नॉन स्टॉप जुनून के साथ हिस्सा लिया है। हमारा शरीर स्वस्थ रहे और हम बीमारियों से दूर रहें, इसके लिए हमें हर रोज ऐसी मैराथन और योग का आयोजन किए जाने की जरूरत है।

### असम में जितने भी घुसपैठिये पकड़े गए उसमें कोई भी हिंदू नहीं : हिमंता

**दिसपुर।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा रविवार को घुसपैठियों की बढ़ती आमद पर सख्त दिखे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अब तक जितने भी घुसपैठिये चिन्हित किए गए हैं, उसमें कोई भी हिंदू नहीं है। इसके अलावा, उन्होंने अन्य राज्यों की सरकारों से भी घुसपैठियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए एकजुट होने की अपील की। घुसपैठियों को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। पिछले दो महीने से हम लोग राज्य में कई घुसपैठियों को पकड़ रहे हैं। सीमा सुरक्षा बल द्वारा किए जा रहे तमाम प्रयासों के बावजूद कुछ लोग हमारे देश की सीमा में दाखिल हो रहे हैं।

### आरजी कर मामला : जूनियर डॉक्टरों का फैसला अब गांव-गांव जाकर करेंगे विरोध प्रदर्शन

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में अपनी सहकर्मी के साथ हुए बलात्कार और हत्या के खिलाफ जूनियर डॉक्टरों का विरोध प्रदर्शन जारी है। जूनियर डॉक्टरों का संगठन पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट (डब्ल्यूबीजेडीएफ) राज्य के शहरी इलाकों से आगे बढ़कर बंगाल के गावों में अपना आधार बढ़ाने की योजना बना रहा है। इस आंदोलन के प्रमुख चेहरों में से एक देबाशीष हलदर ने कहा, जब तक बलात्कार और हत्या के मामले की जांच तार्किक निष्कर्ष पर नहीं पहुंच जाती और मामले में हमारी मांगें पूरी नहीं होती, तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलन अब सिर्फ मेट्रो, शहरों, उपनगरीय या जिला मुख्यालयों तक सीमित नहीं रहेगा। इसे अब दूरदराज के ग्रामीण इलाकों तक हम लेकर जाएंगे। शनिवार को पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन (डब्ल्यूबीजेडीए) नामक प्रतिद्वंद्वी संघ के गठन पर भी हलदर ने राय रखी।

### महाराष्ट्र : मुंबई के बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पर भगदड़, कई घायल

**मुंबई।** मुंबई के बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पर रविवार तड़के मची भगदड़ में 10 लोग घायल हो गए। घटना रविवार तड़के करीब तीन बजे की बताई जा रही है। मुंबई के बांद्रा टर्मिनस स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर यात्रियों की ज्यादा भीड़ की वजह से भगदड़ मच गई। जिसमें दस यात्रियों के घायल होने की सूचना है। बताया जा रहा है रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर पर भीड़ बहुत ज्यादा थी जिसे वहां मौजूद पुलिसकर्मी काबू नहीं कर पाए, जिससे ये हादसा हो गया। बता दें कि यहां पर साप्ताहिक चलने वाली बांद्रा गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन री शेड्यूल हुई और गाड़ी को सुबह 5.10 पर निकलना था। लेकिन री शेड्यूल होने के बाद आज सुबह गाड़ी प्लेटफार्म पर देरी से पहुंची। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गाड़ी के स्टेशन पर लगते ही अधिक संख्या में मौजूद लोग ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करने लगे। इसके जनरल बोगी में चढ़ने के दौरान भगदड़ मच गई। रेलवे ने हादसे में 10 लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। कुछ का पैर भी फ्रैक्चर हो गया है।

# शुरुआती असफलता से गंभीर जल्द ही सबक लेंगे: रवि शास्त्री



एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय खिलाड़ी और मुख्य कोच रवि शास्त्री ने मौजूदा कोच गौतम गंभीर का समर्थन करते हुए कहा कि उन्हें राष्ट्रीय टीम में अपने कार्यकाल के शुरुआती चरण में मिली असफलताओं से जल्द ही सीख लेना चाहिए। शास्त्री की यह टिप्पणी भारत द्वारा पुणे में दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ 113 रन से हार के बाद 12 वर्षों में पहली बार घरेलू टेस्ट श्रृंखला हारने के बाद आई है। जुलाई में राहुल द्रविड़ से भारत के कोच का पद संभालने वाले गंभीर ने अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ 27 वर्षों के बाद अपनी पहली द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला भी हारते हुए देखी। शास्त्री ने गहुंजे के एमसीए स्टेडियम में मैच के दौरान कहा, "न्यूजीलैंड ने दोनों टेस्ट मैचों में उन्हें (भारत को) शानदार तरीके से हराया है। यह सोचने वाली बात है (सीरीज में हार पर)। उन्होंने (गंभीर) अभी-अभी यह पद संभाला है। ऐसी टीम का कोच बनना कभी आसान नहीं होता, जिसके इतने बड़े प्रशंसक हों। कोच के तौर पर उनके करियर के अभी शुरुआती दिन हैं। लेकिन वे जल्द ही सीख जाएंगे। बेंगलुरू में पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड से आठ विकेट से हारने के बाद, पुणे में तीन दिन के अंदर हार का मतलब था कि भारत का घरेलू मैदान पर लगातार 18 सीरीज का अजेय अभियान खत्म हो गया। भारत ने पिछली बार घरेलू मैदान पर टेस्ट सीरीज नवंबर-दिसंबर 2012 में हारी थी, जब वे एलिस्टेयर कुक की अगुआई वाली इंग्लैंड से 2-1 से हार गए थे।

हालांकि भारत ने मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, लेकिन रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम के अंक प्रतिशत में गिरावट आई है और अब वह 62.82 अंक प्रतिशत पर है। अब भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बहुत अंतर नहीं रह गया है, जो 62.50 अंक प्रतिशत के साथ दूसरे नंबर पर हैं। न्यूजीलैंड के 2-0 की अजेय बढ़त के साथ, भारत 1-5 नवंबर तक मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में होने वाले सीरीज के तीसरे और अंतिम टेस्ट में सांत्वना जीत हासिल करने का लक्ष्य रखेगा, उसके बाद वह पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना होगा।

*"न्यूजीलैंड ने दोनों टेस्ट मैचों में उन्हें (भारत को) शानदार तरीके से हराया है। यह सोचने वाली बात है (सीरीज में हार पर)। उन्होंने (गंभीर) अभी-अभी यह पद संभाला है। ऐसी टीम का कोच बनना कभी आसान नहीं होता, जिसके इतने बड़े प्रशंसक हों।*

## शमी की अनुपस्थिति बड़ा झटका लेकिन भारत के रिजर्व तेज गेंदबाजों को कम नहीं आंकेगे : मैकडोनाल्ड



**2018** में शमी ने ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड का मानना है कि अगले महीने से शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के दौरान भारत को मोहम्मद शमी की बहुत कमी खलेगी लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी टीम इस अनुभवी तेज गेंदबाज की जगह लेने वाले तेज गेंदबाजों को कम नहीं आंकेगी। शमी ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वह टखने की चोट के कारण पिछले साल नवंबर में वनडे विश्व कप फाइनल के बाद से नहीं खेले हैं। उनका ऑपरेशन किया गया। इसके बाद वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में थे। हाल में उनके घुटनों में सूजन आ गई जिससे उनकी पूर्ण फिटनेस हासिल करने की प्रक्रिया प्रभावित हुई। मैकडोनाल्ड ने कहा, 'मोहम्मद शमी की अनुपस्थिति उनके लिए बहुत बड़ा झटका है। जिस तरह से हमारे बल्लेबाज उनके जज्बे, उनकी लाइन और लेंथ और अपने काम के प्रति उनके समर्पण की बात करते हैं उसे देखते हुए भारत को उनकी कमी खलेगी।' भारत ने दिल्ली के तेज गेंदबाज हर्षित राणा और आंध्र के ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को पहली बार मौका दिया है। तेज गेंदबाज आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा को भी ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। तेज गेंदबाजी विभाग की कमान जसप्रीत बुमराह संभालेंगे। मैकडोनाल्ड ने कहा, 'लेकिन हम जानते हैं कि पिछली बार क्या हुआ था। उनके रिजर्व खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करके भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी, इसलिए उनके खिलाड़ियों को बिल्कुल भी कम करके नहीं आंका जा सकता है।' ऑस्ट्रेलिया घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा बल्लेबाज सैम कोन्स्टास को अपनी टीम में चुन सकता है। वह उस्मान ख्वाजा के साथ पारी का आगाज करने के लिए दौड़ में शामिल हैं। मैकडोनाल्ड ने कहा, 'हम अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम का चयन करेंगे और अगर इसमें कोई युवा खिलाड़ी शामिल होता है, तो हम उस दिशा में आगे बढ़ेंगे।

## महिला क्रिकेट कैलेंडर पुरुषों के शेड्यूल जैसा हो रहा है: मेग लैनिंग

एजेंसी



*मेग ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से कहा, "कभी-कभी में ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम को देखता हूं और सोचता हूं कि वे अपनी तैयारी के मामले में थोड़ा मज़ाक उड़ा रहे हैं*

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया की कई विश्व कप जीतने वाली पूर्व कप्तान मेग लैनिंग का मानना है कि महिला क्रिकेट कैलेंडर पुरुषों के क्रिकेट शेड्यूल जैसा होने लगा है। उन्होंने कहा कि महिला क्रिकेटरों को प्रशिक्षण और मैचों की तैयारी के साथ-साथ आराम और विश्राम के समय को भी प्राथमिकता देनी चाहिए। खेल अब बहुत अलग है, हम बहुत ज़्यादा खेलते हैं। अब यह 'हर कोई सब कुछ खेलता है' वाली बात नहीं रह गई है। वास्तव में महत्वपूर्ण टूर्नामेंट और सीरीज़ क्या हैं, और उन्हें खेलने के लिए तैयार होने के लिए क्या करना होगा, इस मामले में थोड़ा बदलाव करना होगा, 'हर टूर्नामेंट, हर सीरीज़ में हर कोई खेलता है' के विपरीत, जो कि अब पुरुषों के खेल में होता है। मेग ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से कहा, "कभी-कभी मैं ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम को देखता हूं और सोचता हूं कि वे अपनी तैयारी के मामले में थोड़ा मज़ाक उड़ा रहे हैं, लेकिन फिर ऐसा लगता है कि 'अच्छा, यह वास्तव में समझ में आता है' क्योंकि आप उन्हें उस समय सर्वश्रेष्ठ मानसिक स्थिति में लाने की कोशिश कर रहे हैं जब उन्हें इसकी आवश्यकता हो। उन्होंने कहा, "हम इस बारे में थोड़ा सोच रहे हैं और हम पहले जैसा नहीं कर रहे हैं।पिछले साल व्यायाम के साथ अस्वस्थ संघर्ष और बहुत अधिक ऊर्जा नहीं लेने के कारण अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से आंसुओं के साथ बाहर निकलने के बाद, मेग ने कहा कि वह अब खेल खेलने में अपना अधिक समय बिता रही हैं, खासकर तब जब उनके नाम पर कोई नेतृत्व संबंधी जिम्मेदारी नहीं है।

मेग ने कहा, "मुझे जो सबसे अधिक पसंद है, जो मूर्खतापूर्ण है, वह यह है कि मुझे टॉस करने के लिए जल्दी अपनी वर्दी नहीं पहननी पड़ती।

## ब्राजील के फुटबॉल खिलाड़ी को 3 सेकेंड के भीतर दिखाया गया लाल कार्ड

**साओ पाउलो ।** ब्राजील के एक फुटबॉल खिलाड़ी को शीर्ष डिविजन मुकाबले में दौरान विरोधी खिलाड़ी को कोहनी मारने के लिए मैच शुरू होने के तीन सेकेंड के भीतर लाल कार्ड दिखाया गया। क्रुजेइरो के राफा सिल्वा ने एथलेटिको पेरेनाएंसे के केइके रोचा को मैच शुरू होते ही कोहनी मारी जिससे टीम को बाकी मुकाबला 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। रैफरी रोड्रिगो जोस परेरा डि लिमा ने क्रुजेइरो के 32 साल के खिलाड़ी सिल्वा को लाल कार्ड दिखाया जो फुटबॉल के इतिहास में सबसे जल्दी दिखाए गए लाल कार्ड में से एक है। क्रुजेइरो को इस मैच में 0-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

## सुकांत ने जापान पैरा बैडमिंटन में जीता स्वर्ण और रजत पदक

एजेंसी



**टोक्यो।** भारत के प्रमुख पैरा-बैडमिंटन एथलीट सुकांत कदम ने जापान पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2024 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष एकल (एसएल4) में स्वर्ण पदक और पुरुष युगल (एसएल3-एसएल4) में अपने साथी दिनेश राजैया के साथ रजत पदक जीता। एक रोमांचक एकल फाइनल में, सुकांत ने साथी भारतीय शटलर तरुण का सामना किया, और 21-12, 21-10 की शक्तिशाली जीत के साथ मैच पर अपना दबदबा बनाया। शुरू से ही, सुकांत ने अपने मजबूत खेल का प्रदर्शन किया, पूरे मुकाबले में गति और सटीकता बनाए रखी, जिससे तरुण को अपने गेमप्ले को चुनौती देने के सीमित अवसर मिले। युगल वर्ग में, सुकांत और दिनेश ने भारत के उमेश विक्रम कुमार और सूर्यकांत यादव के खिलाफ धैर्य और दृढ़ संकल्प दिखाया। दोनों ने बहादुरी से मुकाबला किया और पहले गेम में मिली चुनौती से उबरते हुए दूसरा गेम 22-20 से अपने नाम किया। तीसरे गेम में करीबी मुकाबले में सुकांत और दिनेश ने आखिरकार रजत पदक हासिल किया, जिसमें अंतिम स्कोर 5-21, 22-20, 16-21 रहा। सुकांत ने कहा, "जापान पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2024 में एकल में स्वर्ण और युगल में रजत जीतना एक अविश्वसनीय रूप से विशेष उपलब्धि है।

## चीन की झेंग ने केनिन को हराकर जीता पैन पैसिफिक ओपन का खिताब

**टोक्यो।** चीन की झेंग किनवेन ने रविवार को अमेरिकी सोफिया केनिन को 7-6(5) 6-3 से हराकर पैन पैसिफिक ओपन का खिताब जीत लिया। इस जीत के साथ, झेंग ने अपना तीसरा खिताब और सीजन की पहली हार्ड-कोर्ट जीत हासिल की। अमेरिकी खिलाड़ी के साथ अपने करियर की पहली भिड़ंत में 2020 ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन को हराने में उन्हें एक घंटे और 52 मिनट लगे। झेंग ने इस साल पहले ही दो क्ले-कोर्ट खिताब जीते थे, 2024 पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता और अपने पलेर्मो खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। हालांकि, यह चीनी नंबर 1 का एक साल पहले झेंगझाउ में जीत के बाद पहला हार्ड-कोर्ट खिताब था।

## ऑस्ट्रेलिया-जिम्बाब्वे श्रृंखला के लिए पाकिस्तान टीम का ऐलान, बाबर, शाहीन और नसीम की वापसी

एजेंसी



**लाहौर ।** पूर्व कप्तान बाबर आजम और तेज गेंदबाजों शाहीन शाह अफरीदी तथा नसीम शाह की ऑस्ट्रेलिया में होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए रविवार को पाकिस्तान की टीम में वापसी हुई। ये तीनों इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम दो टेस्ट मैच के लिए टीम का हिस्सा नहीं थे। पाकिस्तानी चयनकर्ताओं ने अगले महीने से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे दौरे के लिए एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम की घोषणा की। टीम में कई नए चेहरों को जगह मिली है जबकि फखर जमां और शादाब खान जैसे सीनियर खिलाड़ी टीम का हिस्सा नहीं है। फखर को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की जांच का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच से बाहर किए जाने के बाद बाबर के समर्थन में ट्वीट किए थे। पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी आज दोपहर बाद एक मीडिया कांफ्रेंस में सीमित ओवरों के प्रारूपों के लिए नए कप्तानों की घोषणा करेंगे।

### टीम इस प्रकार हैं

- **ऑस्ट्रेलिया दौरे पर एकदिवसीय टीम :** आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अराफात मिन्हास, बाबर आजम, फैसल अकरम, हारिस राऊफ, हसीबुल्लाह, कामरान गुलाम, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद रिजवान, मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, सैम अयूब, सलमान अली आगा और शाहीन शाह अफरीदी।
- **ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टी20 टीम** अराफात मिन्हास, बाबर आजम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह, जहांदाद खान, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद रिजवान, मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, ओमैर बिन यूसुफ, साहिबजादा फरहान, सलमान अली आगा, शाहीन शाह अफरीदी, सुफयान मोकिम और उस्मान खान।
- **जिम्बाब्वे दौरे की एकदिवसीय टीम :** आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, अहमद डेनियल, फैसल अकरम, हारिस राऊफ, हसीबुल्लाह, कामरान गुलाम, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद रिजवान, मुहम्मद इरफान खान, सैम अयूब, सलमान अली आगा, शाहनवाज दहानी और तैयब ताहिर।
- **जिम्बाब्वे दौरे की टी20 टीम** अहमद डेनियल, अराफात मिन्हास, हारिस राऊफ, हसीबुल्लाह, जहांदाद खान, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद हसनैन, मुहम्मद इरफान खान, ओमैर बिन यूसुफ, कासिम अकरम, साहिबजादा फरहान, सलमान अली आगा, सुफयान मोकिम, तैयब ताहिर और उस्मान खान।



## भारत में करोड़पति करदाताओं की संख्या बीते एक दशक में 5 गुना बढ़कर 2.2 लाख हुई




**25** में असेसमेंट ईयर अंतिम तारीख निकल जाने के बाद भरे जाने वाले रिटर्न की संख्या गिरकर 18 से 19% रहने की उम्मीद है

**नई दिल्ली।** भारत में करोड़पति करदाताओं की संख्या असेसमेंट ईयर (एवाई) 2014 के मुकाबले असेसमेंट ईयर 2024 में पांच गुना बढ़कर 2.2 लाख हो गई है। एक नई रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के इकोनॉमिक डिपार्टमेंट की रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक, बीते एक दशक में करदाताओं की संख्या में 2.3 गुना का इजाफा हुआ है। असेसमेंट ईयर 24 में करदाताओं की संख्या 8.62 करोड़ थी। साथ ही रिपोर्ट में बताया कि यह आंकड़ा काफी अच्छा है, क्योंकि 10 लाख रुपये से अधिक कमाने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में मध्यम वर्ग की आय में भारी इजाफा बीते 10 वर्षों में देखा गया है। असेसमेंट ईयर 24 में यह आंकड़ा 2.5 लाख रुपये से लेकर 10 लाख रुपये था, जो कि असेसमेंट ईयर 14 में 1.5 लाख रुपये से लेकर 5 लाख रुपये के बीच था। असेसमेंट ईयर 24 में 8.6 करोड़ इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) जमा हुए थे, इससे पहले असेसमेंट ईयर 22 में यह आंकड़ा 7.3 करोड़ पर था। कुल जमा हुए रिटर्न में से 6.89 करोड़ या 79 प्रतिशत अंतिम तारीख से पहले जमा हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, असेसमेंट ईयर 25 में रिटर्न जमा करने की आखिरी तारीख तक 7.3 करोड़ आईटीआर जमा हुए हैं और मार्च 2025 तक और 2 करोड़ आईटीआर जमा होने की उम्मीद है। इसके साथ कुल आईटीआर की संख्या 9 करोड़ के ऊपर जाने की उम्मीद है। असेसमेंट ईयर 25 में अंतिम तारीख निकल जाने के बाद भरे जाने वाले रिटर्न की संख्या गिरकर 18 से 19 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

## ज्यादा पेन किलर खाने से पेट किडनी और लीवर हो रहे खराब

**विश्व में पेन किलर्स का बाजार सालाना 8 करोड़ रु.का**

आरपी सिंह



- **प्रति वर्ष किडनी फेल्योर के 3% से 5% नए मामले इन दर्द निवारक दवाओं के अत्यधिक उपयोग के कारण हो रहे हैं**

**नई दिल्ली।** कभी सिर दर्द , पेट में दर्द , दांत में दर्द , कभी मांसपेशी में दर्द होने पर झट-पट एस्पिरिन या पेरासिटामोल या कोई अन्य पेन किलर्स खा लेते हैं। जिससे थोड़ा आराम मिल जाता है। लेकिन लोग यह नहीं जानते कि इसके साइड इफेक्ट्स या नुकसान क्या हैं, कितने हैं। इसके ज्यादा उपयोग से आपकी किडनी , लीवर खराब हो सकते हैं , पेट में घाव हो सकता है। और भी बहुत कुछ हो सकता है। इस बारे में एक वैश्विक कंपनी 'मार्केट रिसर्च फ्यूचर' के अनुसार पेन किलर का बाजार विश्व में सबसे तेजी से बढ़ रहे बाजारों में से एक है। अभी जो हाल है उसके मुताबिक एक अनुमान के अनुसार भविष्य में इसका बाजार 7.2% की दर से आगे बढ़ने की संभावना है। और सबसे तेजी से भारत में बढ़ रहा है। भारत में तो यह वर्ष 2024 से 2029 के दौरान 9.21% की तेजी से बढ़ सकता है। विश्व में पेन किलर का बाजार साढ़े आठ लाख करोड़ रुपये का हो गया है जो 2032 में बढ़कर 15 लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा हो सकता है। पेन किलर दर्द , बुखार , सूजन कम करने की दवाएं होती हैं। इनमें दो नॉन स्टेरॉयडल एंटी-इंफ्लेमेटरी ड्रग्स (पेन किलर)होती हैं , वह सूजन कम करने का काम करती हैं। दूसरा -ओपिओइड्स है जो तंत्रिका तंत्र को कंट्रोल करते हैं। ये मस्तिष्क की ग्राह्यता को रोक देते हैं। इससे मस्तिष्क तक यह संदेश ही नहीं पहुंच पाता है कि शरीर के किसी हिस्से में दर्द हो रहा है या नहीं ।

इसके साइड इफेक्ट के 12 से ज्यादा लक्षण होते हैं। कई तो ऐसे लक्षण हैं जो व्यक्ति को तब पता चलता है जब उसका कोई अंग डैमेज हो जाता है। सबसे ज्यादा असर तो किडनी पर पड़ता है। क्योंकि दर्द , सूजन आदि रोकने वाली दवा खाने से से किडनी की ओर खून प्रवाह कम हो जाता है। इससे किडनी के काम पर असर पड़ता है। किडनी के टिश्यू डैमेज होने लगते हैं। इन दवाओं को छानकर शरीर से बाहर निकालने का काम तो किडनी ही करती है । तब ये दवाएं किडनी को प्रभावित करती हैं। अमेरिकन नेशनल किडनी फाउंडेशन के अनुसार , पेनकिलर्स के बेजा इस्तेमाल से किडनी सहित पूरे शरीर में समस्याएं पैदा हो रही हैं। प्रति वर्ष किडनी फेल्योर के 3% से 5% नए मामले इन दर्द निवारक दवाओं के अत्यधिक उपयोग के कारण हो रहे हैं। शराब के लती लोग तो पेन किलर खाते हैं तब भी दारू पीते हैं। ऐसे में उनकी किडनी व लिवर खराब होने की संभावना और भी बढ़ जाती है। इसलिए दर्द , सूजन आदि होने पर भुजा की तरह पेन किलर्स नहीं खाएं। थोड़ा बर्दाश्त करें। अल्टरनेटिव थेरेपी, फिजिकल थेरेपी, एक्यूपंक्चर , माइंडफुलनेस , नेचरपैथी आदि इसमें कुछ मदद कर सकती है।

## आज पंजाब के मोहाली में 'ब्रिक-नेशनल एग्री-फूड बायो मैन्युफैक्चरिंग इंस्टीट्यूट' लॉन्च करेगी केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार "बीआरआईसी-नैशनल एग्री-फूड बायो मैन्युफैक्चरिंग इंस्टीट्यूट (ब्रिक-नाबी) की शुरूआत पंजाब के मोहाली में करने जा रही है। इसका उद्देश्य कृषि बायोटेक्नोलॉजी और बायोप्रोसेसिंग में भारत की क्षमता को बढ़ाना है। नए संस्थान का उद्घाटन 28 अक्टूबर को होगा और यह मुख्य रूप से उच्च उत्पादन देने वाली फसलें विकसित करने पर फोकस होगा। साथ ही, यह टिकाऊ बायो मैन्युफैक्चरिंग तकनीकों और कृषि संसाधनों से मूल्य वर्धित उत्पाद बनाने पर काम करेगा। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा, इसका उद्देश्य बड़े पैमाने पर उत्पादन सुविधाओं के साथ-साथ नए स्टार्टअप को बढ़ावा देकर भारत को टिकाऊ कृषि-खाद्य समाधानों में अग्रणी बनाना है।

## आरबीआई के पी2पी लेंडिंग के नियमों में बदलाव से मोबिक्विक के आईपीओ पर छा सकते हैं संकट के बादल

**नई दिल्ली।** पी2पी (पीयर-टू-पीयर) लेंडिंग प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने वाली फिनटेक कंपनी मोबिक्विक के इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) पर संकट के बादल छाए हुए हैं, क्योंकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 16 अगस्त को लागू किए गए पी 2 पी लेंडिंग के नए नियमों से कंपनी के कारोबार पर असर हो सकता है। दरअसल, आरबीआई ने नए नियमों के तहत पीयर-टू-पीयर (पी2पी) लेंडिंग में 'कभी भी पैसा निकालने की सुविधा' बंद कर दी है और निवेशकों को पैसा हर महीने एक निश्चित तारीख को ब्याज के साथ तभी मिलेगा, जब उधारकर्ता की ओर से किस्त का भुगतान किया जाए।

## एफपीआई ने इक्विटी में की 1 लाख करोड़ की बिकवाली, डीआईआई ने 97,000 करोड़ रुपये किए निवेश




**97,000** करोड़ रुपये का निवेश इक्विटी बाजारों में घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) किया है

**मुंबई।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की ओर से भारतीय शेयर बाजारों में 24 अक्टूबर तक 1,02,931 करोड़ रुपये की बिकवाली की गई है। हालांकि, इसके उलट घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) द्वारा करीब 97,000 करोड़ रुपये का निवेश इक्विटी बाजारों में किया है। पिछले हफ्ते एफपीआई द्वारा भारतीय इक्विटी मार्केट में 20,024 करोड़ रुपये की निकासी की गई है। बिकवाली के कारण निफ्टी और सेंसेक्स में क्रमशः 2.7 और 2.2 प्रतिशत की बिकवाली की गई है। हालांकि, इस दौरान प्राथमिक बाजारों में एफपीआई ने 17,145 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे हैं। इसकी वजह बाजार में बड़े आईपीओ का आना था। अगर प्राथमिक बाजार की खरीदारी को जोड़ दिया जाए तो एफपीआई की शुद्ध बिकवाली का आंकड़ा 85,790 करोड़ रुपये है। एफपीआई की लगातार बिकावाली के कारण बाजार का रुझान नकारात्मक हुआ है। निफ्टी अपने ऑल-टाइम हाई से करीब 8 प्रतिशत नीचे आ चुका है। बाजार के जानकारों का कहना है कि एफपीआई द्वारा लगातार की जा रही बिकवाली छोटी अवधि में जारी रह सकती है, क्योंकि मध्य पूर्व में तनाव और अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे को लेकर अनिश्चितता है। अक्टूबर में अब तक करीब सभी कारोबारी सत्रों में एफपीआई की ओर से बिकवाली की गई है। दूसरी तरफ शेयर बाजार के लिए घरेलू संकेत मजबूत बने हुए हैं। परचेसिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) डेटा और वित्त वर्ष 25 के लिए जीडीपी विकास दर का अनुमान मजबूत बना हुआ है।

### सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस मजिस्ट्रेट के साथ डीसी एसपी की संयुक्त वीडियो कांफ्रेंसिंग

# सेक्टर मजिस्ट्रेट निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का अध्ययन करें : उपायुक्त

- जांच किए जा रहे वाहनों के नाम, रजिस्ट्रेशन नंबर डायरी में मेंटेन करें : एसपी
- सभी मजिस्ट्रेट को निर्वाचन के दायित्व को पूरी लगन, इमानदारी से निर्वहन करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** विधानसभा चुनाव 2024 को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने को लेकर रविवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की संयुक्त अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग हुई। वीडियो कांफ्रेंसिं के माध्यम से सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस मजिस्ट्रेट के साथ एसएसटी, एफएसटी व चेक नाकों पर प्रतिनियुक्त सभी मजिस्ट्रेट को निर्वाचन के दायित्व को पूरी लगन, इमानदारी से निर्वहन करने को लेकर निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने को लेकर सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शिता से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का अच्छे से अध्ययन कर लें और अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह्व कुशलता पूर्वक करें। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी संयुक्त रुप से बूथ का भ्रमण कर बूथ की वल्नेरेबल मैपिंग वीएम, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम, अपराधिक गतिविधियों पर नजर रखें। साथ ही उपायुक्त ने सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को एक दूसरे से टैग करने व इनके कार्यों की




जानकारी से अवगत कराने को लेकर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को अपने स्तर से बैठक करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर पुलिस मजिस्ट्रेट बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करें। उन्होंने कहा कि अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी तत्परता एवं गंभीरता से करें। उन्होंने कहा कि निगरानी दल बड़ी छोटी सभी प्रकार के वाहनों का नियमित जांच करें। साथ ही जांच किए जा रहे हैं सभी वाहनों के नाम एवं रजिस्ट्रेशन नंबर डायरी में मेंटेन करें। उन्होंने कहा कि अपने कार्य दायित्व के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या समाधान पर स्थानीय थाना प्रभारी या जिला स्तरीय पदाधिकारी को इसकी सूचना दें, ताकि आवश्यकता अनुसार यथाशीघ्र सहायता प्रदान की जा सके। उन्होने कहा कि सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी आपसी तालमेल स्थापित कर निर्वाचन के दायित्वों का निर्वाहन करें ताकि विधानसभा आम निर्वाचन 2024 में किसी भी प्रकार की व्यवधान उत्पन्न नहीं हो। बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारीसेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस मजिस्ट्रेट, एसएसटी, एफएसटीएस एवं चेक नाकों पर प्रतिनियुक्त सभी मजिस्ट्रेट, थाना प्रभारी, संबंधित उपस्थित थे।

### अवैध शराब कारोबार के विरुद्ध उत्पाद विभाग की कार्रवाई

## 20 से ज्यादा अवैध महुआ शराब की भट्ठी किया ध्वस्त



▶▶ 22 हजार किलोग्राम जावा महुआ नष्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** विधानसभा चुनाव 2024 को देखते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर रविवार को उत्पाद विभाग, हंटरगंज थाना व गया (बिहार) जिला उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम ने हंटरगंज थाना अंतर्गत जबड़ा गांव में बिहार राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान 20 से ज्यादा अवैध महुआ चुलाई शराब की भट्ठियों को नष्ट किया गया। इस दौरान बड़ी मात्रा में अवैध महुआ चुलाई शराब व जावा महुआ जब्त व नष्ट किया गया। दूसरी ओर छापामारी दल के गांव में घुसते ही अवैध शराब कारोबारी भाग खड़े हुए। गया जिला उत्पाद बल के साथ आए ड्रोन टीम ने सुदूर व दुर्गम इलाकों में संचालित शराब भट्ठियों को खोजकर छापेमारी टीम को वहां तक पहुंचने में सहयोग किया। अभियान में अवैध महुआ चुलाई शराब 1050 लीटर करीब जब्त कर नष्ट करने के साथ जावा महुआ 22 हजार किलो ग्राम के साथ शराब चुलाई में प्रयुक्त उपकरण नष्ट किया गया। आरोपीयों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज करायी गयी है। उत्पाद अधीक्षकने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर आदर्श आचार संहिता लागू होने के पूर्व से ही जिले में लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। आगे भी सघन छापामारी अभियान जारी रहेगा।

## बीडीओ व सीओ ने उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** विधानसभा चुनाव को लेकर पत्थलगड़ा प्रखंड के अति उग्रवाद प्रभावित मेराल पंचायत के मतदान केंद्रों का निरीक्षण रविवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी कलिंदर साहू, सीओ उदल राम, थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। पदाधिकारियों ने उच्च विद्यालय खैरा व उत्क्रमित मध्य विद्यालय मेराल के भौतिक निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्रों में बिजली, पानी, शौचालय आदि मुलभूत सुविधाएं उपलब्धता की बात कही। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर विकलांग, बुढ़े, मतदाताओं के लिए ट्राई साइकिल उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वैसे मतदाता अपना मतदान कर केंद्र तक पहुंचकर कर वोट कर सकें। थाना प्रभारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जाएंगे। मौके पर सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रभारी मोहम्मद असलम, मुखिया नीतू कुमारी, बूथ सुपरवाइजर लीलावती कुमारी, मिथलेश कुमार, संजय दास आदि शामिल थे।

### 13 नवंबर को सभी से मतदान की अपील : पदाधिकारी

इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 26 अक्टूबर से बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं के घर तक पर्चियाँ पहुंचाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि मतदान से पांच दिन पूर्व, यानी 8 नवंबर तक, जिले के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा वितरण का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने सभी बीएलओ से अपील की कि वे निर्धारित समय पर मतदाताओं को वोटर सूचना स्लिप का वितरण करें, ताकि मतदान के दिन, 13 नवंबर को, मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## वोटर सूचना स्लिप का वितरण शुरू घर-घर पहुंच रही मतदाता पर्ची

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में आगामी 13 नवंबर को मतदान होने जा रहा है। इस दिन के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न स्तरों पर तैयारियाँ की जा रही हैं। सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन समाप्त होने के बाद, प्रशिक्षण, आवश्यक सेवाओं में लगे लोगों का पोस्टल बैलेट से मतदान, होम वोटिंग, स्वीप गतिविधियाँ, और एफएलसी जैसी सभी गतिविधियों में तेजी आई है। इसी क्रम में, 13 नवंबर को सभी लोग आसानी से मतदान कर सकें, इसके लिए वोटर सूचना स्लिप का वितरण भी शुरू कर दिया गया है।



## पिपरा में शिक्षक व होमगार्ड के घर में चोरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पिपरा थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी सहायक शिक्षक हरिदर्शन कुमार तथा होमगार्ड रंजू देवी के घर में शनिवार की रात चोरों ने ताला तोड़कर हजारों के जेवरात व कीमती सामानों की चोरी कर ली। भुक्तभोगियों द्वारा नकद सहित गहने चोरी होने की जानकारी पिपरा थाना को दी गयी है। सूचना पर पहुंची पिपरा थाना की पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। भुक्तभोगियों ने बताया कि चोरों ने दोनों के घर का ताला तोड़कर 10 बक्सा, दो अटैची घर से चोरी कर गांव के बाहर बक्सा व अटैची में रखें नकद व गहने लेकर फरार हो गए। गांव के बाहर खेत में बक्सा, अटैची, कपड़े सहित अन्य कागजात फेंक दिया गया। पिपरा थाना प्रभारी विमल कुमार ने कहा कि स्थल पर जाकर मामले की जांच की गयी है। पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुट गयी है। घटना की जानकारी मिलने पर पंसस रवि रौशन कुमार, सेवानिवृत प्रोफेसर रामजी राम, प्रयाग लाल, टंटू कुमार, सूर्यदेव भुइयां, अजीत राम, मनीष कुमार, विक्की कुमार भुक्तभोगी के घर पहुंचकर घटना कि जानकारी लिया।

### विस चुनाव 2024

### हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की बैठक

## झामुमो व कांग्रेस परिवार की पार्टी: विकास प्रीतम

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** भाजपा के हुसैनाबाद विधानसभा कार्यालय विश्वकर्मा कॉम्प्लेक्स में हुसैनाबाद के भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख नेताओं एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी व संचालन हुसैनाबाद के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रमंडलीय प्रभारी विकास प्रीतम ने चुनाव से संबंधित आवश्यक निर्देश कार्यकताओं को दिया। कहा कि भाजपा नेताओं नहीं कार्यकताओं की पार्टी है, जबकि झामुमो और कांग्रेस परिवार की पार्टी है। जब से झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार बनी है,तब से हेमंत सोरेन ने झारखंड को लूटने का काम



किया है। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार की योजनाओं को बाधा डालने का काम किया है, यह एक विकास विरोधी सरकार है और झारखंड के संसाधनों का दोहन करने का काम किया है। झारखंड की जनता इनकी मनसा को समझ चुकी है। आने वाले चुनाव में उन्हें मुंहतोड़ जवाब देगी। उन्होंने भाजपा कार्यकताओं को घर-घर जाकर हेमंत सोरेन की सच्चाई को बताने व हुसैनाबाद विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। प्रदेश उपाध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधानसभा प्रभारी जवाहर पासवान ने कहा कि हेमंत सोरेन झारखंड को विकास नहीं विनाश की राह पर ले जा रहे हैं। अपने कार्यकाल के अंतिम महीने में मंइयां सम्मान योजना शुरू कर महिलाओं को मूर्ख बनाने का काम किया है। भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने झारखंड के बालू को दूसरे राज्यों में बेचने का काम किया है। स्थानीय लोगों को झोला, बोरा से बालू ढ़ोने पर मजबूर कर दिया। हुसैनाबाद विधानसभा के प्रवासी उत्तर प्रदेश के विधायक लाल बहादुर चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार में झारखंड में लोग रात भर निर्भिक होकर सफर करते थे लेकिन हेमंत सोरेन ने उग्रवाद को बढ़ावा देकर पुनः झारखंड को बबार्दी के कगार पर ले जाने का कार्य किया है। इस कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन जिला मंत्री सोमेश सिंह ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कर समिति सदस्य रविंद्र सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रवेश सिंह, सीवी रमन सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुनील पासवान, मधु लता रानी, संतोष सिंह, रामराज मेहता, प्रदीप सिंह, विकास वटस महाराज सिंह चौधरी विनोद पांडेय, रामेश्वर राम, श्रवण कुमार, मधुसूदन पाठक, रंजीत पासवान, सत्येंद्र कुमार प्रदीप पासवान ,उमेश चंद्र शिव सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### समाज के उत्थान के लिए एकजुटता जरूरी

**चतरा।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत मझगांवा पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय पिंडारकोण में कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज की प्रखंड स्तरीय बैठक रविवार को संपन्न हुई। अध्यक्षता रंजीत कुमार पांडेय व संचालन लम्बोदर पांडेय ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्जवलित करने के उपरांत स्वस्तिवाचन कर किया गया। बैठक में समाज के उत्थन को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की गयी। निर्णय लिया गया कि क्षेत्र के जितने भी विप्र बंधु छूटे हैं। उन्हें संगठन से जोड़ते हुए साथ लेकर चलना है, ताकी एकता बनी रहे। साथ ही समाज के विकास पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। मौके पर अजय पांडेय, विकास पांडेय, अशोक पांडेय, रविंद्र पांडेय, यसवंत पांडेय, प्रमोद पांडेय, मुकेश पांडेय, परमानंद पांडेय, निमधारीय पांडेय, कृष्णा पांडेय, बैजनाथ पांडेय आदि उपस्थित थे।

## न्यूज | बॉक्स

### लावारिस हालत में बाइक बरामद




**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कामता पंचायत के भुषाढ़-भंडारगढ़ा मार्ग पर सड़क किनारे जंगल में लावारिश हालत में बाइक चंदवा पुलिस ने बरामद की है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त बाइक दो दिनों से यहां पड़ी है। बाइक के समीप ही चप्पल पड़े होने से लोगों को अनहोनी की आशंका होने के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार को दी। जिसके बाद चंदवा पुलिस मौके पर पहुंच कर बाइक को अपने कब्जे में ले लिया। बाइक किसकी है, और वहां कैसे पहुंची। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया




**लातेहार।** शहरी क्षेत्र में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान मौके पर उपस्थित सभी को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई। इस दौरान स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को संविधान द्वारा प्रदत्त मताधिकार के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्हें प्रेरित करते हुए कहा गया कि सफल लोकतंत्र के लिए मतदान करना महत्वपूर्ण है। जो फर्स्ट टाइम वोटर हैं बढ़-चढ़ कर मतदान करें और अपने अभिभावक, आस-पड़ोस में सभी को जागरूक करते हुए बताएं की यह अवसर 5 वर्षों में एक बार आता है। इसलिए अपने मताधिकार का उचित प्रयोग करें। लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में एनएसएस, एनवाईकेएस के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

### घर के बाहर खड़ा ट्रैक्टर से बैट्री चोरी

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के बाजकुम निवासी आयुष कुमार पिता स्वर्गीय रामप्रवेश प्रसाद के ट्रैक्टर से चोरों ने बैटरी की चोरी कर ली। मामले की जानकारी ट्रैक्टर मालिक आयुष कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर ड्राइवर सुकेश उरांव अपने घर पथरिया छोटा ले गया था और रात होने पर ट्रैक्टर घर के बाहर खड़ा कर अंदर चला गया, जब वह सुबह उठा तो देखा की ट्रैक्टर से बैट्री की चोरी हो चुकी है। इसकी सूचना चालक ने तत्काल उन्हें दिया। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों इस इलाके के सुनील उरांव और यदुनाथ सिंह के ट्रैक्टर से भी बैट्री चोरी हो चुकी है। फिलहाल घटना के संबंध में ट्रैक्टर मालिक ने थाने में आवेदन दे दिया है। इसके बाद पुलिस अग्रेत्तर कार्रवाई में जुट गई है।

## पेज एक का शेष

### मेरे पति जिंदा...

ऐसी मानसिकता रखने वाले को इंडी गठबंधन ने मंत्री बनाया : इरफान अंसारी जैसी मानसिकता रखने वाले लोग जो इंडी गठबंधन का हिस्सा हैं, उन्हें इंडी गठबंधन के द्वारा मंत्री भी बनाया गया है। जिन्होंने इनको मंत्री बनाया है उनका भी यह दायित्व है कि वे उन्हें बताएं कि राज्य के मंत्री का कुछ अनुशासन होना चाहिए। मैं इनको बताना चाहती हूं कि आने वाले 20 तारीख को पूरे जामताड़ा विधानसभा की जनता एकमत होकर बीजेपी को वोट देने का काम करेगी। आपको वापस मधुपुर भेजने पर मजबूर करेगी।

### लड़ने से नहीं मिला...

अब झारखंड में सामाजिक विभाजन के साथ किसी का अपमान नहीं किया जा सकता। जब भी भाजपा का शासन यहां आया कानून व्यवस्था को कायम किया गया। भाजपा के शासन में कभी किसी बेटी को हवस के शिकारी ने पेट्रोल का छिड़ककर जिंदा नहीं जलाया, भाजपा के शासनकाल में किसी बलात्कारी ने लड़की के शरीर के टुकड़े-टुकड़े करके नहीं फेंका, भाजपा ने झारखंड से नक्सलवाद को समाप्त किया, हिंसा के साए से खेत खलिहान को सुरक्षित किया।

### महंगाई पर अंकुश...

सुरक्षा को मजबूत करें, न कि उसे कमजोर। गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के हित में चलाई जा रही योजनाओं को और अधिक सशक्त किया जाए। यह समय है जनहित की नीतियों को प्राथमिकता देने का, न कि उन्हें कमजोर करने का। उन्होंने कहा कि दिसंबर की 10 तारीख से हर माह झारखंड बहनों को 2500 रुपये की सम्मान राशि मिलेगी।

### ब्रिक्स शिखर सम्मेलन...

यह आने वाले वर्ष के लिए सौभाग्य लाती है। सोहराई चित्रकला आमतौर पर प्रकृति से प्रेरणा लेती है, जो इसमें पत्तियों, पौधों और जानवरों के चित्र से अक्सर जाहिर होता है। पीएम मोदी की ओर से पुतिन को दी गई पेंटिंग में एक मोर को आस-पास के तत्वों के साथ बातचीत करते हुए दशार्या गया है। इसकी मुद्रा एक सुंदर नृत्य का आभास देती है, जो छवि में जान डालती है। यह सुंदरता और समृद्धि का प्रतीक है। आसपास के प्राकृतिक तत्व, जैसे कि बेलें और पत्तियां, उर्वरता और पृथ्वी के साथ संबंध की मजबूती को दशार्ती हैं।

### बिरसा व पटेल...

पीएम मोदी ने आगे कहा, 31 अक्टूबर से सरदार पटेल की 150वीं जन्म जयंती का वर्ष शुरू होगा। इसके बाद 15 नवंबर से भगवान बिरसा मुंडा का 150 वां जन्म जयंती वर्ष शुरू होगा। इन दोनों महापुरुष ने अलग-अलग चुनौतियां देखी, लेकिन, दोनों का विजन एक था देश की एकता।

### डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था...

▶▶ पहला चरण है रुको, ऐसा कोई कॉल आते ही, रुको घबराएं नहीं, शांत रहें, जल्दबाजी में कोई कदम न उठाएं, किसी को अपनी व्यक्तिगत जानकारी न दें, संभव हो तो स्क्रीनशॉट लें और रिकॉर्डिंग जरूर करें।

▶▶ दूसरा चरण है सोचो- कोई भी सरकारी एजेंसी फोन पर ऐसे धमकी नहीं देती, न ही वीडियो कॉल पर पूछताछ करती है, न ही ऐसे पैसे की मांग करती है अगर डर लगे तो समझिए कुछ गड़बड़ है।

▶▶ तीसरा चरण है एक्शन लो।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# कब होगा सीजेआई पद पर जस्टिस संजीव खन्ना का शपथ ग्रहण?

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जस्टिस संजीव खन्ना को भारत का अगले मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) नियुक्त किये गये हैं। जिसके लिए एक सप्ताह पहले सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ द्वारा की गई सिफारिश को औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी गई। 10 नवंबर को भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के सेवानिवृत्त होने के एक दिन बाद उनका स्थान लेंगे। जस्टिस संजीव खन्ना 13 मई, 2025 को अपनी सेवानिवृत्ति तक छह महीने से कुछ अधिक समय तक सीजेआई पद पर रहेंगे। वर्तमान सीजेआई चंद्रचूड़ का दो साल का कार्यकाल हाल के सालों में सबसे लंबे कार्यकाल में से एक है। परंपरा के अनुसार सर्वोच्च न्यायालय के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश (सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में वर्षों के अनुभव के आधार पर) मुख्य

## भविष्य में कौन-कौन कब होंगे सीजेआई?

न्यायाधीश बनते हैं। इस प्रक्रिया को अब सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए प्रक्रिया ज्ञापन (जिसे अब से एमओपी कहा जाएगा) में शामिल कर दिया गया है। एमओपी में कहा गया है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश के पद पर नियुक्ति सर्वोच्च न्यायालय के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश की होनी चाहिए, जिन्हें इस पद पर रहने के लिए उपयुक्त माना जाता है। 1999 में एमओपी पर सहमति बनने से पहले ही, सीजेआई के बाद सर्वोच्च न्यायालय के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश को परंपरा के अनुसार शीर्ष पद पर पदोन्नत किया जाता था।एमओपी के अनुसार, नियुक्ति प्रक्रिया तब शुरू होती है जब केंद्रीय विधि, न्याय और कंपनी मामलों के मंत्री उचित समय पर भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति के लिए भारत के निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश से अनुशंसा मांगेंगे। परंपरा के अनुसार, प्रक्रिया शुरू करने के लिए उचित समय मौजूदा सीजेआई की सेवानिवृत्ति की तारीख से एक महीने पहले होता है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने 17 अक्टूबर को केंद्र को अपनी अनुशंसा पत्र भेजा। एमओपी में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, भारत के मुख्य न्यायाधीश की सिफारिश प्राप्त होने के बाद, केंद्रीय विधि, न्याय मंत्री, प्रधानमंत्री को सिफारिश प्रस्तुत करेंगे जो नियुक्ति के मामले में राष्ट्रपति को सलाह देंगे। हालांकि अगले सीजेआई की नियुक्ति पर अंतिम निर्णय तकनीकी रूप से केंद्र के पास है, लेकिन परंपरा के अनुसार केंद्र उसी व्यक्ति को नियुक्त करता है जिसे पीठासीन सीजेआई अपने उत्तराधिकारी के रूप में सिफारिश करता है।

### सर्वोच्च न्यायालय के जजों की जो वरिष्ठता है उसके अनुसार भविष्य में मुख्य न्यायाधीश बनने वाले न्यायाधीशों की सूची निम्न होगी-

| जज | पदभार ग्रहण करने की तिथि (दिन/माह/वर्ष) | सेवानिवृत्ति तिथि (दिन/माह/वर्ष) | कार्यकाल की अवधि |
|---|---|---|---|
| जस्टिस संजीव खन्ना | 11.11.2024 | 13.05.2025 | 184 दिन |
| जस्टिस बीआर गवई | 14.05.2025 | 23.11.2025 | 194 दिन |
| जस्टिस सूर्यकांत | 24.11.2025 | 09.02.2027 | 443 दिन |
| जस्टिस विक्रम नाथ | 10.02.2027 | 23.09.2027 | 226 दिन |
| जस्टिस बी.वी. नागरत्ना | 24.09.2027 | 29.10.2027 | 36 दिन |
| जस्टिस पीएस नरसिम्हा | 30.10.2027 | 02.05.2028 | 186 दिन |
| जस्टिस जेबी पारदीवाला | 03.05.2028 | 11.08.2030 | 831 दिन |
| जस्टिस केवी विश्वनाथन | 12.08.2030 | 25.05.2031 | 287 दिन |


जस्टिस संजीव खन्ना
शपथ ग्रहण
11 नवंबर 2024


सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़
सेवानिवृत्ति
10 नवंबर 2024

**नोट:** ऊपर दी गई टेबल में दी गई तिथियां इस धारणा पर आधारित हैं कि इनमें से प्रत्येक न्यायाधीश मुख्य न्यायाधीश का पद ग्रहण करते समय सर्वोच्च न्यायालय में सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश होंगे। उपरोक्त जानकारी परंपरा में किसी भी बदलाव, समय से पहले इस्तीफा देने या किसी की मृत्यु के आधार आदि पर बदल सकती है।

# योगी के बंटेंगे तो कटेंगे बयान पर संघ की मुहर

- अब मोदी को भी कहना पड़ेगा बंटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे
- देश भर में चल रही संघ की 72354 शाखाएं

कृष्णमोहन सिंह



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे वाले बयान का राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने भी समर्थन कर दिया है। संघ में मोहन भागवत के बाद दूसरे नंबर के नेता, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने मथुरा में संघ की दो दिवसीय वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मं्डल की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि योगी के इस बयान का मतलब हिंदुओं में एकता लाना जरूरी है। हिंदू एकता लोक कल्याण के लिए आवश्यक है। हिंदू को तोड़ने के लिए लोग काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें इसे आचरण में लाना होगा। मालूम हो कि योगी ने एक जनसभा में कहा था कि बटेंगे तो कटेंगे। योगी के इस बयान के बाद विपक्षी दलों ने आलोचना की थी। अब योगी के इस बयान का संघ ने समर्थन किया है। जिसके बाद संघ के कार्यकर्ता कहने लगे हैं कि अब तो पीएम मोदी को भी बंटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे कहना पड़ेगा। संवाददाता सम्मेलन में दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि बीते वर्ष से इस बार संघ की शाखाएं ज्यादा बढ़ी हैं। पूरे देश में संघ की 72354 शाखाएं चल रही हैं। वर्तमान हालात में एकता बनाए रखनी है। कई जगह धर्मांतरण हो रहे हैं। गणेश पूजा व दुर्गा पूजा के समय हमले हुए। इन मामलों में अपनी रक्षा भी करना चाहिए और एकता भी बनाए रखनी चाहिए जिससे शांति बनी रहे। उन्होंने कहा कि ओटीटी को लेकर कानून व नियम आने चाहिए। दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समाज के लोगों के लिए भारत सरकार ने कदम उठाए हैं। दुनिया में कहीं भी किसी भी हिंदू को दिक्कत है तो वो मदद के लिए भारत की तरफ ही देखता है।

उप्र के मुख्यमंत्री योगी के बंटेंगे तो कटेंगे वाले बयान के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि एकता की आवश्यकता है और हमें इसे आचरण में लाना है। लोग इसे समझ रहे हैं और लागू कर रहे हैं। यह हिंदू एकता और लोक कल्याण के लिए बहुत आवश्यक है। दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि लव जिहाद से समाज में समस्या हो रही है। लड़कियों को लव जिहाद के प्रति जागरूक करें। हमारे समाज की बहन-बेटियों को बचाना हमारा काम है। केरल में 200 लड़कियों को लव जिहाद से बचाया गया है। मथुरा के गऊ ग्राम परखम के दीनदयाल उपाध्याय गौ विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र में आयोजित 25 व 26 अक्टूबर की बैठक में संघ के सभी 46 प्रांतों के प्रांत एवं सह प्रांत संघचालक, कार्यवाह तथा प्रचारकों ने भाग लिया। संघ प्रमुख मोहन भागवत मथुरा में इस बैठक के लिए 10 दिन के प्रवास पर हैं। कुछ दिन पहले ही उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बीच उत्तर प्रदेश के मथुरा में लगभग ढाई घंटे तक अहम बैठक हुई थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सह सर संघचालक दत्तात्रेय होसबोले ने मथुरा कृष्ण जन्मभूमि मामले पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि मथुरा का मामला अब न्यायालय में है और हमें उम्मीद है कि न्यायालय इसे जल्दी सुलझाएगा।

# इजरायली हमले को न तो बढ़ाकर पेश किया जाए, न कम करके आंका जाए

एजेंसी

**तेहरान।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला सैय्यद अली खामेनेई ने इजरायली हमले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ईरान के खिलाफ इजरायल के नवीनतम 'शरारती कृत्य' को न तो बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाना चाहिए और न ही कम करके आंका जाना चाहिए। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए के मुताबिक सर्वोच्च नेता ने यह टिप्पणी रविवार को उस समय की जब वे देश की सुरक्षा की रक्षा करते हुए शहीद हुए ईरानी सैन्य कर्मियों के परिवारों से मिले। खामेनेई ने कहा, 'इजरायल ने



शनिवार की सुबह ईरान के खिलाफ किए गए हमले को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया। उनका ऐसा करना गलत है, लेकिन उन्होंने जो किया उसे कम करके आंकना भी गलत है।

ईरानी सुप्रीम लीडर ने यह भी कहा कि इजरायली शासन ईरान के बारे में गलत अनुमान लगा रहा है, क्योंकि उसका अभी भी ईरान और इसके लोगों को जानना, उनकी शक्ति और दृढ़ संकल्प के स्तर को समझना बाकी है।

## एजुकेशन/करियर

आज के समय में मास्टर ऑफ बिजनेश एडमिनिस्टेशन (एमबीए) का कोर्स कर के अपना भविष्य बना सकते है. भारत के हर राज्य में एमबीए के लिए कॉलेज है. जहां से आप एमबीए का कोर्स कर सकते है. कॉलेजों में प्रवेश के लिए केट, मेट, जेट राज्य और संस्थान स्तर की प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाता है. प्रवेश परीक्षाओं को क्वालिफाई करने के बाद ही कॉलेजों में दाखिला मिलता है. वहीं कुछ एसे भी कॉलेज है, जहां प्रवेश परीक्षा का दाखिला मिल जाता है.

# एमबीए खोलता है अपार अवसरों के द्वार



### स्पेसलाइजेशन

- एमबीए इन फाइनेंस
- एमबीए इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट
- एमबीए इन इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी
- एमबीए इन इवेंट मैनेजमेंट
- एमबीए इन मार्केटिंग
- एमबीए इन फैशन डिजाइनिंग
- एमबीए इन होटल मैनेजमेंट

### एमबीए के लिए प्रवेश परीक्षा

- कैट
- जेट
- मेट
- एटीएमए
- सीएमएटी
- टीएस आईसीआईटी
- टीएमसीईटी



## ये है एमबीए के लिए कॉलेज

- भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, बैंगलोर
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, कलकत्ता
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, लखनऊ
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, कोझिकोड
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, इंदौर
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली
- जेवियर लेबर रिलेशंस इंस्टीट्यूट, जमशेदपुर
- प्रबंधन विकास संस्थान, गुड़गांव
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बॉम्बे
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की
- राष्ट्रीय औद्योगिक इंजीनियरिंग संस्थान
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, तिरुचिरापल्ली
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, उदयपुर
- एसपी जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, रायपुर
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, रांची
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, रोहतक
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट, पुणे
- ग्रेट लेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, चेन्नई
- नरसी मोनजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, मुंबई
- आईसीएफएआई फाउंडेशन फॉर हायर एजुकेशन, हैदराबाद
- भारतीय विदेश व्यापार संस्थान, दिल्ली
- टीए पाई इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, मणिपाल
- अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधन संस्थान, दिल्ली
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भारतीय खान विद्यालय, धनबाद
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, शिलांग
- जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जेवियर यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर
- कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी, भुवनेश्वर
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, काशीपुर
- जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली
- राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, तिरुचिरापल्ली
- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी
- बीएमएल मुंजाल विश्वविद्यालय, गुड़गांव
- इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी, गाजियाबाद
- एलायंस यूनिवर्सिटी, बैंगलोर
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, नागपुर
- एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा
- पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़
- फोर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, दिल्ली
- निरमा विश्वविद्यालय, अहमदाबाद
- अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़
- पीएसजी कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर
- बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी, ग्रेटर नोएडा
- गोवा प्रबंधन संस्थान, गोवा
- लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, फगवाड़ा
- लोयोला इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, चेन्नई
- चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, चंडीगढ़
- अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधन संस्थान, कोलकाता
- आईएफएमआर ग्रेजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस, श्री सिटी, आंध्र प्रदेश
- थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, पटियाला
- वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, वेल्लोर
- केजे सोमैया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, मुंबई
- गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, दिल्ली
- बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा
- अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई
- इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी, नागपुर
- इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी, हैदराबाद
- भारतीय वन प्रबंधन संस्थान, भोपाल
- भारती विद्यापीठ प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास संस्थान, पुणे
- अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधन संस्थान, भुवनेश्वर
- आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी, जयपुर
- पेट्रोलियम एवं ऊर्जा अध्ययन विश्वविद्यालय, देहरादून
- जगन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, रोहिणी, दिल्ली
- प्रिंसीपल एल.एन. वेलिंगकर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट डेवलपमेंट एंड रिसर्च, मुंबई
- जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, नोएडा
- कोनेरु लक्ष्मैया एजुकेशन फाउंडेशन, गुंटूर
- विश्वेश्वरैया प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, बेलगावी
- ग्रामीण प्रबंधन संस्थान, आनंद
- जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ
- पंडित दीनदयाल पेट्रोलियम विश्वविद्यालय, गांधीनगर
- चितकारा विश्वविद्यालय, पटियाला
- आईबीएस बिजनेस स्कूल, हैदराबाद
- शैलेश जे मेहता स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बॉम्बे
- प्रबंधन अध्ययन विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली
- सिम्बायोसिस सेंटर फॉर मैनेजमेंट एंड ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट, पुणे
- प्रबंधन अध्ययन संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
- विनोद गुप्ता स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर
- प्रबंधन अध्ययन विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास
- प्रबंधन अध्ययन विभाग, भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलोर
- सार्वजनिक उद्यम संस्थान, हैदराबाद
- त्यागराज स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, थिरुप्परनकुन्द्रम
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ ऑपरेशन्स मैनेजमेंट, नासिक
- लाल बहादुर शास्त्री प्रबंधन संस्थान, दिल्ली
- जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप, बैंगलोर
- श्री धर्मस्थल मंजुनाथेश्वर प्रबंधन विकास संस्थान, मैसूर
- वीआईटी बिजनेस स्कूल, वेल्लोर
- जमनालाल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, मुंबई
- यूनिवर्सिटी बिजनेस स्कूल, पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़
- भारतीय प्रबंधन संस्थान अमृतसर
- पीएसजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, कोयंबटूर
- फ्लेम यूनिवर्सिटी, पुणे
- मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद प्रयागराज
- बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मॉडर्न मैनेजमेंट, पुणे
- दिल्ली स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, दिल्ली
- जिंदल ग्लोबल बिजनेस स्कूल, सोनीपत
- राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान, हैदराबाद
- आईटीएम बिजनेस स्कूल, नवी मुंबई
- भारतीय प्रबंधन संस्थान विशाखापत्तनम
- एमिटी बिजनेस स्कूल, नोएडा
- एससीएमएस कोचीन स्कूल ऑफ बिजनेस, कोचीन
- एसएसएन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, कलवक्कम
- भारतीय प्रबंधन संस्थान बोधगया
- एलएम थापर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, डेरा बस्सी
- अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान, ग्वालियर
- एमएस रामायह इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, बैंगलोर
- राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान राउरकेला
- राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान वारंगल
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट, हैदराबाद
- भारती विद्यापीठ डीम्ड यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, नई दिल्ली
- प्रबंधन अध्ययन संस्थान, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी
- भारतीय प्रबंधन संस्थान सिरमौर
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ डिजिटल एंड टेलीकॉम मैनेजमेंट, पुणे
- मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन, मणिपाल
- स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, हैदराबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद
- यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, जीजीएस आईपी यूनिवर्सिटी, दिल्ली
- अडानी इंस्टिट्यूट ऑफ इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट, अहमदाबाद
- मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर
- केआईआईटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, भुवनेश्वर
- राजगिरी सेंटर फॉर बिजनेस स्टडीज, कोचीन
- एनआईटीटीई स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, बैंगलोर
- एआईएमएस संस्थान, बैंगलोर
- जेवियर इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल सर्विस, रांची
- श्री सत्य साई उच्च शिक्षा संस्थान, प्रशांति निलयम
- सोना स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, सेलम
- एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, चेन्नई
- केएल यूनिवर्सिटी बिजनेस स्कूल, गुंटूर
- अमृता स्कूल ऑफ बिजनेस, कोयंबटूर
- बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, पिलानी
- टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई
- भारतीदासन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, तिरुचिरापल्ली
- जगदीश शेठ स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, बैंगलोर
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, पुणे
- आचार्य बैंगलोर बी-स्कूल, बैंगलोर
- बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल बिजनेस, तथावड़े
- चितकारा बिजनेस स्कूल, पटियाला
- बिजनेस इकोनॉमिक्स विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
- प्रबंधन विज्ञान विभाग, सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय, पुणे
- जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा
- हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय बिजनेस स्कूल, शिमला
- भारतीय प्रबंधन संस्थान जम्मू
- भारतीय प्रबंधन संस्थान संबलपुर
- भारतीय समाज कल्याण एवं व्यवसाय प्रबंधन संस्थान, कोलकाता
- इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एंड रिसर्च, आईपीएस अकादमी, इंदौर